हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
पटना, आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
• रजि नं. - BIHHIN/2017/71972 • पटना • बुधवार • 29 अप्रैल 2026 • वर्ष 8 • अंक 25 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## ‘पूर्व का स्वर्ग’ देखना है तो सिक्किम जरूर पहुंचें पर्यटक -प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गंगटोक में सिक्किम के 50वें स्थापना वर्ष के समापन समारोह में पर्यटन को विकास से जोड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसके लिए कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने पूर्वोत्तर को ‘अष्ट लक्ष्मी’ बताते हुए एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट नीति का उल्लेख किया। साथ ही देशवासियों से सिक्किम आने की अपील की। कार्यक्रम में उन्होंने चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम के दो दिवसीय दौरे के आखिरी दिन आज गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर के विकास के लिए कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे पर तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के दौरान सिक्किम और पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में पर्यटक सिक्किम आने से बचता था। अब राज्य में चार जिला अस्पताल



और 22 आयुष्मान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने सिक्किम के सांस्कृतिक आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के कारण आज जहां देश में भेदभाव पैदा करने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सिक्किम ने ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मोदी ने सिक्किम को ‘पूर्व का स्वर्ग’ और ‘पूर्वोत्तर का गार्डन’ बताया।

उन्होंने कहा कि राज्य में देश की 25 प्रतिशत से अधिक फ्लोरल विविधता पाई जाती है। यहां 500 से अधिक पक्षियों और 700 प्रकार की तितलियों की प्रजातियां हैं। कंचनजंगा की पहाड़ियां राज्य की पहचान को और समृद्ध बनाती हैं। उन्होंने पर्यटकों से सिक्किम आने और यहां के स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि यात्रा के बजट का कम से कम 5 प्रतिशत पर्यटकों को स्थानीय वस्तुओं की खरीद पर खर्च करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यटक जहां जाएं, वहीं का भोजन करें और स्थानीय उत्पादों को खरीदें। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे केंद्र सरकार राज्य के साथ मिलकर खेल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने पर भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्पोर्ट्स अकादमी को पुनर्जीवित किया गया है और खेलो इंडिया तथा फिट इंडिया जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। सिक्किम प्रीमियर लीग जैसे आयोजन भी प्रोत्साहित किए जा रहे हैं। साथ ही 1,000 होमस्टे विकसित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने गंगटोक में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे, संपर्क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इनका उद्देश्य सिक्किम में समग्र और समावेशी विकास को गति देना है। स्वास्थ्य क्षेत्र में नामची के यांगंग में 100 बिस्तरों वाले आयुर्वेद अस्पताल और एनआईटी देवराली में 30 बिस्तरों वाले सोवा रिग्पा अस्पताल की आधारशिला और उद्घाटन किया गया। शिक्षा क्षेत्र में सिक्किम विश्वविद्यालय परिसर, मेडिकल कॉलेज, व्यावसायिक कॉलेज और मॉडल स्कूलों सहित कई संस्थानों का उद्घाटन हुआ तथा 160 स्कूलों में आईटी अवसंरचना शुरू की गई। कनेक्टिविटी के तहत तीस्ता नदी पर दो पुलों की आधारशिला रखी गई और सड़कों के उन्नयन का कार्य शुरू हुआ। बिजली, शहरी विकास और आवास परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ।

## झारखंड में बदला मौसम, बूंदाबांदी से मिली राहत, 30 अप्रैल तक आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट



**एजेंसी, रांची** । झारखंड की राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में मंगलवार सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी ने भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही तेज गर्मी और उमस के बीच मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह के समय हल्की बारिश और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। मौसम विभाग ने 29 और 30 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय दबाव प्रणाली के प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। खुले मैदान, पेड़ों के नीचे, बिजली के खंभों और खुले स्थानों पर खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है, खासकर वज्रपात के समय।

## बिहटा में एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र के उद्घाटन से ‘मेक इन बिहार’ को मिलेगी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री

### रफ्तार पकड़ता बिहार: पटना में टेक्नोलॉजी सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

एजेंसी, पटना

बिहार के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने की पहल के तहत मंगलवार को पटना के बिहटा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र राज्य में तकनीकी प्रशिक्षण, रोजगार सृजन और उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आज का दिन बिहार के औद्योगिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहटा में स्थापित यह प्रौद्योगिकी केंद्र और इसके विस्तार केंद्र आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं और



उद्यमियों को सशक्त बनाएंगे। इससे उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे ‘आत्मनिर्भर भारत’ के विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक ठोस पहल बताया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह टेक्नोलॉजी सेंटर ‘मेक इन बिहार’ के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर अग्रसर है और यह केंद्र उस परिवर्तन का सशक्त प्रतीक बनेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य युवाओं को बेहतर कौशल, आधुनिक संसाधन और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे केवल रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजक भी बन सकें।

## आरजेडी विधायक ओसामा शहाब की अग्रिम जमानत याचिका खारिज, हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे



**एजेंसी, सीवान** । जिले के चर्चित महादेवा थाना में दर्ज मामले में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने राजद विधायक ओसामा शहाब की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के इस फैसले के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। बताया जाता है कि गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के धर्म परसा निवासी डॉ. विनय कुमार सिंह की पत्नी डॉ. सुधा सिंह ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने रघुनाथपुर के राजद विधायक ओसामा शहाब, फरहान, सबीर समेत 30-35 नामजद एवं अज्ञात लोगों पर मारपीट, लूटपाट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही मामला सुर्खियों में बना हुआ है और पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। वहीं, अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद विधायक पक्ष की कानूनी चुनौती और बढ़ गई है। इस संबंध में विधायक ओसामा शहाब के अधिवक्ता नवेन्दु शेखर दीपक ने कहा कि निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अब उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की जाएगी।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में दो बच्चे समेत तीन की हत्या

एजेंसी, मुजफ्फरपुर

बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहबाजपुर मठ के पास सोमवार देर रात 30 वर्षीय महिला रीता देवी और उसकी दो वर्षीय बेटी वैष्णवी और मात्र तीन महीने के बेटे कन्हैया की हत्या कर दी गई। तीनों के शव घर के एक कमरे में बेड पर पड़े मिले हैं। मृतका रीता देवी के पति मिठाई लाल शाह, जो पेशे से कैटरिंग का काम करते हैं, सोमवार रात अपने भाई के साथ बारात में गए हुए थे। देर रात करीब 3:30 बजे जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचने पर उन्होंने कमरे में अपनी पत्नी और दोनों छोटे बच्चों का शव बेड पर पड़ा देखा। पास में एक रस्सी भी पड़ी हुई थी। मिठाई लाल का आरोप है कि एक ही रस्सी का इस्तेमाल



कर तीनों का गला घोंटकर हत्या की गई है। मिठाई लाल शाह और रीता देवी के कुल चार बच्चे हैं। मिठाई लाल शाह ने बताया कि घटना वाले समय दो छोटे बच्चे मां के साथ कमरे में थे, जबकि अन्य दो बच्चे अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई। मृतका की सास उर्मिला देवी ने घटना के लिए गांव के कुछ रिश्तेदारों पर सीधा आरोप लगाया है।

## सुपौल में भीषण अग्निकांड: गैस सिलेंडर विस्फोट से तीन घर राख

एजेंसी, सुपौल

नगर परिषद के वार्ड संख्या एक स्थित पुनर्वास क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण अग्निकांड से अफरा-तफरी मच गई। गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और तीन घरों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि सुनील पंडित और कपिल पंडित के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए।

सिलेंडर विस्फोट के बाद आग की लपटें दूर तक फैल गईं, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटना के दौरान विस्फोट इतना तेज



था कि गैस सिलेंडर का एक टुकड़ा उछलकर पास में रहने वाले धर्मेंद्र के घर के पास जा गिरा। गनीमत रही कि उनके घर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आग लगने के बाद भी दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंची। उनका कहना है कि यदि समय रहते दमकल पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। बाद में दमकल टीम के पहुंचने पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में करीब 3 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और हालात का जायजा लिया। सदर अंचल अधिकारी (सीओ) ने बताया कि क्षति का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को जल्द ही राहत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## स्वाति मालीवाल ने भाजपा में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की



**एजेंसी, नई दिल्ली** । राज्यसभा सांसद एवं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। दिल्ली भाजपा कार्यालय में स्वाति मालीवाल ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मालीवाल ने कहा, “आज काफी महत्वपूर्ण दिन है। मैं भावुक भी हूं, आज भाजपा में शामिल होने का मौका मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर मैं भाजपा में जुड़ी हूं। भाजपा के कार्यों में मुझे बहुत पहले से दिलचस्पी रही है। दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान भाजपा की तरफ से काफी सहयोग मिला था। मैं दिल्ली के लिए अब और जी-जान से काम करूंगी, जैसे हमेशा से करती आई हूं।“ आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आआपा पूरे देश में ड्रामा, झूठ, फ़रेब, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार इसके लिए जानी जा रही है, जो बहुत शर्म की बात है। पिछले 10 सालों में हम देख रहे हैं कि किस तरीके से आआपा के संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली में बहुत ही ज़्यादा लूट मचा रखी थी। बहुत ज़्यादा बुरा हाल कर रखा था।

## ईरान परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष बना, अमेरिका भड़का

**एजेंसी, न्यूयॉर्क** । अमेरिका ने ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर विशेष समिति और परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले ईरान को संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग का भी उपाध्यक्ष चुना जा चुका है। अमेरिका के तेवर संयुक्त राष्ट्र में सोमवार को परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए बनी संधि की समीक्षा शुरू होने पर दिखे। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तीखी बहस हुई। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में हथियार नियंत्रण और अप्रसार मामलों के लिए अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडो ने कहा कि भले ही ईरान के इरादों और उसके परमाणु कार्यक्रम से निपटने के तरीकों को लेकर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन ईरान ने संधि की अवमानना की है।

## अनिल अंबानी समूह की 3,034 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की कंपनियों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के अंतर्गत 3,034.90 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ईडी ने मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड बैंक धोखाधड़ी मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी के मुताबिक कुर्क की गई संपत्तियों में मुंबई का एक फ्लैट, खंडाला का फार्महाउस, सानंद की जमीन, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं। इस तरह रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों में अब तक 19,344 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क



की जा चुकी है। ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आर-इंफ्रा) की हैं। इनमें मुंबई में एक फ्लैट, खंडाला (महाराष्ट्र का एक हिल स्टेशन) में एक फार्महाउस, साणंद (अहमदाबाद) में कुछ भूखंड और आर-इंफ्रा के 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है। ईडी ने कहा कि रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ मामलों में कुर्क की गई संपत्तियों की कुल राशि अब 19,344 करोड़ रुपये हो गई है। समूह के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी और धन के निर्धारित उद्देश्य से इतर उपयोग के आरोपों की ईडी द्वारा जांच की जा रही है।

## शंघाई देशों से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने को मोर्चा बनाने का आह्वान

- ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने दिखाया आतंकवाद के केंद्र अब उचित दंड से बच नहीं सकते : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

शंघाई देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए एकजुट मोर्चा बनाने का आह्वान किया, जिसके तहत आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने भारत के इस दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया कि आतंकवाद के केंद्र अब उचित दंड से बच नहीं सकते। एससीओ को उन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए, जो आतंकवादियों को उकसाते हैं, उन्हें पनाह देते हैं और सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराते हैं। किर्गिस्तान के बिश्केक में मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता नहीं होती, कोई धर्म नहीं होता, इसलिए देशों को इस खतरे के खिलाफ एक दृढ़ और सामूहिक रुख अपनाना चाहिए। क्षेत्रीय और वैश्विक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करना एससीओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक ऐसी वैश्विक आम सहमति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जहां अराजकता, प्रतिस्पर्धा और संघर्ष के बजाय सह-अस्तित्व, सह-जीवन और करुणा को प्राथमिकता मिले। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य-प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इस मामले में दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। आतंकवाद-रोधी प्रयासों को एससीओ का बुनियादी सिद्धांत बताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस संगठन ने इस खतरे के खिलाफ साझा लड़ाई में ऐसे कृत्यों और विचारधाराओं की निंदा की है।



## ईरान के विदेशमंत्री अराघची 48 घंटे में तीसरी बार पहुंचे पाकिस्तान, रूस भी मध्यस्थता को तैयार

एजेंसी, तेहरान/मास्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 27 अप्रैल को मुलाकात करने के बाद ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची एक बार फिर पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान ने अमेरिका के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य पर चल रहे टकराव के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। पुतिन ने कहा कि रूस मध्य पूर्व में जल्द से जल्द शांति सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने को तैयार है। ईरान के प्रेस टीवी और रूस की समाचार एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, अराघची के पाकिस्तान पहुंचने के बाद अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने को लेकर अटकलें तेज हो गई है। दोनों देशों के बीच पाकिस्तान



मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। वह ईरान-अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत को आगे बढ़ाने में सक्रिय है। अराघची मंगलवार को रूस दौरे के बाद एक बार फिर 48 घंटे में तीसरी बार पाकिस्तान पहुंचे हैं। इससे पहले अराघची रविवार रात पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख मुनीर से मिलने के बाद इस्लामाबाद से सीधे रूस रवाना हुए थे। उन्होंने कल सेंट पीटर्सबर्ग में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे बैठक हुई। ईरान के विदेशमंत्री ने कहा कि बैठक में युद्ध और आक्रामकता से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने ईरान-रूस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी बताया और संकट के दौरान रूस के समर्थन के लिए आभार जताया। पुतिन ने भी पश्चिम एशिया में शांति बहाली के प्रयासों का समर्थन करने की बात कही और उम्मीद जताई कि जल्द ही क्षेत्र में स्थिरता लौटेगी। उन्होंने कहा कि रूस ईरान के हितों को आगे बढ़ाएगा। पुतिन ने अराघची के साथ मुलाकात में कहा कि रूस मध्य पूर्व में शांति सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने को तैयार है। रूसी नेता ने कहा कि ईरानी लोग अपनी संप्रभुता के लिए साहस और वीरता के साथ लड़ रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान मुश्किलों और चुनौतियों के इस दौर से पार पा लेगा और वहां शांति स्थापित होगी।”

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने 50 पुलिसकर्मियों का सैलरी रुका

**बांका।** बांका जिले में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने सख्त कदम उठाए हैं। कांडों के निष्पादन में लापरवाही और समय पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप में जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी क्षेत्रों के कुल 50 अनुसंधानकर्ताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। सभी का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई केवल अनुसंधानकर्ताओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि तीन थानाध्यक्षों पर भी गाज गिरी है। एससी/एसटी थाना, बौंसी थाना और फुल्लीडुमर थाना के थानाध्यक्षों का वेतन भी कांडों के निष्पादन में ढिलाई बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। इस कदम को पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में सुधार और जवाबदेही तय करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**शोकॉज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गयाः** इसके अलावा 19 अनुसंधानकर्ताओं को शोकॉज नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कांडों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सख्त कार्रवाई के बाद जिले के पुलिसकर्मियों में सतर्कता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि इससे लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी।

### पिकअप की टक्कर से आइसक्रीम विक्रेता की मौत

**बांका।** बांका में सोमवार की शाम पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार आइसक्रीम विक्रेता की मौत हो गई। घटना रजौन थाना क्षेत्र में पुनसिया चौक के पास हुई। मृतक की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र के चंगेरी मिर्जापुर निवासी गणेश बिंद(45) के रूप में हुई है। गणेश बिंद साइकिल से धौनी बाजार आइसक्रीम बनाने का सामान खरीदने जा रहे थे। वह सामग्री खरीदकर कुल्फी बनाते और बाराहाट क्षेत्र में बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुनसिया चौक के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

**गांव के युवक ने सड़क पर तड़पता देखाः** हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल सुनसान होने के कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। गंभीर रूप से घायल गणेश सड़क किनारे काफी देर तक पड़े रहे। बाद में, गांव के एक युवक ने उन्हें देखा और गणेश बिंद के रूप में पहचान कर पुलिस तथा परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गणेश को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बांका भेज दिया है।

**पिकअप चालक वाहन लेकर फरारः** गणेश बिंद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी पत्नी रेणु देवी और चार पुत्रियां हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। परिवार के सामने अब भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष राजरतन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 18 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**बांका।** बांका के रजौन प्रखंड स्थित सोहानी गांव में सोमवार देर रात एक सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें 18 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। यह आयोजन महात्मा भोली बाबा के आशीर्वाद से कन्हैया मंडली के तत्वावधान में स्वर्गीय सदानंद सिंह की स्मृति में किया गया। सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि को साक्षी मानकर हिंदू रीति-रिवाज से सात फेरे लिए। यह सामूहिक विवाह समारोह वर्ष 2007 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। मंगल गीतों और बैंड-बाजे के साथ बारात पुनसिया से सोहानी गांव पहुंची।

**अतिथि का अंग वस्त्र देकर किया गया स्वागतः** समारोह में पूर्व मंत्री सरवन कुमार, भागलपुर सांसद अजय मंडल, बांका विधायक रामनारायण मंडल और कहलगांव विधायक सुभानंद मुकेश सहित डॉ. हर्षवर्धन जैसे मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उनका फूलमाला, मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। विवाह के लिए 18 अलग-अलग मंडप तैयार किए गए थे। पंडितों ने सभी मंडपों में विधिवत वरमाला और सात फेरे सहित अन्य रस्में पूरी कराईं। ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया, जबकि महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाए।

**दहेज प्रथा पर रोक लगाना उद्देश्यः** मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। ये दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर रोक लगाने और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने में सहायक होते हैं। उन्होंने इस आयोजन को सामाजिक एकता और समरसता को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

### भामाशाह जयंती के आयोजन की तैयारी, समिति बनाई गई

**भागलपुर।** दानवीर भामाशाह विचार मंच के बैनर तले पटेल बाबू रोड स्थित बिहारी लाल के आवास पर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विवेकानंद गुप्ता ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भामाशाह की जयंती 9 मई को टाउन हॉल में बड़े पैमाने पर मनाई जाएगी। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए एक प्रारंभिक समिति बनाई गई, जिसका विस्तार आगे किया जाएगा। समिति के संयोजक डॉ बिहारी लाल, प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी राकेश रंजन केसरी तथा स्वागताध्यक्ष की जिम्मेदारी महापौर वसुंधरा लाल को सौंपी गई। बिहारी लाल ने जनसंपर्क तेज करने और सूचना व्यापक रूप से पहुंचाने का आग्रह किया। साथ ही सदस्यों से कहा गया कि वे अपने स्तर पर अन्य लोगों को जोड़ें। केसरी के अनुसार कार्यक्रम में बिहार और केंद्र स्तर के मंत्रियों को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं, जिनमें नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी को बुलाने का प्रयास भी शामिल है। कुणाल व सिद्धार्थ शाह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैठक में ये उपस्थित रहे बैठक में कमल जायसवाल ,नंदकिशोर पंडित ,रजनीश शाह ,दीपक शाह, विवेकानंद गुप्ता, अंजना प्रकाश , रेखा साह, रूप रानी साह, कामेश्वरी प्रसाद ,रामदेव साह, अरुण साह मुन्ना साह, सुनील कुमार साह, अशीष शाह समेत कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### 830 ली. शराब व मिलावट का सामान बरामद

**बेगूसराय।** शराबबंदी के बीच तस्करों ने अब 'छिपे ठिकानों' का सहारा लेना शुरू कर दिया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के स्वामी सहजानंद नगर में एक अर्धनिर्मित मकान को शराब की मिनी फैक्ट्री बना दिया गया था। गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी में पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ मिलावट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। थानाध्यक्ष अजय शंकर को सूचना मिली थी कि निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना मिलते ही टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस की अचानक कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया और वे मौके से फरार हो गए। छापेमारी में क्या-क्या मिला : पुलिस के अनुसार मौके से 830 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इसके अलावा 660 किलो मिनरल पाउडर और 350 लीटर तरल पशु कैल्शियम भी बरामद हुआ, जिसका उपयोग शराब में मिलावट के लिए किया जा रहा था। बरामद सामग्री से साफ है कि यहां बड़े पैमाने पर शराब की गुणवत्ता से छेड़छाड़ कर उसे बाजार में खपाने की तैयारी थी।

**कैसे चलता था पूरा नेटवर्कः** प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अर्धनिर्मित मकान को जानबूझकर चुना गया था, ताकि लोगों की नजर कम पड़े और गतिविधियां आसानी से चल सकें। आशंका है कि यहां बाहर से लाई गई शराब में मिलावट कर उसे अधिक मात्रा में तैयार कर सप्लाई किया जाता था। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि इस नेटवर्क का कनेक्शन जिले के बाहर तक तो नहीं फैला है। मकान मालिक और 'मास्टरमाइंड' की तलाशः थानाध्यक्ष अजय शंकर ने बताया कि मकान किसका है और इस अवैध धंधे के पीछे असली सरगना कौन है, इसकी जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर उन संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, जो अक्सर इस मकान में आते-जाते देखे जाते थे।

# प्रेमी के घर प्रेमिका ने किया हंगामा, 6 दिन पहले की थी शादी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**भागलपुर।** भागलपुर में प्रेमिका ने आज अपने प्रेमी के घर पहुंच कर जमकर हंगामा किया। मामला, गोराडीह थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत पयालगढ़ गांव का है। दोनों के बीच पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 22 अप्रैल 2026 को दोनों ने एक मंदिर में चुपके से शादी भी कर ली। दोनों ने तय किया था कि एक साल बाद अपने-अपने परिजनों को शादी के बारे में बताएंगे। लेकिन, लड़के के मोबाइल में शादी की तस्वीरें मिलने के बाद उसके परिवार वालों ने लड़की को स्वीकार करने से मना कर दिया। लड़के की मां और बहन लड़की को छोड़ने का दबाव बनाने लगीं। लड़का, लड़की दोनों एक दूसरे के साथ रहना चाहते हैं। लड़की घोंघा थाना क्षेत्र की रहने वाली अनमोल उर्फ मनीष (18) है। वह कुर्मी जाति से है। वहीं, लड़का प्यालगढ़ गांव निवासी रोहित कुमार (20) है, जो शर्मा है। दोनों का कास्ट अलग-अलग होने के कारण रोहित के परिजन इस रिश्ते को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

**हंगामा करने पर दरवाजा किया बंदः** आज लड़की के हंगामा करने पर लड़के के परिजनों ने घर का दरवाजा बंद कर लिया और कहा कि रोहित घर पर नहीं है। बाद में पता चला कि रोहित घर से बाहर है। जब लड़की ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो रोहित के जीजा ने आश्वासन दिया कि रोहित के आने पर बैठकर बातचीत की जाएगी। फिलहाल, मामले को लेकर तनाव बना हुआ है। रोहित के चचेरे भाई की शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे का नंबर लिया और बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। 22 अप्रैल 2026 को दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया। इस विवाह में रोहित के दोस्त, काशील निवासी नीरज भी मौजूद थे। नीरज ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में शादी का पूरा फुटेज कैद है। इसके अलावा, लड़के के मोबाइल में भी शादी का वीडियो था। लड़की का आरोप है कि लड़के के परिजनों ने मोबाइल तोड़ दिया, जिसके कारण उसके पास फिलहाल कोई सबूत नहीं है। अनमोल उर्फ मनीष ने बताया कि पिछले एक से दोनों के बीच प्रेम संबंध था। अब लड़के के परिजन उसे स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। उसका आरोप है कि रोहित पर भी परिवार की ओर से दबाव बनाया जा रहा है। यहां तक कि उसे यह कहा गया कि यदि वह उसे घर लेकर आएगा, तो उसकी बहन आत्महत्या कर लेगी। अब, जब लड़के के परिजन उसे पहचानने से इनकार कर रहे हैं, तो वह न्याय की मांग कर रही है।

# एक्जीक्यूटिव ऑफिसर की गोली मारकर हत्या


कृष्णा भूषण कुमार
मृतक
राज कुमार गुड्डू
घायल

- सभापति को सिर में मारी बुलेट, नगर परिषद ऑफिस में अंधाधुंध फायरिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में आज अपराधियों ने घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण कुमार की लगने से मौत हो गई है। नगर परिषद के सभापति राज कुमार गुड्डू के सिर में गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने नगर परिषद कार्यालय में घुसते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी की आवाज सुनते ही कार्यालय परिसर में हंगामा हो गया। इस बीच नगर परिषद के कर्मचारी और वार्ड पार्षद एकजुट होकर ऑफिस की ओर दौड़े। लेकिन, बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद दोनों को तत्काल सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉ. कुंदन भाई पटेल ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया। रास्ते में ही एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कृष्णा भूषण कुमार की मौत हो गई है। सभापति राज कुमार गुड्डू के सिर में गोली लगी है, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। भागलपुर SSP प्रमोद कुमार DSP और कई थाने की पुलिस मौके के लिए रवाना हुई है। पुलिस ने पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है, पुलिस चप्पे चप्पे पर छापेमारी कर रही है।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद अलर्ट मोड में प्रशासन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के बरारी स्थित सरकारी कुक्कुट पालन केंद्र में 2 अप्रैल से अब तक 2700 मुर्गों की मौत हो चुकी है। पशुपालन विभाग की जांच रिपोर्ट भी सामने आई है, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। जिसके बाद प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। मंगलवार को पटना से आई नौ सदस्यीय टीम ने पूरे परिसर को सैनिटाइज किया। परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है। साथ ही, एपिसेंटर से एक किलोमीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के पक्षियों की खरीद-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा, 10 किलोमीटर के दायरे में भी निगरानी बढ़ा दी गई है। टीम सुबह से लगातार सैनिटाइजेशन कार्य में जुटी हुई है।

**जिला प्रशासन की ओर से आदेश जारीः** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि बर्ड फ्लू प्रभावित क्षेत्र को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संक्रमण के केंद्र और उसके एक किलोमीटर के दायरे को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर से आदेश जारी किया जा चुका है।

**प्रवासी पक्षियों के संपर्क से वायरस का संक्रमणः** प्रतिबंधित क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्रवाई जिला पशुपालन पदाधिकारी की देखरेख में की जा रही है। प्रभावित क्षेत्र में सैनिटाइजेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। ताकि संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। प्रक्षेत्र के आसपास हरियाली और सुंदरवन क्षेत्र होने के कारण साइबेरियन सहित अन्य प्रवासी पक्षियों का आना-जाना लगा रहता है। आशंका है कि इन्हीं प्रवासी पक्षियों के संपर्क से वायरस का संक्रमण फैला हो।

**सावधानी बरतने की अपीलः** निदेशक अरविंद कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। अच्छी तरह पकाया गया चिकन और अंडा पूरी तरह सुरक्षित है। भारतीय खानपान पद्धति में मांस को लगभग 100 डिग्री सेल्सियस पर पकाया जाता है, जबकि यह वायरस 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर ही निष्क्रिय हो जाता है। इसलिए पका हुआ चिकन और अंडा खाने में कोई खतरा नहीं है। अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय सावधानी बरतने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

# कलश यात्रा में उमड़ी 5000 श्रद्धालुओं की भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर शहर के बरारी स्थित ग्रीन सिटी कॉलोनी में आज मंगलवार को करीब 5000 भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। कल बजरंगबली की प्रतिमा का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का माहौल है। कॉलोनी को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और मंदिर परिसर में अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से एक दिन पहले आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्रीन सिटी कॉलोनी से सैकड़ों महिलाओं और श्रद्धालुओं की टोली बरारी पुल घाट के लिए रवाना हुई। महिलाएं सिर पर कलश लेकर गंगाजल भरने पहुंचीं। वहां वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद गंगाजल लेकर फिर से ग्रीन सिटी कॉलोनी लौटीं। पूरे मार्ग में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में महिलाओं की भारी भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। यात्रा का नेतृत्व सुनील कुमार मंडल ने किया।

**पिछले कई दिनों से तैयारी चल रहीः** उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। मंदिर समिति और स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजन को भव्य रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सामुदायिक एकजुटता का भी प्रतीक है। मंडल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अष्टयाम, हवन-पूजन और अन्य वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न किए जाएंगे। वैदिक आचार्यों के निर्देशन में होने वाले इन अनुष्ठानों के बाद विधिवत मंत्रोच्चार के साथ बजरंगबली की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजन के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए जाएंगे।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज, अपर समाहर्ता ने स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं किया पंजीकरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया के जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा ने आगामी जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूरा कर लिया है। उन्होंने इस कदम के साथ जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस डिजिटल सुविधा का उपयोग करें और राष्ट्रीय जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग दें। यह पहल जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के उद्देश्य से की गई है। अपर समाहर्ता झा ने बताया कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक अपने परिवार से संबंधित सभी विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

**डेटा की सटीकता-पारदर्शिता होगी सुनिश्चितः** इसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, आयु, शिक्षा, व्यवसाय और आवासीय स्थिति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नागरिकों को घर बैठे जानकारी दर्ज करने का अवसर देती है, जिससे पारंपरिक तरीकों की तुलना में समय और संसाधनों की बचत होगी। यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित है, जो डेटा की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। जनगणना 2027 भारत की पहली पूर्ण रूप से डिजिटल जनगणना होगी। इसके पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस (HLO) के तहत स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर ओटीपी सत्यापन के माध्यम से परिवार का विवरण भर सकते हैं।

**प्रगणकों के साथ सहयोग करने की अपीलः** पंजीकरण के बाद एक अद्वितीय एसई आईडी (SE ID) जनरेट होती है, जिसे प्रगणक के घर आने पर दिखाना होगा। अपर समाहर्ता ने यह भी बताया कि प्रगणक जल्द ही जिले के हर घर पहुंचेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे प्रगणकों के साथ पूर्ण सहयोग करें और सही-सही जानकारी प्रदान करें। झा ने जोर देकर कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय कर्तव्य है। नागरिकों द्वारा दी गई सही जानकारी से सरकार को विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीति निर्माण में सही दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे राज्यों में सटीक जनसांख्यिकीय डेटा विकास की गति को और तेज करेगा। जिला प्रशासन स्व-गणना को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है और सरकारी कर्मचारियों को भी स्व-घोषणा पत्र भरने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आम लोगों में जागरूकता फैले। अनिल कुमार झा ने अंत में अपील की, "आइए, हम सब मिलकर इस डिजिटल जनगणना को सफल बनाएं। स्व-गणना का उपयोग करें, जानकारी सही दें और प्रगणकों का स्वागत करें। आपका एक छोटा सहयोग देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा।

# रंगदारी-गोलीबारी के आरोपी को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में बदमाशों में रंगदारी और गोलीबारी के एक आरोपी को गोली मारकर घायल कर दिया है। जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल की पहचान महेशवाड़ा गांव निवासी पिंकू सिंह के पुत्र अंकित कुमार (22) के तौर पर हुई है। घटनास्थल से एक खोखा मिला है। घटना नावकोठी थाना क्षेत्र की है। सोमवार सुबह करीब 3:00 बजे अंकित को गोली मारी गई थी। पुलिस को इसकी सूचना दोपहर बाद मिली। स्थानीय लोगों को भी इसका पता देर शाम चला। इसके बाद तरह-तरह की चर्चा चल रही है। एसपी मनीष के निर्देश पर बखरी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**सिर में लगी बुलेटः** FSL की टीम ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की है। बताया जा रहा है की अंकित पर अपने गांव महेशवाड़ा के ही दो वार्ड सदस्य सहित चार लोगों ने घर पर चढ़कर गोलीबारी करने और रंगदारी मांगने का आरोप है। इस मामले में जेल भी गया था। मार्च में जमानत पर बाहर आया था। जानकारी के मुताबिक रात में अंकित अपने घर में सोया था। इसी दौरान करीब 3:00 बजे बदमाशों ने बाहर से खिड़की खोलकर गोली चला दी। जिसमें एक गोली उसके सिर में लग गई। परिजनों ने गांव के ही दो युवक सहित चार लोगों पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने का आरोप लगाया है।

**जान से मारने की धमकी मिली थीः** अंकित ने बताया है कि मिंटू खिड़की के रास्ते मेरे कमरे में घुस रहा था। आवाज सुनकर हल्ला मचाया। जिसके बाद उसने पिस्टल निकाल कर फायरिंग कर दी। बहुत दिन पहले उससे झगड़ा हुआ था। जेल से बाहर निकलने के बाद उससे कोई मतलब नहीं रखता था। गोली मारने वाला आरोपी सड़क पर लूटपाट सहित अन्य अपराध भी करता है। हमसे अभी कोई दुश्मनी नहीं था। मुखिया से विकास योजना का काम लेने को लेकर पहले विवाद हुआ था। जिसमें उसने केस भी किया था। जेल जाने से पहले उसने कहा था कि अभी जेल भेज रहे हैं। बाहर निकल कर आओगे तो गोली मार देंगे। हमको नहीं लगता था कि वह गोली चलाएगा, लेकिन जान मारने की नीयत से गोली चला दिया। बुलेट सिर में लगी, लेकिन अब लगता है कि जान बच गई। मारने वाला तीन-चार की संख्या में था, जिसमें दो को पहचानता हूं। पहले हम प्राइवेट नौकरी करते थे। जेल से निकलने के बाद खेती-किसानी करते हैं।

**बेटा घर पर ही रहता थाः** घायल के पिता पिंकू सिंह ने बताया कि अंकित बीच वाले कमरे में सोता है। गर्मी के कारण खिड़की खोले हुए था। सुबह करीब 3:00 बजे जोरदार आवाज सुनकर हम पति-पत्नी दौड़े तो, अंकित एक बार बोला कि हमको मार दिया, फिर बेहोश हो गया। तीन-चार लोगों को हम घर के बगल से भागते हुए देखा। हमको यह अंदाजा नहीं था कि मेरे बेटे को ही गोली मारा होगा। हम उस समय पुलिस को सूचना नहीं दिए। उसको लेकर तुरंत प्राइवेट अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जब होश आया तो पुलिस को सूचना दिए। अंकित ने एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर 6-7 महीना प्राइवेट नौकरी किया। कुछ दिन के बाद गांव में ही रहने लगा। वह दुकान खोलना चाहता था, लेकिन गांव के कुछ लोगों की संगति में गड़बड़ा गया। हम बिजली विभाग में मानव बल का काम करते हैं, आज तक कभी किसी का नहीं बिगाड़े हैं। जेल से आने के बाद वह कहीं जाता नहीं था। घर पर ही रहता था।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** वहीं, एसपी मनीष ने बताया कि सोमवार को नावकोठी थाना को सूचना मिली कि महेशवाड़ा वार्ड नंबर-2 में एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी है।

# 'चिकित्सा आपके द्वार' अभियान शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- डीएम के निर्देश पर घर-घर हो रही बीपी-शुगर की जांच, 30 से अधिक उम्र वालों के लिए अनिवार्य

**अररिया।** अररिया जिला पदाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर जिले की सभी पंचायतों में 'चिकित्सा आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की घर-घर जाकर बीपी और शुगर की जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रारंभिक चरण में इन बीमारियों का पता लगाकर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। भारत सरकार और बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार, 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की बीपी, शुगर और कैंसर की स्क्रीनिंग की जानी है। बीपी और शुगर जैसी बीमारियां अक्सर शुरुआती चरणों में पता नहीं चल पातीं, जिससे बचाव और इलाज में देरी होती है। गंभीर स्थिति में जानकारी मिलने पर मरीजों को आर्थिक बोझ के साथ-साथ जान का भी खतरा रहता है।

**समीक्षा बैठक में सुझावों के बाद लिया गया निर्णयः** स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में प्राप्त सुझावों के बाद, जिलाधिकारी ने सभी पंचायतों में एएनएम द्वारा घर-घर जाकर बीपी और शुगर की जांच करने का निर्देश दिया। इस अभियान को 'चिकित्सा आपके द्वार' नाम दिया गया और इसे एक महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में, जिले के सभी प्रखंडों में माइक्रोप्लान बनाकर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**बीपी-शुगर के मरीज होने पर दोबारा होगा टेस्टः** जांच के दौरान बीपी और शुगर के मरीज पाए जाने पर, उन्हें स्वास्थ्य संस्थान में दोबारा जांच कर पुष्टि की जाएगी। इसके बाद उनके इलाज की व्यवस्था की जाएगी और दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। समय-समय पर उनकी पुनः जांच भी की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रत्येक वार्ड में आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए अलग से पंजी संधारित की जा रही है और प्रखंडों से दैनिक रिपोर्ट भी प्राप्त की जा रही है। बिहार के अररिया जिले में घर-घर जाकर बीपी और शुगर की जांच की यह एक नई पहल है। जिलाधिकारी, अररिया के निर्देश पर यह कार्यक्रम शुरू करने वाला अररिया राज्य का पहला जिला बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगजनों के लिए सुनहरा अवसरः 30 अप्रैल को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 30.04.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में दिव्यांगजनों के लिए एकदिवसीय रोजगार कैम्प-सह-करियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। इस रोजगार कैम्प में 02 नियोजक—एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, नवादा एवं एलआईसी लिमिटेड, नवादा—भाग लेंगे। इनके माध्यम से यूनिट मैनेजर, लाइफ मित्र एवं बीमा सखी के कुल 35 रिक्त पदों पर नियोजन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। नियोजन कैम्प में मैट्रिक से लेकर स्नातक (ग्रेजुएशन) तक की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले दिव्यांग अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 60 वर्ष निर्धारित की गई है तथा कार्यस्थल नवादा होगा। इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र (आईडी कार्ड) की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ कैम्प स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। यह अनिवार्य है कि अभ्यर्थी राष्ट्रीय करियर सेवा (NCS) पोर्टल पर निबंधित हों। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में निबंधन कराकर कैम्प में भाग ले सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं तथा नियोजन की शर्तों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता की होगी।

### मातृ—शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए आईआईटी पटना में विशेषज्ञों का हुआ राज्य स्तरीय संवाद

**कटिहार/पटना।** बिहार में मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'एडवांसिंग मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ इन बिहार' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी पटना और वीमेंस कलेक्टिव फोरम, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के सीनेट हॉल में संपन्न हुआ। पटना आईआईटी में ह्यूमैनिटी साइंस की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पापिया राज ने कहा कि इस कार्यशाला का एक मुख्य उद्देश्य यहां उपस्थित 100 से अधिक फ्रंट लाइन वर्करों,आशा व आंगनबाड़ी दीदियों को सामाजिक परिप्रेक्ष्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की महत्ता बतलाना था,ताकि वे एक अग्रिम दूत बनकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी ला सकें। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि महावीर कैंसर संस्थान की एमडी,डॉ. मनीषा सिंह, पटना आईआईटी में ह्यूमैनिटी साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आदित्य राज,डॉ पापिया राज व यूनिसेफ बिहार के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. रेड्डी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़े आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह ने कहा कि तकनीक और चिकित्सा के समन्वय से ही बिहार के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जा सकती है। मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा सिंह ने अपने की नोट संबोधन में राज्य में कैंसर, मातृत्व स्वास्थ्य और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता पर बल दिया, वहीं डॉ. एस.एस. रेड्डी ने राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक संवेदनशील बनाने की आवश्यकता बताई। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों ने बिहार के स्वास्थ्य परिदृश्य का गहन विश्लेषण किया। प्रथम सत्र में डॉ. आदित्य राज की अध्यक्षता में 'मातृ स्वास्थ्य' पर केंद्रित चर्चा हुई, जिसमें मातृ सेवा सदन की डॉ. दीपांविता भट्टाचार्जी, ईएसआईसी बिहटा की डॉ. आकांक्षा सुमन और आईआईटी की डॉ. प्रीति सिंह ने सुरक्षित प्रसव और प्रसव पूर्व देखभाल की बारीकियों को साझा किया।

वहीं, डॉ. राजीव कमल ने स्वास्थ्य सेवाओं की सामाजिक पहुंच पर अपनी बात रखी। अगले चरण में डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 'शिशु स्वास्थ्य' पर विमर्श हुआ, जहाँ एनएमसीएच के डॉ. शंभू कुमार ने बच्चों में कुपोषण और टीकाकरण की अनिवार्यता पर जोर दिया। इसी क्रम में आईसीडीएस निदेशालय की जया मिश्रा ने सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन और डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के राज्य समन्वयक श्री अमन ने स्वास्थ्य सेवाओं में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। डॉ. उदित सतीजा ने चिकित्सा क्षेत्र में इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की। समारोह के समापन सत्र में कुल 227 प्रतिभागियों और शोधार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. ए. अली (पीआईसी मेडिकल) और विजय कुमार (डिप्टी रजिस्ट्रार) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक और प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. पापिया राज ने सभी विशेषज्ञों और आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कार्यशाला के निष्कर्षों को नीतिगत सुधारों के लिए सरकार को भेजा जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित थे।

### डीएम को सीएमए हाउस के नाम पर फोन करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**शिवहर।** मुख्यमंत्री आवास का नाम लेकर जिलाधिकारी प्रतिभा रानी को गुमराह करने और पैरवी के लिए दबाव बनाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस जालसाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मोबाइल नंबर 8294913288से जिलाधिकारी के आधिकारिक नंबर पर कॉल आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुख्यमंत्री आवास का अधिकारी बताते हुए किसी विशिष्ट मामले में पैरवी की बात कही। कॉल कटने के बाद जिलाधिकारी को संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री आवास से संपर्क कर इस कॉल की सत्यता जांची। वहां से स्पष्ट किया गया कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से ऐसा कोई निर्देश या कॉल नहीं दिया गया है। मामला फर्जी पाए जाने पर डीएम ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। समाहरणालय में तैनात होमगार्ड जवान सतीश कुमार के आवेदन पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ट्रू-कॉलर पर नंबर की पहचान अनमोल गिरि के नाम से हुई है। जो हाजीपुर का रहने वाला बताया गया है 1 थानाअध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस तकनीकी सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर रही है। जल्द ही जालसाज को गिरफ्तार किया जायेगा 1

### पीएम श्री जवाहर विधालय में मासिकधर्म स्वच्छता प्रबंधन पर कार्यशाला

**शिवहर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिसाही, प्रखंड शिवहर में कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं के लिए "मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और संकोच को दूर करना, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित, स्वच्छ और वैज्ञानिक प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता के महत्व, इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, सही देखभाल, उपयोगी उपायों और उपलब्ध सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिसाही द्वारा वाटर फॉर पीपल के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य प्रभारी श्री विवेक शरण, सी फॉर डी स्पेशलिस्ट श्री सफदर अली, डिस्ट्रिक्ट सपोर्ट स्पेशलिस्ट वाटर फॉर पीपल श्री आशीष कुमार, जिला सहयोग सहायक अमित कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर वन स्टॉप सेंटर महिला विकास निगम रानी कुमारी एवं नोडल शिक्षिका अर्चना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने छात्राओं को खुले मन से सवाल पूछने, स्वस्थ आदतें अपनाने और अपने आसपास की बालिकाओं को भी जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। छात्राओं ने इस पहल को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं को समझने और सही तरीके से निपटने में मदद मिली। उन्होंने नियमित रूप से ऐसे जागरूकता सत्र आयोजित करने की मांग भी रखी।

# रजौली केजीएस मैरेज हॉल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान जलकर राख, बाल-बाल चले लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली एनएच-20 किनारे महादेव मोड़ के समीप स्थित केजीएस मैरेज हॉल में मंगलवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए की सामग्री जलकर राख हो गई। अग्निशमन कर्मियों की तत्परता और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

**ऊपरी मंजिल पर लगी आग, सोलर पैनल का इंवर्टर और बैटरी खाक :-** आगलगी की घटना मैरेज हॉल की सबसे ऊपरी मंजिल पर हुई। वहां सोलर पैनल का कंट्रोल रूम बना हुआ था। कंट्रोल रूम में सोलर पैनल का इंवर्टर और चार बड़े बैटरी के साथ अन्य कई ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। शॉर्ट सर्किट के कारण सबसे पहले इंवर्टर में आग लगी और देखते ही देखते पूरे कंट्रोल रूम को चपेट में ले लिया। आग से इंवर्टर, चारों बैटरी और अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। साथ ही मैरेज हॉल में लगा एक डिजिटल जेनरेटर भी शॉर्ट सर्किट की चपेट में आकर खराब हो गया।

**सुबह सात बजे दी गई सूचना, तीन गाड़ियां पहुंची मौके पर :-** मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे आग लगने की जानकारी केजीएस मैरेज हॉल के मालिक सुरेन्द्र कुमार को मिली। उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को कॉल कर सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सबसे पहले अग्निशमन कर्मियों ने पूरे मैरेज हॉल को खाली करवाया ताकि कोई जनहानि न हो। इसके बाद टीम संकीर्ण सीढ़ियों से होते हुए ऊपरी मंजिल पर पहुंची। सोलर पैनल के कंट्रोल रूम में लगी



आगलगी के बाद सफाई में जुटे लोग

आग को बुझाने में कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

**मौके पर मौजूद रहे अधिकारी और कर्मी :-** इस अभियान में सब ऑफिसर निर्भय कुमार के साथ प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा व मनीष कुमार, अग्निक चालक टुन्ना कुमार गुप्ता व बिट्टू कुमार, अग्निक उत्तम कुमार, शमशेर अंसारी, राकेश कुमार, रामपाल, मंटू कुमार सिंह, अरविंद कुमार एवं सुधांशु कुमार मौजूद रहे। सभी ने मिलकर समय रहते आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

**बड़ा हादसा टला :-** गनीमत रही कि घटना सुबह के समय हुई जब हॉल में कोई कार्यक्रम नहीं चल रहा था। अगर लग्न के दिन भीड़ के समय यह हादसा होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन कर्मियों की तत्परता की सराहना की है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

**रजौली में मैरेज हॉल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी :-** रजौली मुख्यालय में दर्जनों मैरेज हॉल हैं। शादियों के लग्न में ये मैरेज हॉल मोटी रकम पर किराए पर लगाए जाते हैं। लेकिन अधिकतर हॉल में फायर सेफ्टी के मानकों को दरकिनार कर दिया जाता है। न फायर उपकरण लगे होते हैं, न निकासी की उचित व्यवस्था। इससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :-** इस संबंध में फायर ऑफिसर रविंद्र राम ने बताया कि अग्निशमन विभाग द्वारा मैरेज हॉल और रेस्टोरेंट संचालकों को कई बार अग्निसुरक्षा को लेकर हिदायत दी गई है। जागरूकता अभियान भी चलाए गए हैं। इसके बावजूद संचालक केवल मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं और सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा कि अगर मैरेज हॉल और रेस्टोरेंट संचालकों ने मानकों का पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पदाधिकारी द्वारा नारद संग्रहालय का निरीक्षण, नए भवन निर्माण एवं पांडुलिपि संरक्षण पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा नारद संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक अभिलेखों, दुर्लभ कलाकृतियों एवं अन्य सांस्कृतिक धरोहरों का गहन अवलोकन किया तथा उनके संरक्षण एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नारद संग्रहालय के नए भवन के निर्माण की योजना तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि नए भवन के डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन हेतु भवन निर्माण निगम द्वारा निविदा जारी की गई है, जो 06 मई 2026 को खुलेगी। कंसल्टेंट के चयन एवं डीपीआर तैयार होने के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जाएगा।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री प्रतिभा कुमारी ने ज्ञान भारतम मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। ताड़पत्र, भोजपत्र, कपड़े अथवा पुराने कागजों पर लिखी पांडुलिपियों में प्राचीन ज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान एवं स्थानीय इतिहास का महत्वपूर्ण भंडार निहित है, जो समय के साथ नष्ट होने के कगार पर हैं। इस मिशन के माध्यम से इन अमूल्य धरोहरों को आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा जिला प्रशासन द्वारा केवल उनका वैज्ञानिक विधि से डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी का हिस्सा बनाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने पास उपलब्ध अथवा जानकारी में आने वाली प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।

# रजौली में स्कूली वाहनों पर चला आरटीओ का डंडा, 7 वाहनों पर लगा एक लाख का जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में निजी विद्यालयों में चलने वाले स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। मंगलवार को आरटीओ संदीप कुमार के नेतृत्व में दर्जनों स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 स्कूल वाहनों पर लगभग एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

**धनार्जय नदी पुल और फ्लाई ओवर के नीचे चली जांच :-** आरटीओ संदीप कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विशेष अभियान के तहत मंगलवार को कार्रवाई की गई। सती स्थान मोहल्ला स्थित धनार्जय नदी पुल एवं बाईपास स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे दर्जनों स्कूली वाहनों को रोककर जांच की गई। इस दौरान वाहनों के फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की बारीकी से जांच हुई। जिन वाहनों में कागजात पूरे नहीं मिले या फिटनेस फेल थी, उन पर




वाहन जांच के दौरान आरटीओ व अन्य

मौके पर ही जुर्माना लगाया गया।

**कई निजी विद्यालयों का हुआ औचक निरीक्षण :-** आरटीओ ने बताया कि रजौली क्षेत्र में संचालित साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, डीएवी समेत कई निजी विद्यालयों का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों की स्थिति देखी गई। जिन वाहनों के कागजात पूरे नहीं थे, उनके लिए विद्यालय प्रबंधन को 10 दिनों का समय दिया गया है। आरटीओ ने साफ कहा कि यदि समय सीमा के भीतर वाहनों को दुरुस्त नहीं किया जाता है और जरूरी कागजात पूरे नहीं किए जाते हैं, तो उन पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी हाल में बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा।

**प्रबंधकों से की गई अपील :-** आरटीओ संदीप कुमार ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों से अपील की है कि वे परिवहन नियमों के अनुकूल ही बच्चों का आवागमन सुनिश्चित करवाएं। हर वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर और जीपीएस लगा होना चाहिए। चालक का पुलिस सत्यापन और अनुभव भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं तो उनकी जिम्मेदारी विद्यालय की होती है। ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान :-** आरटीओ ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिना फिटनेस, बिना इंश्योरेंस और बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के चल रहे वाहनों को किसी भी सूरत में सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा। पकड़े जाने पर वाहन जब्त करने के साथ भारी जुर्माना लगाया जाएगा। आरटीओ की इस कार्रवाई से निजी स्कूल प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है। वहीं अभिभावकों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है और कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए ऐसी जांच जरूरी है।

# नशे में धुत्त रहे युवक ने एक महिला के पैर पर चढ़ाया बाइक, पैर टूटा, प्राथमिक इलाज के बाद नवादा रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अमावां गांव के टाल पर स्थित मोहल्ले में मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे नशे में धुत्त रहे बाइक सवार ने एक महिला के पैर पर बाइक चढ़ाते हुए पार कर दिया। इस घटना में महिला का बायां पैर टूट गया। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग नशे में धुत्त रहे बाइक पर सवार रहे दोनों युवकों को पकड़ लिया। नशे में धुत्त युवक आपस में चाचा-भतीजा बताया जा रहा है। घायल महिला के परिजनों से पहले इलाज के नाम पर खर्च देने को राजी हुए,किंतु बाद में मामला बढ़ गया और वे लोग केस करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने डायल 112 को कॉल करके सूचित किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने नशे



अस्पताल में इलाजरत घायल महिला के साथ परिजन

में धुत्त रहे दोनों युवकों को थाना ले गई। साथ ही घायल महिला को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गजेंद्र कुमार ने बताया कि घायल महिला की पहचान अमावां के टाल पर नामक मोहल्ला निवासी मो. जसीमउद्दीन की पत्नी कौशर जहां के रूप में हुई है। घायल महिला के पैर और कंधे में गम्भीर चोटें आई है। चिकित्सक ने कहा कि महिला के पैर टूटा हुआ प्रतीत हो रहा है,जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने कहा कि कौशर जहां अपने घर के मुख्य दरवाजे से गली में निकल ही रही थी कि एक बाइक पर सवार रहे दो लोग पैर पर चढ़ाते हुए आगे बढ़ गए। परिजनों ने यह भी कहा कि बाइक स्प्लेंडर प्लस संख्या बीआर27पी4517 पर सवार दोनों लोग नशे में धुत्त थे और बद्तमीजी भी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर दोनों युवकों को पुलिस के हवाले किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## रजौली चेक पोस्ट पर अवैध वसूली के वायरल वीडियो मामले में दो गृह रक्षा वाहिनी जवान निलंबित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** कारारोपण पदाधिकारी, समेकित जाँच चौकी, रजौली द्वारा सूचित किया गया कि रजौली चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त परिवहन विभाग के 02 (दो) गृह रक्षा वाहिनी के जवान, यथा (1) जितेन्द्र पुरी (सिपाही सं०-191973) एवं (2) सिद्धनाथ प्रसाद (सिपाही सं०-1586) द्वारा अवैध रूप से राशि के लेन-देन का एक वीडियो वायरल हुआ है।प्राप्त सूचना के आलोक में कारारोपण पदाधिकारी, समेकित जाँच चौकी, रजौली द्वारा दोनों संबंधित गृह रक्षा वाहिनी जवानों से स्पष्टीकरण की माँग की गई। दोनों जवानों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाए जाने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई।

**♦ अगले आदेश तक कर्तव्य से वंचित किया गया**

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में दोनों गृह रक्षा वाहिनी जवान—जितेन्द्र पुरी (सिपाही सं०-191973) एवं सिद्धनाथ प्रसाद (सिपाही सं०-1586) को बिहार गृह रक्षक नियमावली, 1953 के नियम 16 (i) (v) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अगले आदेश तक कर्तव्य से वंचित किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना एवं जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु दिनांक 30 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय सुनिश्चित कर लें, ताकि प्रमाणीकरण हेतु आने वाले पेंशनधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा श्री अमरनाथ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा मार्च माह 2026 की पेंशन राशि का भुगतान केवल उन लाभुकों को किया गया है, जिन्होंने अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है।उन्होंने बताया कि अद्यतन जानकारी के अनुसार नवादा जिले में वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों की कुल संख्या 2,92,761 है, जिनमें से अब तक 1,01,840 पेंशनधारियों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है।

अतः ऐसे सभी पेंशनधारियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने पंचायत में आयोजित शिविरों में निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाणीकरण अवश्य करा लें।इसके साथ ही पेंशनधारी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के साथ बुनियाद केंद्र—हिसुआ एवं रजौली में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) पर भी जीवन प्रमाणीकरण करा सकते हैं।

# समेकित बाल विकास सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** उप विकास आयुक्त, नवादा श्रीमती नीलिमा साहू की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) एवं विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईसीडीएस के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन, लाभुकों को उपलब्ध कराई जा रही पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं पोषण अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान यह भी चर्चा की गई कि जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र भवन उपलब्ध नहीं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित हों तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएं शत-प्रतिशत



उपलब्ध कराई जाएं। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा के क्रम में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने तथा नए पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित अनुश्रवण, क्षेत्रीय निरीक्षण एवं जमीनी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,श्री अमरनाथ कुमार,कार्यक्रम पदाधिकारी(आईसीडीएस),श्रीमती निरुपमा शंकर के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट कांड का फरार आरोपी चढ़ा सूर्यपुरा पुलिस के हत्थे,भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**बिक्रमगंज /रोहतास** : सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मारपीट मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरोज निवासी शिव कुमार पांडेय के पुत्र रविंद्र पांडेय के विरुद्ध कांड संख्या 106/26 के तहत मारपीट का मामला दर्ज किया गया था । घटना के बाद से अभियुक्त लगातार पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था । उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी । इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।

### जिला प्रशासन ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक बड़ी सफलता की हासिल

**कटिहार**। कटिहार में ज्ञान भारत मिशन के तहत जिला प्रशासन ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष समारोह में प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण करने वाले नागरिकों और संस्थानों को प्रशस्ति-पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। अब तक जिले से कुल 1622 दुर्लभ पांडुलिपियों को सूचीबद्ध कर 'भारत ज्ञान पोर्टल' पर अपलोड किया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन दस्तावेजों में लक्ष्मीपुर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर ऐतिहासिक गुरुद्वारा से मिली सन् 1793 की हस्तलिखित श्री गुरुग्रंथ साहिब (1430 पृष्ठ) और सन् 1758 का गुरु गोविंद सिंह जी का हस्तलिखित हुकमनामा सबसे महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, जिले के अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपनी पारिवारिक धरोहरें साझा की हैं। इसमें श्री गुणानंद झा द्वारा सौंपी गई 1940 की संस्कृत दर्शनशास्त्र की पुस्तक और श्री दर्पण मंडल द्वारा उपलब्ध कराए गए देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद के हस्तलिखित पत्र शामिल हैं। जिला प्रशासन ने आम जन से अपील की है कि यदि उनके पास कोई भी प्राचीन लिपि या दस्तावेज सुरक्षित है, तो उसे कला एवं संस्कृति विभाग को उपलब्ध कराएं, जिसे स्कैन कर डिजिटल पोर्टल पर चढ़ाने के बाद ससम्मान वापस कर दिया जाएगा।

### प्राथमिक विद्यालय रौतेय के छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक किया वितरण

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत गेठौरा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रौतेय में एक समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने किया। संचालन वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार ने किया। प्रधानाध्यापक गणेश रजक एवं वरीय शिक्षक के राजेश कुमार ने बताया कि विद्यालय के 118 छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। वर्ग एक में 22, वर्ग 2 में 20, वर्ग 3 में 23, वर्ग 4 में 25, वर्ग 5 में 28 छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने बताया कि पिछले दिनों विद्यालय में वर्ग 1 से 5 तक का वार्षिक परीक्षा सह मूल्यांकन कार्य का निष्पादन करने के पश्चात परिणाम घोषित किया गया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने बताया कि वर्ग पांच के 28 छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापक गणेश रजक ने कहा कि 22 छात्र-छात्राओं का नामांकन कर लिया गया है। साथ ही नामांकन की प्रक्रिया जारी है। समारोह में वरीय शिक्षक राजेश कुमार, अमिता भारती, विद्यालय के रसोईया बुगली देवी, रेखा देवी, बुचनी देवी ने समारोह को सफल बनाने में काफी सहयोग किया। विधालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष चन्द्र कला देवी, सचिव रुबी देवी ने विधालय संचालन में काफी सहयोग करती है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेठौरा में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया



**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेठौरा में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने किया। प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय में वर्ग 01 में 36,वर्ग 2 में 25, वर्ग 3 में 20, वर्ग 4 में 25, वर्ग 5 में 25, वर्ग 6 में 18, वर्ग सात में 36, वर्ग 8 में 24 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं पाठ्य पुस्तक प्राप्त कर काफी खुश देखा गया। प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों वर्ग एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षा सह मूल्यांकन कार्य का निष्पादन किया गया। तत्पश्चात वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन का रिजल्ट जारी किया गया। टोटल 304 छात्र-छात्राओं का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें वर्ग एक में 36, वर्ग 2 में 45, वर्ग 3 में 43, वर्ग 4 में 44, वर्ग 5 में 44, वर्ग 6 में 43, वर्ग 7 में 67, वर्ग 8 में 43 छात्र-छात्राओं का परिणाम घोषित करते हुए प्रगति पत्रक वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने बताया कि नामांकन जारी है। वर्ग एक में 36, वर्ग 2 में 5, वर्ग 3 में 8 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया है। नामांकन के साथ नए सत्र की पठन-पाठन भी प्रारंभ कर दी गई है। प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने बताया कि 357 छात्र-छात्राओं में 304 छात्र-छात्राओं परीक्षा में शामिल हुए यानी 85% छात्राओं का मूल्यांकन के पश्चात रिजल्ट जारी किया गया। वितरण समारोह में विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद हसीबुर रहमान,मोहम्मद आलमगीर, इजमामूल हक,शालिनी प्रिया, शिक्षा सेवक मोहम्मद मोहसिन,सईदुर रहमान ने काफी सहयोग किया। प्रधानाध्यापक ललन कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं समय पर विद्यालय आते हैं और समय सारणी के अनुसार छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन में ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेवारी को निभाते आ रहे हैं। शिक्षक शिक्षिकाओं के कारण छात्र-छात्राओं अनुशासित ढंग से रहकर विद्यालय में पठन-पाठन करते हैं। विधालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सचिव काफी सहयोग करते हैं।

### डीएम ने आज दत्तक ग्रहण वाद की सुनवाई की

**कटिहार**। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने आज दत्तक ग्रहण वाद की सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, कटिहार में आवासित बालक इयान (काल्पनिक नाम) को दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के प्रावधानों के तहत नासिक, महाराष्ट्र के दम्पत्ति अनोज कुमार, नन्दकिशोर सिंह एवं माला अनोज कुमार सिंह को दत्तकग्रहण में दिये जाने का आदेश पारित किया गया। पारित आदेश के बाद दत्तक ग्राही माता पिता के अनुरोध पर इयान को आयुष कुमार अनोज सिंह नाम दिया गया। बालक को जैविक संतान के रुप में प्राप्त होने वाले सभी अधिकार प्राप्त हो गये। दत्तकग्राही माता पिता बच्चे को पाकर काफी हर्षित हुए। डीएम आशुतोष द्विवेदी द्वारा निदेश दिया गया कि दत्तक ग्रहण संस्थान एवं प्रक्रिया का वृहत प्रचार प्रसार किया जाय ताकि परित्यक्त बच्चों को संरक्षण में लेकर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित कराया जाय ताकि केन्द्रीय दत्तकग्रहण प्राधिकरण के माध्यम से इंतजार कर रहे माता पिता की सूनी गोद भरी जा सके। इसके लिए सभी हितधारकों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया। दत्तकग्रहण आदेश पारित किये जाने के समय उप विकास आयुक्त अमित कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रविशंकर तिवारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी शंभू प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक किशोर एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बिक्रमगंज में फिर लगा महाजाम, जाम से जूझना लोगों की रोज की नियति बन गई है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिक्रमगंज की सड़कें अब जाम से कराहने लगी है। सड़क जाम के लिए यह शहर पूरे शाहाबाद में बदनाम होते जा रहा हैं। आज मंगलवार को फिर से थाना चौक बिक्रमगंज से तेंदुनी चौक तक सासाराम रोड, तेंदुनी गांव से तेंदुनी चौक तक डुमरांव रोड, काराकाट से तेंदुनी चौक तक डिहरी रोड पर मंगलवार की सुबह 6 बजे से 9 बजे तक भारी जाम लगा रहा। यात्री और स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे। बच्चे अपने स्कूल में निर्धारित समय से 2 घंटा देर से पहुंचे। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित रहा।

आम यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में कई दुल्हनों की गाड़ी भी फंसी रही। नई नवेली दुल्हन भूख-प्यास से तड़पती रही। बताया जाता है कि बालू लदे ट्रकों की बेतरतीब आवाजाही और ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या दिनों दिन विकराल होता जा रहा है। बिक्रमगंज में सड़क जाम कोई एक दिन की बात नहीं, अब तो ऐसा लगने लगा है कि सड़क जाम बिक्रमगंज के लोगों की नियति बन गई है। प्रशासनिक सुस्ती और ट्रैफिक व्यवस्था की नाकामी लोगों की ज़िंदगी को हर दिन मुश्किल बना रही है। वाहन चालक, व्यवसायी से लेकर आम यात्री सभी परेशान है। एसडीपीओ सिंधु शेखर ने बताया कि लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन प्रयासरत रहती है। शादी विवाह का मौसम होने के कारण शहर से गुजरने वाले वाहनों की संख्या अत्यधिक होने से परेशानी हो रही है।

# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास** : शहर के काव नदी तट पर स्थित काशी घाट पर आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ में चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । तेज धूप में भी श्रद्धालुओं को यज्ञ के हवन कुंड की परिक्रमा करते देखा गया । अहले सुबह से दोपहर तक खास तौर पर महिला श्रद्धालुओं को परिक्रमा करते देखा गया। सुबह से हीं श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचने लगे। स्थानीय शहर के अलावा आस पड़ोस के दर्जन भर गांव से हजारो लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचे और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । प्रतिदिन आचार्य स्वामी मुक्तिनाथ जी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का अमृत पान कराया जा रहा है । कथा का आयोजन प्रत्येक दिन शाम 3:00 से 5:30 बजे तक नियमित रूप से हो रहा है । यज्ञ आयोजन समिति के मुताबिक यह आयोजन 25 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक जारी रहेगा । इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया है । जहां पर लोग पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण कर रहे हैं । इसके अलावे बनारस से पहुंचे विद्वान पंडितों की टोली के द्वारा यज्ञ के हवन कुंड में यजमान के द्वारा यज्ञ वेदी आहुति दी जा रही है । इस धार्मिक आयोजन की सफलता को लेकर यज्ञ समिति से लेकर छठ पूजा समिति के सभी लोग अपनी भूमिका निभा रहे हैं ।

# डीएम-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**कटिहार**। भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कटिहार अनुमंडल के सभी चार्ज पदाधिकारी, फील्ड प्रशिक्षक और पर्यवेक्षक शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी और अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रशिक्षकों को इस कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं और स्पष्ट निर्देश दिया कि इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करना है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

**वरिष्ठ अधिकारियों की रही मौजूदगीः** इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना अधिकारी, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित जिला एवं अनुमंडल स्तर के सभी संबंधित चार्ज पदाधिकारी उपस्थित थे।

**आम जनता से सहयोग की अपीलः** जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने जिले के आम नागरिकों से भी विशेष अपील की है। उन्होंने लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नागरिक अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के प्रति जागरूक हों। साथ ही, उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि जब प्रगणक जनगणना कार्य के लिए घर-घर आएं, तो उन्हें सही और सटीक आंकड़े उपलब्ध कराएं ताकि डेटा की शुद्धता बनी रहे।

# मध्यविधालय मे आठवीं तक के बच्चों को बुलाई गई आमसभा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के कपसिया विद्यालय में मंगलवार को बाल संसद का गठन के लिए आठ तक के बच्चों को आमसभा बुलाई गई। जिसमें सर्वसम्मती से वर्ग के आठ के प्रयाग कुमार को प्रधानमंत्री एवं वर्ग आठ के हीं प्रियांशु कुमारी को उपप्रधानमंत्री चुना गया। प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने बताया कि मेरे अध्यक्षता एवं फोकल शिक्षक आरुण कुमार के देखरेख में वर्ग पहली से आठवीं तक की बच्चों को आमसभा बुलाई गयी।जिसमें प्रधानमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री चुना गया।ततपश्चात बाल संसद का गठन का प्रक्रिया शुरू की गयी।वर्ग छठी से आठवीं तक के बच्चों को समूह में बाटकर अन्य दस मंत्री चुने गये।जिसमें वर्ग आठ के पंकज पटेल, उप शिक्षा मंत्री हनी कुमारी,लक्ष्मण कुमार को स्वच्छता एवं स्वस्थ्य मंत्री एवं उपमंत्री ऋचा कुमारी,सर्वजीत कुमार को जल एवं बगवानी मंत्री एवं अमृता कुमारी को उपमंत्री बनाया गया।शिवम शर्मा को पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री, दिव्या कुमारी को उपमंत्री बनाया गया।वहीं शिवांशु कुमार पाठक को सांस्कृतिक एवं खेलमंत्री,निधि पटेल को उपमंत्री,ज्योति भारती बाल सुरक्षा मंत्री एवं अंकित पटेल को उपमंत्री बनाया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता का बोध कराया गया।मौके पर अरुण कुमार, अनुराग मिश्र, वैभव पाण्डेय,नेसार अहमद, सुमन कुमारी,रवि रश्मि, रौशन आरा एवं रंजू कुमारी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मारपीट के प्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट मामले में फरार प्राथमिक की उपयुक्त को सोमवार दिन देर रात्रि गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि और सातवा थाना क्षेत्र के एग्जाम में मारपीट हुई थी जिसमें एक पक्ष ने थाने में लिखित आवेदन दे नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जहां पुलिस ने आवेदन ले प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी, हालांकि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस के नजरों से फरार चल रहा था, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम गंगापुर थाना परसथुआ जिला रोहतास निवासी हरेंद्र पासवान का पुत्र संजय पासवान को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं गिरफ्तारी बाद पुलिस कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रतर कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# राजगीर में गर्मी बढ़ते ही बदला वन्यजीवों का मिजाज, जू सफारी में छांव में टहलते दिखा बाघ

## डक्ट कूलिंग और स्प्रिंकलर से मिल रही राहत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा जिले में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। गर्मी के चलते राजगीर जू सफारी में जानवरों की दिनचर्या में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सर्दियों में जो बाघ और शेर सड़क किनारे धूप सेंकते नजर आते थे, अब वे दिन चढ़ते ही घने पेड़ों की छांव और पानी की शरण ले रहे हैं। सफारी प्रशासन ने इन जानवरों को 'हीट वेव' से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**शेड में पानी का छिड़काव किया जा रहा हैः** निदेशक राम सुंदर एम ने बताया कि सफारी के अंदर बने शेल्टर(सेल) में जानवरों के लिए डक्ट कूलिंग सिस्टम पहले से ही एक्टिव है। शाम 6 बजे के बाद जब ये जानवर खुद-ब-खुद अपने सेल में लौटते हैं, तो उन्हें ठंडी हवा के बीच आराम मिलता है। दिन के समय, जब वे खुले एनक्लोजर में होते हैं, तो उनके लिए विशेष फूस के शेड बनाए गए हैं। इन शेडों पर लगातार पानी का छिड़काव(स्प्रिंकल) किया जाता है, जिससे वहां नमी और ठंडक बनी रहती है।

**नेचुरल पॉन्ड बने पर्यटकों के लिए आकर्षणः** दोपहर के समय जब गर्मी अपने चरम पर होती है, तब बाघ और शेर अक्सर एनक्लोजर में बने प्राकृतिक तालाबों के किनारे या पानी के अंदर बैठे नजर आते हैं। पेड़ों की घनी छांव और पानी का यह मेल पर्यटकों को खूब लुभा रहा है। हालांकि, सुबह 7 बजे से 11 बजे तक सफारी की गाड़ियों के आसपास इनकी चहल-पहल बनी रहती है, लेकिन धूप तेज होते ही ये सुरक्षित ठिकानों की ओर रुख कर लेते हैं।

**स्वास्थ्य पर विशेष नजरः** निदेशक राम सुंदर एम ने बताया कि जानवरों की डाइट प्राकृतिक(मांसाहारी) ही रखी गई है, लेकिन उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन जांच की जा रही है। मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भीषण गर्मी के कारण किसी भी जानवर में डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) की समस्या न हो।

**सफारी में वन्यजीवों की मौजूदा स्थितिः** सफारी प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में यहां वन्यजीवों का कुनबा काफी मजबूत है। 6 शेर और 5 तेंदुए है। गर्मी के कारण जानवरों के व्यवहार में प्राकृतिक बदलाव आया है। वे अब खुले रास्तों के बजाय छायादार क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रहे हैं। सेहत और कूलिंग सिस्टम की 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

# 2 मई को 'प्रवेशोत्सव', 16 हजार से ज्यादा बच्चों का होगा नामांकन, हर प्रखंड में 5 स्कूलों को बनाया आदर्श केंद्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में 2 मई को प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में 'प्रवेशोत्सव' होगा। विशेष अभियान का मुख्य केंद्र बिंदु आंगनबाड़ी केंद्रों से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर चुके 16 हजार 440 बच्चे होंगे, जिन्हें अब औपचारिक स्कूली शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाना है। शिक्षा विभाग ने इस दिन को महज एक प्रशासनिक प्रक्रिया न मानकर इसे एक उत्सव का रूप देने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के बच्चों के मन में स्कूल के प्रति आकर्षण और प्रेम पैदा हो सके।

जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि स्कूलों में उत्सवी माहौल बनाए रखना अनिवार्य है। प्रवेशोत्सव की सफलता की कमान आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के हाथों में सौंपी गई है, जो स्वयं अपने केंद्रों से पासआउट हुए नौनिहालों को लेकर नजदीकी विद्यालयों में पहुंचेंगी और उनका नामांकन कराएंगी। विभाग की रणनीति यह है कि समन्वय की इस कड़ी में कोई भी बच्चा छूटने न पाए। खासकर उन दलित और वंचित परिवारों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो जागरूकता की कमी के कारण आंगनबाड़ी के बाद अपने बच्चों का दाखिला स्कूलों में नहीं करवा पाते थे।




**चॉकलेट से बच्चों का मुंह मीठा कराया जाएगाः** रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक रंगोली और स्वागत गीतों के बीच जब नए छात्र परिसर में कदम रखेंगे, तो उन्हें चॉकलेट देकर उनका मुंह मीठा कराया जाएगा। इस पहल के पीछे का तर्क यह है कि बच्चों को स्कूल का माहौल घर जैसा सहज और सुखद लगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अभिभावकों और शिक्षकों के बीच एक सेतु का काम कर सकें और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

**पेपर पूरे नहीं होंगे फिर भी नामांकन होगाः** प्रवेशोत्सव का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि नामांकन की प्रक्रिया को बेहद लचीला बनाया गया है। समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ मो. शहनवाज ने साफ तौर पर कहा है कि दस्तावेजों की कमी किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। यदि किसी छात्र के पास तात्कालिक रूप से जरूरी कागजात नहीं हैं, तब भी उसका नामांकन किया जाएगा और कागजी औपचारिकताएं बाद में पूरी की जा सकेंगी। इसके साथ ही, नामांकन के तुरंत बाद छात्रों को पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि उनकी पढ़ाई का सिलसिला बिना किसी विलंब के शुरू हो सके।

**हर प्रखंड के 5 स्कूलों को आदर्श नामांकन केंद्र बनायाः** प्रशासनिक स्तर पर इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए हर प्रखंड के 5-5 स्कूलों को 'आदर्श नामांकन केंद्र' के रूप में विकसित किया जा रहा है। बिहारशरीफ में एक जिला स्तरीय आदर्श केंद्र भी स्थापित होगा, जहां जिले के आला अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को जागरूक करेंगे। सत्र 2026-27 के लिए आयोजित इस अभियान का लक्ष्य 6 से 14 साल तक के हर उस बच्चे को स्कूल पहुंचाना है जो अब तक शिक्षा की चौखट से दूर हैं। शिक्षकों को विशेष हिदायत दी गई है कि वे केवल नामांकन तक सीमित न रहें, बल्कि शुरुआती दिनों में इन बच्चों को विशेष सहयोग दें ताकि वे स्कूल के वातावरण में पूरी तरह ढल सकें और भविष्य में 'ड्रॉपआउट' जैसी समस्याओं पर लगाम लगाई जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 छोटी बहनें, मां-पिता को एक साथ दी मुखाग्नि परिवार में अकेला रह गया नाबालिग

**गयाजी**। गयाजी के 6 लोगों की शनिवार शाम हजारीबाग में कार एक्सीडेंट में मौत हुई थी। सभी एक ही परिवार के थे। तेतरिया गांव में रविवार को झारखंड से 4 की लाशें पहुंची। जिसमें 2 बेटियां और उनके मां-पिता शामिल हैं। परिवार में बस अब सिर्फ एक 14 साल का बेटा रंजीत ही बचा है। घर से चारों की अर्थियां एक साथ उठी और उनका अंतिम संस्कार हुआ। रंजीत ने अपनी 2 छोटी बहनें सोनी-सोहानी और मां रूबी देवी-पिता शिव कुमार मांझी को मुखाग्नि दी। मुखाग्नि देते वक्त रंजीत के हाथ कांप रहे थे और आंसू रुक नहीं रहे थे। जिसने भी यह दृश्य देखा, उसकी भी आंखें भर आईं। लोगों के पास ढाढस बंधाने के लिए शब्द नहीं थे। वहीं, 2 लाशें मसूरी बाग गांव में पहुंची। इनमें एक शिव कुमार भुइयां के ससुर कृत मांझी हैं और दूसरा कृत मांझी का पोता प्रेम है। इनका भी अंतिम संस्कार हुआ है। तेतरिया और मसूरी बाग दोनों आमस थाना क्षेत्र में पड़ते हैं। जब हादसा हुआ था तब 12 साल का रंजीत धनबाद में था, वो अपने परिवार के साथ कार में सवार नहीं था। हादसे के बाद उसे काफी देर तक उसे सच्चाई नहीं बताई गई थी। अंत में परिजन ने किसी तरह उसे पूरी बात बताई। उसे जैसे ही पता चला कि उसकी बहनें और मां-पिता नहीं रहे, वो खुद को संभाल नहीं पा रहा था। रंजीत अभी अपनी दादी के पास है। 9वीं क्लास में पढ़ाई करता है।

मृतक शिव कुमार भुइया की मां बुधनी देवी अपने बेटे-बहू और पोतियों की मौत से बदहवास है। बधुनी देवी से बात करने की कोशिश की गई, पर वो कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थीं। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी विधायक की पत्नी बबिता देवी गांव पहुंचीं। परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा भी दिया। वहीं, पूर्व मंत्री संतोष सुमन ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह बेहद हृदय विदारक घटना है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।

कार 30 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे का पता तब चला, जब एक राहगीर की नजर नीचे गाड़ी पर पड़ी। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। तब तक कार सवारों ने दम तोड़ दिया था। शादी समारोह में रिश्तेदार के घर जाना था, लेकिन इससे पहले ही कार अनियंत्रित हो गई। और हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र दनुआ जंगल-घाटी के पास खाई में गिर गई। मृतकों में शिव कुमार मांझी (43), उनकी पत्नी रूबी देवी (38), बेटियां सोनी कुमारी (13) और सोहानी कुमारी (12), ससुर कृत मांझी (60) और कृत मांझी का पोता प्रेम कुमार (10) शामिल हैं। ये लोग गयाजी के आमस थाना क्षेत्र के तेतरिया और मसूरी गांव के रहने वाले हैं।

पैक्स अध्यक्ष उदय यादव के अनुसार, शिव कुमार झरिया की कोलियरी में काम करते थे। बीएसएनएल में उन्हें अनुकंपा पर नौकरी मिली थी। वे धनबाद से अपने बीमार ससुर कृत मांझी को आमस छोड़ने आ रहे थे। ससुर पिछले 2 महीने से इलाज के लिए उनके पास रह रहे थे। ठीक होने के बाद उन्हें गांव को लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। शिव कुमार को ससुर को छोड़ने के बाद गुरुआ के बरवाडीह गांव में अपनी फुआ के घर शादी समारोह में भी शामिल भी होना था।

### गयाजी के विष्णुपद मंदिर में महायज्ञ समापन, जागरण कार्यक्रम में सिंगर रीनी चंद्र ने बांधा समां



**गयाजी**। गयाजी के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई की सिंगर रीनी चंद्रा ने अपनी प्रस्तुति दी। जागरण का शुभारंभ जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद भक्ति संगीत का कार्यक्रम शुरू हुआ। सिंगर रीनी चंद्रा ने अपने लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने 'घर में पधारो गजानंद' और 'राम जी आए हैं' जैसे भजन गाए। उनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। कई लोग भक्ति में लीन दिखाई दिए। जागरण कार्यक्रम शाम सोमवार रात 7 बजे शुरू हुआ, जो सुबह 4 बजे तक चला। मंदिर परिसर में पूरी रात भक्तिमय माहौल बना रहा। इस कार्यक्रम में दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। मौके पर मेयर गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव और विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल भी मौजूद थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना था। ऐसे आयोजन लोगों में आस्था और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन और समिति के सदस्यों का सहयोग रहा। सुरक्षा और व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

### तालाब में डूबने से 2 बच्चियों की मौत, मड़वा पूजन से पहले गांव की महिलाओं के साथ स्नान करने गई थी



**नालंदा**। नालंदा के सरमेरा मोहल्ले में शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गई। तालाब में डूबने से 2 बच्चियों की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतका की पहचान रामबली राम की पुत्री खुशबू कुमारी(14) और दुखन राम की बेटी राधा कुमारी(13) के तौर पर हुई है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र की है। राधा के चाचा श्याम सुंदर राम ने बताया कि गांव में पवन राम की बेटी की शादी थी। 'मड़वा' की रस्म के लिए महिलाएं तालाब में स्नान करने गई थीं। दोनों बच्चियां भी साथ चली गई रस्म के बाद बाकी लोग तो घर वापस लौट आए, लेकिन काफी देर तक खुशबू और राधा का कहीं पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका के चलते भारी संख्या में लोग तालाब की ओर दौड़े। स्थानीय युवाओं ने करीब तीन से चार घंटे के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। प्राथमिक उपचार के तौर पर इंजेक्शन भी लगाया, लेकिन जान नहीं बची। पड़ोसी भरत राम ने बताया कि खुशबू और राधा के पिता घर पर मौजूद नहीं थे। खुशबू के पिता आंध्र प्रदेश में खाना बनाने का काम करते हैं, जबकि राधा के पिता हरियाणा में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के समय घर पर उनके चाचा और अन्य रिश्तेदार मौजूद थे। जो शादी के काम-काज में व्यस्त थे। खुशबू चार बहनों में छोटी थी और पांचवी क्लास में पढ़ाई कर रही थी। जबकि राधा तीन भाइयों की इकलौती बहन थी। वह सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। इस दुखद घटना ने न केवल शादी वाले घर की रौनक छीन ली, बल्कि पूरे इलाके को शोक संतप्त कर दिया है। पिता के आने का इंतजार कर रहे परिजनों की चीत्कारों से पूरा सरमेरा गमगीन है। हर किसी की आंखें नम है।

# डीएम बोले- लू को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हॉस्पिटल में एसी सही रहे

### ◆ व्हाट्सएप के जरिए सभी कर सकेंगे शिकायत





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गया में संभावित हीट वेव (लू) के खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों और अस्पताल प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक अस्पताल में पीने के लिए स्वच्छ और ठंडा पानी हर फ्लोर और हर वार्ड में उपलब्ध रहे। इसके साथ ही ओआरएस, आवश्यक दवाइयों और आइस पैक की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**एयर कंडीशनर को लेकर दिए निर्देश**: हीट वेव वार्ड में एयर कंडीशनर पूरी तरह कार्यरत रहें, यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष हीट वेव की संभावना अधिक है और मानसून के देर से आने के आसार हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत रखना अत्यंत आवश्यक है। सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार करने और उसकी नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन को टीम गठित कर समय-समय पर जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मरीजों के रेफरल को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि किसी भी मरीज को प्राथमिक उपचार दिए बिना रेफर नहीं किया जाएगा। पहले अस्पताल स्तर पर हर संभव उपचार किया जाए, उसके बाद ही आवश्यकता होने पर रेफर किया जाए।

**विशेष टीम गठित की जाएगी**: सभी रेफरल मामलों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि मरीज को उचित परिस्थिति में ही रेफर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक पंचायत में एक-एक वाहन को टैग किया गया है। इन वाहनों के माध्यम से हीट वेव से प्रभावित मरीजों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जाएगा। संबंधित वाहन चालकों का नाम और मोबाइल नंबर आशा कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साझा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में देरी न हो। अस्पतालों के साथ-साथ एंबुलेंस सेवाओं को भी मजबूत करने पर जोर दिया गया है। सभी एंबुलेंस में एयर कंडीशनर के सुचारू संचालन और आइस पैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी सब सेंटरों पर भी ठंडा पानी, ओआरएस और आइस पैक की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया है।

दूसरी ओर, भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। बोधगया क्षेत्र में स्थित फ्यूस कॉल सेंटर का निरीक्षण किया गया, जहां उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे हर कॉल का जवाब दें, शिकायतों को समय पर दर्ज करें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। अब उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था शुरू की गई है। सभी फ्यूस कॉल सेंटरों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे शिकायतों का निस्तारण संभव हो सके। गया शहरी क्षेत्र में कुल पांच फ्यूस कॉल सेंटर 24 घंटे कार्यरत हैं, जहां तीनों पालियों में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि बिजली संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में वे निर्धारित नंबर पर संपर्क करें या व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराएं। यदि किसी कारणवश कॉल व्यस्त मिले, तो व्हाट्सएप के जरिए भेजी गई शिकायतों का भी समय पर समाधान किया जाएगा।

## नालंदा में 30 अप्रैल से बाबा साहब महतो मेला, डीएम बोले- सीसीटीवी से होगी निगरानी





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने आज सरमेरा प्रखंड के प्रणावां धाम का दौरा किया। यहां आने वाले 30 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित होने वाले राजकीय श्रीश्री 108 श्री शरण निवास बाबा महतो साहब द्विवार्षिक मेला महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। प्रशासन का मुख्य जोर इस बार उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मेले में साफ-सफाई, पेयजल, लाइटिंग, शौचालय और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को पूरे मेला क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने और जगह-जगह नए चापाकल लगाने के आदेश दिए ताकि चिलचिलाती गर्मी में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

**एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की**: भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर के प्रवेश और निकास की ओर से महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग रखा गया है, जबकि आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दस्ता और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर करेंगे। आवासन के लिए गेस्ट हाउस को भी व्यवस्थित किया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी सहित पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे, जिन्हें आपसी समन्वय के साथ इस राजकीय मेले को सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

## गांधी मैदान पर 'संविधान सुरक्षा महारैली' रोकने का आरोप



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। बुद्ध जयंती और मजदूर दिवस यानी 1 मई को गयाजी के गांधी मैदान में प्रस्तावित 'संविधान सुरक्षा महारैली' को लेकर अब सियासत और संघर्ष दोनों तेज हो गए हैं। अंबेडकर संघर्ष मोर्चा और महाबोधि महाविहार संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मोर्चा का दावा है कि पहले गांधी मैदान के लिए अनुमति, NOC और आश्वासन दिया गया, प्रचार-प्रसार तक शुरू करा दिया गया, लेकिन बाद में अचानक कार्यक्रम रोक दिया गया। अब इसे संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताते हुए संगठन ने 29 अप्रैल से आमरण अनशन का बिगुल फूंक दिया है।

**एक मई को दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होनी थी संविधान सुरक्षा रैली**: मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक सतीश कुमार दास के मुताबिक, 1 मई दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक गांधी मैदान में संविधान सुरक्षा महारैली होनी थी। इसमें महाबोधि महाविहार प्रबंधन बौद्धों को सौंपने, बीटीएमसी एक्ट खत्म करने, वक्फ संशोधन बिल पर रोक, EVM व SIR के खिलाफ आवाज, UGC कानून लागू करने, भूमिहीनों को जमीन और बिहार में SC-ST-OBC को 65% आरक्षण जैसे बड़े मुद्दे शामिल थे।

संगठन का आरोप है कि पहले 10 हजार वर्गफीट जगह मांगी गई थी, लेकिन प्रशासन ने खुद अधिक भीड़ का हवाला देकर 25 हजार वर्गफीट आवेदन देने को कहा। इसके बाद संबंधित विभागों से NOC भी मिल गई। मोर्चा का कहना है कि उन्हें साफ कहा गया था कि 1 मई को गांधी मैदान उपलब्ध है और वे प्रचार कर सकते हैं।

लेकिन 24 अप्रैल की रात अचानक प्रशासनिक फोन कॉल्स का दौर शुरू हुआ। आरोप है कि पहले जहानाबाद SDPO, फिर गया लॉ एंड ऑर्डर अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थगित करने का दबाव बनाया। संगठन का दावा है कि जब उन्होंने कारण पूछा गया तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

**गर्मी की वजह से हमारे कार्यक्रम की अनुमति नहीं, मुख्यमंत्री का कार्यक्रम कैसे?**: मोर्चा का कहना है कि 25 अप्रैल को फोन पर अनुमति निरस्त करने की बात कही गई, लेकिन ठोस कारण नहीं बताया गया। बाद में डीएम ऑफिस की ओर से लिखित जवाब में भीषण गर्मी को आधार बनाया गया। यहीं से विवाद और भड़क गया।

मोर्चा ने सवाल उठाया है कि जब उनकी रैली गर्मी के नाम पर रोकी गई तो उसी दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यक्रम को अनुमति कैसे मिली? संगठन ने इसे दोहरा मापदंड बताते हुए भाजपा-RSS और प्रशासन की मिलीभगत तक का आरोप जड़ दिया।

अब अंबेडकर संघर्ष मोर्चा ने साफ कर दिया है कि वह इसे सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और मौलिक अधिकारों की लड़ाई मान रहा है। 29 अप्रैल से आमरण अनशन के ऐलान के साथ गयाजी की राजनीति और प्रशासन दोनों पर दबाव बढ़ गया है। फिलहाल बुद्ध पूर्णिमा की आड़ में रैली से पहले यह टकराव अब बड़ा राजनीतिक रूप लेता जा रहा है।

## बिहार के सीएम 1 मई को गयाजी आएंगे



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गया में 1 मई अब सिर्फ बुद्ध पूर्णिमा का दिन नहीं, बल्कि सत्ता, सड़क और सिस्टम की सीधी टक्कर का दिन बनता दिख रहा है। एक ओर अंबेडकर संघर्ष मोर्चा की ओर से गांधी मैदान से संविधान सुरक्षा महारैली निकालने की तैयारी ने सियासी पारा चढ़ा दिया है, तो दूसरी ओर उसी दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गयाजी में पहला प्रस्तावित दौरा जिला प्रशासन के लिए बड़ी परीक्षा बन गया है। सबसे बड़ा पेंच यह है कि दोनों कार्यक्रमों का समय दोपहर 3 बजे के आसपास है। ऐसे में पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में है। गांधी मैदान अब आयोजन स्थल कम, सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील जोन ज्यादा बन चुका है। जिला प्रशासन ने साफ शब्दों में संकेत दे दिया है कि इस बार गांधी मैदान किसी भी बिना अनुमति वाली ताकत दिखाने की जगह नहीं बनने दिया जाएगा।

**सीएम के लिए हेलीपैड बनाया जा रहा है**: एसडीएम अनिल कुमार रमन ने दो टूक शब्दों में कहा कि बुद्ध जयंती पर सिर्फ उन्हीं पारंपरिक आयोजनों को अनुमति दी गई है जो पूर्व से निर्धारित रहे हैं। गांधी मैदान में किसी नए संगठन, रैली या कार्यक्रम को इजाजत नहीं है। वजह भी साफ है कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरा जिला प्रशासन सुरक्षा कवच बुनने में जुटा है। गांधी मैदान में सीएम के लिए हेलीपैड बनाया जा रहा है। ऐसे में यहां किसी भी समानांतर भीड़ या राजनीतिक जमावड़े की अनुमति देना प्रशासनिक जोखिम माना जा रहा है। स्थिति की गंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि करीब 350 मजिस्ट्रेट और 1500 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की तैयारी है। यानी सिस्टम किसी भी हाल में चूक के मूड में नहीं है। प्रशासन की अपील भी सामान्य नहीं, बल्कि चेतावनी भरी है। बिना अनुमति वाले आयोजन में शामिल होना नियम खिलाफ माना जाएगा। ऐसी स्थिति में सुरक्षा से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक की जिम्मेदारी प्रशासन नहीं लेगा।

**कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**: उधर, पुलिस प्रशासन ने भी तल्ख रुख अपना लिया है। डीएसपी टाउन सरोज कुमार शाह ने साफ कहा कि आयोजकों को विधिवत सूचना दे दी गई है। 1 मई को गांधी मैदान में किसी प्रकार का आयोजन मंजूर नहीं। इसके बावजूद अगर कोई संगठन शक्ति प्रदर्शन या रैली की कोशिश करता है, तो उसे सीधे नियम उल्लंघन माना जाएगा। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे भावनाओं या बहकावे में आकर ऐसे आयोजनों का हिस्सा न बनें। प्रशासन और संगठन की योजनाओं की वजह से बुद्ध पूर्णिमा के दिन गयाजी में आध्यात्मिक संदेश से ज्यादा सियासी संवेदनशीलता हावी है। गांधी मैदान फिलहाल जनसभा से ज्यादा प्रशासनिक नियंत्रण का प्रतीक बनने जा रहा है।

## खाता जेनरेशन में कोई गलती ना हो, रिपोर्ट लिखने की दी जानकारी: डीएम

### ◆ 11 अंचलों के 574 गांव में जमीन का सर्वे






सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। बिहार सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना 'बिहार विशेष सर्वेक्षण' को धरातल पर उतारने और इसकी बारीकियों से कर्मियों को अवगत कराने के उद्देश्य से आज शहर के कर्पूरी भवन (टाउन हॉल) में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के तमाम राजस्व अधिकारी और सर्वेक्षण से जुड़े सैकड़ों कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट लहजे में कहा कि भूमि सर्वेक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसलिए इसका सीधा फायदा और सकारात्मक प्रभाव जमीन से जुड़े आम लोगों तक पहुंचना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों और सर्वेक्षण कर्मियों को निर्देश दिया कि वे काम के दौरान पूरी संवेदनशीलता बरतें, ताकि धरातल पर किसी भी प्रकार की विसंगति न रहे।

**11 अंचलों के 574 राजस्व ग्रामों में भू-सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू**: जिलाधिकारी ने जिले में जारी सर्वेक्षण की प्रगति साझा करते हुए बताया कि नालंदा में यह काम दो चरणों में संचालित है। प्रथम चरण के तहत अस्थावां, बेन, बिन्द, चण्डी, हरनौत, परवलपुर, थरथरी, सरमेरा एवं सिलाव जैसे 9 अंचलों के 395 राजस्व ग्रामों में काम चल रहा है, वहीं दूसरे चरण में बिहारशरीफ, रहुई, हिलसा और राजगीर समेत शेष 11 अंचलों के 574 राजस्व ग्रामों में भू-सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**पूरी तकनीकी प्रक्रिया से रूबरू कराया**: कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने उपस्थित कर्मियों को सर्वेक्षण की पूरी तकनीकी प्रक्रिया से रूबरू कराया। इसमें बिहार विशेष सर्वेक्षण से संबंधित अधिनियमों, नियमावली और डिजिटल मानचित्र बनाने की आधुनिक विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मियों को किस्तवार और खानापुरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं के साथ-साथ खेसरा पंजी के संधारण और सॉफ्टवेयर के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेष रूप से एमआईएस (MIS) और भू-सर्वेक्षण पोर्टल्स के माध्यम से डेटा प्रविष्टि और जांच प्रतिवेदन लेखन की बारीकियां सिखाई गईं ताकि खाता जेनरेशन की प्रक्रिया त्रुटिरहित हो सके। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी और सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के अंत में कर्मियों को 'क्या करें और क्या न करें' की विस्तृत जानकारी देते हुए अनुशासित तरीके से सर्वे कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने का संकल्प दिलाया गया। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि इस वृहद प्रशिक्षण के बाद जिले में भूमि सर्वेक्षण के कार्य में और अधिक गति और पारदर्शिता आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के हजारों आवेदन लंबित, तीन दिनों में निष्पादन का निर्देश

**आरा**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत लंबित आवेदनों को लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत समान कोर्स एवं समान कोर्स वर्ष के कारण बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं, जिससे छात्र-छात्राओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 6265 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के 2455 आवेदन इस कारण से अस्वीकृत हुए हैं। विभाग ने इसे गंभीर समस्या मानते हुए राज्य स्तर पर पहल की है। शिक्षा विभाग ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए एनआईसी, पटना द्वारा पीएमएस (पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप) पोर्टल में आवश्यक तकनीकी सुधार किए गए हैं। साथ ही, संबंधित जिलों के कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि वे पोर्टल पर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कर सकें।

### 40 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोईलवर**। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। थाना कांड संख्या-98/26 में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त लालू चौधरी (उम्र करीब 32 वर्ष), पिता स्वर्गीय मुनारिक चौधरी, निवासी पचैना बाजार, थाना कोईलवर, जिला भोजपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोईलवर थाना की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पचैना बाजार अवस्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की। इस दौरान मौके से करीब 40 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### 30 अप्रैल को होने वाला बीडीसी बैठक स्थगित

**गड़हनी**| 30 अप्रैल को गड़हनी में होने वाला पंचायत समिति की बैठक को स्थगित कर दिया गया है। बैठक बिहार विधान परिषद चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के कारण स्थगित की गई है। उक्त जानकारी प्रखंड प्रमुख विनोद यादव ने दिया। बता दे कि 16 अप्रैल को भी पंचायत समिति की बैठक होनी थी। आवेदन सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के पास चला गया था लेकिन किसी कर्म बस उस बैठक को भी स्थगित कर दिया गया था। बताया गया कि अब अगला बैठक बिहार विधान परिषद चुनाव को देखते हुए 4 मई के बाद किया जाएगा।

### धमार गांव में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**आरा**| सदर प्रखंड आरा के धमार गांव में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी अंकिता सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई स्थानों पर अवैध कब्जों को चिन्हित कर बुलडोजर के जरिए हटाया। अभियान के दौरान सरकारी जमीन और सार्वजनिक रास्तों पर किए गए अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से गांव में लंबे समय से बाधित आवागमन वाले रास्ते को सुगम बनाया। अंचलाधिकारी ने बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### कुश्ती प्रतियोगिता में सुधांशु कुमार ने मारी बाजी

**आरा**। जिला ग्रेपलिंग (कुश्ती) प्रतियोगिता खेल भवन में हुआ, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के 100 किलोग्राम भार वर्ग में बिहिया प्रखंड के आयर निवासी सुधांशु कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुधांशु कुमार, जो निर्मल कुमार के पुत्र हैं, ने अपने दमदार खेल के बल पर जिले का मान बढ़ाया है। उनकी जीत से क्षेत्र में खुशी है और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी। सुधांशु कुमार पहले भी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। वे वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अब कुश्ती में भी प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। खेल प्रेमियों का मानना है कि यदि उन्हें उचित प्रशिक्षण और संसाधन मिले, तो वे राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और राज्य का नाम ऊंचा कर सकते हैं।

### नदांव में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण का समापन

**बक्सर**। मध्य विद्यालय नदांव में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। शिविर के दौरान बच्चों को अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता, देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनमें सकारात्मक बदलाव साफ देखने को मिला। समापन समारोह में सदर बीडीओ साधु शरण पांडेय तथा स्थानीय मुख्य सचिव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के उत्साह, अनुशासन और प्रशिक्षण के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

### प्यास से तड़प रहे लोग, नल-जल योजना ठप

**ब्रह्मपुर**। बक्सर जिले में पारा 43 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। भीषण गर्मी में जहां एक-एक बूंद पानी की कीमत समझ आ रही है, वहीं ब्रह्मपुर प्रखण्ड के दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के छोटकी नैनीजोर वार्ड नंबर 10 (पश्चिम टोला, अनुसूचित बस्ती) में नल-जल योजना पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। करीब एक महीने से घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा और लोग प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पानी के लिए तरस रहे लोग : एक तरफ लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, तो दूसरी तरफ पाइपलाइन की बदहाली के कारण सैकड़ों लीटर पानी रोज सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। जगह-जगह पाइप फटने से पानी घर तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाता है। यह नजारा नल-जल योजना की हकीकत को बयां कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही है। बार-बार शिकायत के बावजूद न तो पाइपलाइन की सही से मरम्मत हुई और न ही कोई स्थायी समाधान निकाला गया। घटिया निर्माण और लापरवाही का खामियाजा आज पूरा गांव भुगत रहा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोनू कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है और बहुत जल्द समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द दुरूस्त होगी जलापूर्ति व्यवस्था : नल-जल के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार ने भी कहा कि जल्द मरम्मत कराकर नियमित जलापूर्ति बहाल की जाएगी। साथ ही मीटर रीडिंग के आधार पर जांच कर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी

### अनदेखी: रघुनाथपुर-बगेन मार्ग जर्जर, दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

**ब्रह्मपुर**। रघुनाथपुर बगेन मुख्य मार्ग की स्थिति खतरनाक हो चुकी है। बालू लदे ओवरलोड ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही से सड़क पूरी तरह टूट गई है। दुर्घटना की आशंका से वाहन चालक सहमे रहते हैं। लेकिन, जिम्मेदार विभाग अब भी खामोश हैं। सबसे गंभीर स्थिति रघुनाथपुर–बगेन मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पुलिया की है, जो पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। हालत यह है कि पुल से लोहे की सरिया बाहर झांकने लगा है। लगातार भारी वाहनों के दबाव से इसकी संरचना कमजोर हो गई है और किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार रातभर भारी ट्रकों की आवाजाही और दिन में सड़क पर ट्रकों के जमावड़े से जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे बने मकानों में कंपन से दरारें पड़ने लगी है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। सबसे भयावह स्थिति तब होती है जब मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस ट्रकों की लंबी कतार में फंस जाती है।

# पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहें, पंपों पर लगी लंबी लाइन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहों के कारण अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया है। मंगलवार सुबह से ही शहर के अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों की लंबी लाइन देखी गईं। लोग सूर्योदय से पहले ही पंपों पर पहुंच गए और घंटों इंतजार के बाद उन्हें तेल मिल सका। इस दौरान स्कूली बसें, ट्रक, ऑटो और निजी वाहन सभी एक ही लाइन में खड़े नजर आए, जिससे पूरे शहर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों, खासकर महाराजा पेट्रोल टंकी पर भारी भीड़ उमड़ी। कई वाहन चालकों ने बताया कि वे अफवाहों के कारण टंकी फुल कराने पहुंचे हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत हो सकती है।

**सामान्य दिनों में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं रहती:** पेट्रोल पंप संचालक सोनू राय ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि उनके पंप पर सामान्य दिनों में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल हल्की कमी जरूर हुई है, लेकिन 24 घंटे के भीतर दोबारा तेल की आपूर्ति हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत पेट्रोलियम की ओर से नियमित रूप से तेल दिया जा रहा है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। राय ने बताया कि कई पंपों के बंद होने की जानकारी मिलने से अचानक दबाव बढ़ गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनियां एडवांस भुगतान के बाद तेल की आपूर्ति कर रही हैं, और कुछ टैंकर जाम में फंसे होने के कारण देरी हो रही है।

**सभी को पेट्रोल-डीजल मिलेगा - पेट्रोल पंप संचालक:** सोनू राय ने आम लोगों से धैर्य बनाए रखने, धक्का-मुक्की न करने और नोजल कर्मियों का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा, "सभी को पेट्रोल-डीजल मिलेगा, बस संयम रखना जरूरी है।" उनके अनुसार, हालात जल्द सामान्य हो जाएंगे और रात तक स्थिति काफी हद तक नियंत्रित हो सकती है। दरअसल, बाजार में इन दिनों कई तरह की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। कुछ लोगों का दावा है कि देश के पास मात्र 20 दिनों का ही पेट्रोल-डीजल का स्टॉक बचा है, जबकि कुछ लोग पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आशंका जता रहे हैं। इन चर्चाओं ने आम लोगों के बीच भय और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है, जिससे लोग जरूरत से ज्यादा तेल भरवाने के लिए दौड़ पड़े हैं।

**एक्सपर्ट्स बोले - पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं:** हालांकि, जानकारों और विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है।

## एक ही परिवार के 5 लोगों पर हमला



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के परशुराम गांव में बच्चों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से बेरहमी से पिटाई कर दी गई। जिसमें एक व्यक्ति का सिर फट गया। दूसरे पक्ष के कुछ लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। घायलों में प्रयाग यादव(49), उनके बड़े भाई हरिद्वार यादव(55), दो भतीजे गोरख यादव(17) और विभु कुमार(14) शामिल है। सभी का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना सिन्हा थाना क्षेत्र की है।

**खेलने से मना करने पर पिटाई:** पीड़ित पक्ष के गोरख यादव ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ गांव के मैदान में क्रिकेट खेलने गया था। इसी दौरान दो बड़े लड़के वहां पहुंचे, कहा कि हमलोग भी खेलेंगे। मैंने यह कहते हुए मना कर दिया कि आप उम्र में बड़े हैं। छोटे बच्चों के साथ नहीं खेल सकते। मना करने पर दोनों लड़कों ने नाराज होकर मेरी पिटाई कर दी। इसके बाद घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बात बताई। उस समय मामला शांत हो गया। कुछ ही देर बाद आरोपी युवक अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ दोबारा वहां पहुंचे। लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जो भी बीच-बचाव करने आया, उसे भी नहीं छोड़ा। चाचा पर लोहे के रॉड से हमला किया गया, जिससे उनका सिर फट गया। इस संबंध में स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

## पिकअप ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप वैन ने बाइक सवार महिला को पीछे से टक्कर मार दी। इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अपने भाई के साथ शादी की खरीदारी कर घर लौट रही थी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव के पास की है। मृतका की पहचान रोहतास जिले के पड़सर निवासी सत्य नारायण सिंह पत्नी चुन्नी देवी(42) के रूप में हुई है। चुन्नी देवी अपने मायके सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के पनवारी गांव आई हुई थी। भाई अमर सिंह के पुत्र श्रीराम सिंह की शादी आज 28 अप्रैल को तय थी, जिसे लेकर घर में खुशी का माहौल था। चुन्नी देवी अपने भाई श्रीराम के साथ आरा बाजार ज्वेलरी खरीदने गई थी। खरीदारी करने के बाद दोनों वापस पनवारी गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उदवंतनगर गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चुन्नी देवी चलती बाइक से नीचे गिर पड़ी। पैर में फ्रैक्चर हो गया। साथ ही शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

**घर में मचा कोहराम:** हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हादसे के बाद जहां एक ओर शादी की खुशियां मातम में बदल गईं, वहीं मृतका के दो बेटी जननी और नित्या का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 2 साइबर अपराधी गिरफ्तार, फर्जी आधार गिरोह का खुलासा लैपटॉप, आइरिस स्कैनर बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा**। भोजपुर साइबर पुलिस ने आधार सिस्टम से छेड़छाड़ कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले अंतर जिला गिरोह का खुलासा किया है। दरभंगा और भोजपुर से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि एक अन्य आरोपी अब भी फरार है। पुलिस ने गिरोह के पास से तीन लैपटॉप, आइरिस स्कैनर, क्लोन फिंगर प्रिंट और बायोमेट्रिक मशीन समेत कई उपकरण बरामद किए हैं। जिनके जरिए यह गिरोह आधार सिस्टम को हैक कर अवैध तरीके से नए कार्ड बना रहा था और पुराने आधार में संशोधन कर रहा था। 25 अप्रैल 2026 को आरा ब्लॉक स्थित एक अधिकृत आधार पंजीकरण केंद्र संचालक ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात हैकरों ने उनके ऑपरेटर आईडी, स्टेशन आईडी, यूजरनेम और पासवर्ड को हैक कर लिया है। इसके बाद क्लोन फिंगर प्रिंट के माध्यम से सिस्टम को बायपास कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया और विशेष टीम का गठन किया।

**झारखंड, ओडिशा तक फैला है नेटवर्क:** पुलिस अधीक्षक राज के निर्देश पर साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष स्नेह सेतू के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी की। दरभंगा के बिरौल थाना क्षेत्र से मो. फुलहसन और भोजपुर के पीरो क्षेत्र से संजय कुमार उर्फ रिटू सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह का नेटवर्क झारखंड और ओडिशा तक फैला था। जिससे इस मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

**एक आरोपी मधुबनी का रहने वाला है:** पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अधिकृत आधार केंद्रों के ऑपरेटरों का डेटा चोरी कर बड़े पैमाने पर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर रहा था। इसके साथ ही इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध नकदी निकासी जैसी गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा रहा था। फिलहाल मधुबनी जिले के एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है और पुलिस गिरोह के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

**आम जनता से अपील:** साइबर डीएसपी ने आम लोगों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सेवा केंद्रों पर ही आधार संबंधी कार्य कराएं, ताकि इस तरह के फर्जीवाड़े से बचा जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अब तक कितने फर्जी आधार कार्ड बनाए गए हैं और इस नेटवर्क का विस्तार किन-किन जिलों तक है।

# 29 अप्रैल को बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर पुलिस ने आगामी 29 अप्रैल को चोल मुंडन समारोह के अवसर पर शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है। इस दौरान सुबह 3 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों, ट्रैक्टर और पिकअप के शहर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सामान्य यातायात व्यवस्था सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी, जिसका उद्देश्य कार्यक्रम के दौरान सुगम यातायात सुनिश्चित करना है।

**वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध:** निर्देश के तहत, शहर के कई प्रमुख मार्गों पर दो पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध या आंशिक प्रतिबंध रहेगा। इनमें ज्योति चौक से थाना चौक, थाना चौक से नाथ बाबा पुल, थाना चौक से रामरेखा घाट होते हुए पीपी रोड से पुराना सदर अस्पताल, सिंडिकेट से जमुना चौक होते हुए थाना चौक तथा मठिया पुल से मुनीम चौक तक के मार्ग शामिल हैं। चारपहिया वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं। गोलम्बर से सिंडिकेट, बाईपास, ज्योति चौक, आई.टी.आई रोड होते हुए मठिया मोड़ से दानी कुटिया तक तथा गोलम्बर से सिंडिकेट, ज्योति चौक, अंबेडकर चौक होते हुए इटाढ़ी गुमटी तक आवागमन की अनुमति दी गई है।

**ई-रिक्शा-ऑटो के लिए अलग रूट किया गया तय:** ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के लिए भी अलग रूट तय किए गए हैं। इनमें गोलम्बर से सिंडिकेट, बाईपास, ज्योति चौक होते हुए स्टेशन तक; गोलम्बर से सिंडिकेट, ज्योति चौक, आई.टी.आई रोड, नाथ बाबा होते हुए नहर मार्ग से पुनः ज्योति चौक; तथा गोलम्बर से सिंडिकेट, ज्योति चौक, अंबेडकर चौक, बाजार समिति, नई बाजार होते हुए मठिया मोड़ तक परिचालन शामिल है। पार्किंग के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। ट्रैक्टर, पिकअप, बस एवं अन्य चारपहिया वाहनों के लिए हवाई अड्डा मैदान, आईटीआई मैदान, बाजार समिति, गोलम्बर पार्किंग स्थल एवं इटाढ़ी गुमटी से पहले दक्षिण दिशा में रेलवे मैदान निर्धारित किया गया है।

**किला मैदान में होगी पार्किंग की सुविधा:** वहीं, मोटरसाइकिल एवं छोटे वाहनों के लिए किला मैदान और उसके पीछे पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से इस यातायात व्यवस्था को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से चारपहिया वाहनों का प्रयोग न करें और निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें। साथ ही, मरीज, एम्बुलेंस एवं अत्यावश्यक सेवा वाले वाहनों को किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं होगी। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अपने साथ वैध टिकट रखना अनिवार्य होगा।

## अवैध कब्जा पर नगर प्रशासन का चला बुलडोजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर**। शहर को जाम की समस्या और अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को पुलिस चौकी, रामरेखा घाट रोड, पीपी रोड होते हुए ठठेरी बाजार से सत्यदेवगंज सड़क के फुटपाथ को सख्ती के साथ खाली कराया गया। दोपहर करीब दो बजे नगर परिषद के अधिकारियों की टीम, पुलिस बल के साथ ट्रैक्टर और जेसीबी लेकर सदर अस्पताल के पास पहुंच गई। यह नजारा देख दुकानदारों को माजरा समझते तनिक भी देर नहीं लगा। लोग खुद से कराकट के छज्जे को खोलकर हटाने लगे। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शाम के करीब चार बजे तक चली। अभियान की शुरुआत सदर अस्पताल गेट से हुई। सड़क के दोनों तरफ गुमटी में चल रहे दुकानों को हटाया गया। फुटपाथ पर कर्नाटक लगा कई लोगों ने दुकानें बना ली थी। वहीं कुछ दुकानदारों ने सड़क किनारे फुटपाथ पर ईंट सिमेंट से पक्का निर्माण कराकर चाय और नाश्ता का दुकान चला रहे थे। जारी रहेगा अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रभारी सफाई निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 24 अप्रैल को भी शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को शहर के पीपी रोड से लेकर मुनीम चौक, गोला बाजार रोड में फुटपाथ से किसी भी तरह के किये गये अब।जा को सख्ती के साथ हटाया जाएगा।

## करंट लगने से महिला की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर नगर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब महिला छत पर कपड़े सुखा रही थी। मृतका की पहचान पिंकी देवी (33) के रूप में हुई है। वह अपने पति राजू कुमार और दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती थीं। राजू कुमार समोसे का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पिंकी देवी के बच्चों की उम्र लगभग 11 और 13 साल है।

**करंट से झुलसकर जमीन पर गिरी:** दोपहर में पिंकी देवी छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थीं। जब उन्होंने धुली हुई चादर को दीवार पर डालने की कोशिश की, तो वह पास से गुजर रहे 11 केवी के बिजली तार में फंस गई। चादर भीगी होने के कारण उसमें तेजी से करंट प्रवाहित हुआ और पिंकी देवी उसकी चपेट में आ गईं। करंट लगने से पिंकी देवी बुरी तरह झुलस गईं और छत पर ही गिर पड़ीं। परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

**हाई वोल्टेज तारों को सुरक्षित करने की मांग:** इस घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है। पड़ोसियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि रिहायशी इलाकों में खुले और खतरनाक तरीके से गुजर रहे हाई वोल्टेज तारों को सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# ट्रक की टक्कर से 2 भाइयों की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में मंगलवार सुबह ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 भाइयों की मौत हो गई। दोनों अपनी बहन की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने जा रहे थे। यह घटना ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के देवकुली गांव के पास आरा-बक्सर फोरलेन पर हुई। मृतकों की पहचान भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के करनामेपुर (लालू के डेरा) निवासी बृज बिहारी पासवान के बेटे गणेश पासवान (20) और मुन्ना पासवान (22) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई मंगलवार सुबह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर लह्ठान जा रहे थे।

**सड़क पर ही पड़े रहे दोनों के शव:** इसी दौरान देवकुली गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ समय तक दोनों के शव सड़क पर ही पड़े रहे, जिससे आरा-बक्सर फोरलेन पर यातायात बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ब्रह्मपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ भी जुट गई थी। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाया और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क किया जाम:** इधर, घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि NH-922 पर लगातार ट्रकों की लंबी कतार लगी रहती है और ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। उनका आरोप है कि ट्रैफिक नियंत्रण के अभाव और भारी वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही के कारण ही यह हादसा हुआ है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है।

**7 मई को बहन की थी शादी:** हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शादी की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अचानक मातम छा गया। बताया जा रहा है कि मृतकों की बहन की शादी 7 मई को तय थी, जबकि 3 मई को तिलक और 6 मई को हल्दी की रस्म होनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियों को पल भर में छीन लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सड़कें बढ़ीं, सुरक्षा घटी, पहाड़ से मैदान तक हादसों का बढ़ता खतरा

उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है। इसमें दोराय नहीं कि विकास में पिछड़े देश के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ के दुर्गम इलाकों में भी अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिससे वहां का कठिन जनजीवन काफी हद तक आसान हो गया है। मगर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुरक्षित सफर का पहलू भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस मसले पर शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद सड़क हादसे कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं।उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है।

सवाल है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, सड़कों की समुचित देखरेख और निर्माण में कमियों पर गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या सिर्फ कागजों में योजनाओं और उपायों का खाका खींचने भर से सड़क दुर्घटनाएं कम हो जाएंगी? इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है?गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़क से सफर सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत का यह कहना बेवजह नहीं था कि जिन खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है, अगर उनकी वजह से सड़क हादसों में एक भी जान जाती है, तो यह संबंधित राज्य एवं प्राधिकरण की सुरक्षा जिम्मेदारी में कमी और लापरवाही को दर्शाता है। पहाड़ी राज्यों में तो भौगोलिक जटिलताओं की दृष्टि से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम ज्यादा होता है और ऐसे में वहां हर स्तर पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है।मगर शायद ही इस पर कोई विशेष ध्यान दिया जाता है और यही लापरवाही आए दिन पहाड़ी इलाकों में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

### बंपर वोटिंग के मायने

पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले।पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के तहत गुरुवार को हुआ मतदान पार्टियों के बीच जीत के लिए जोर-आजमाइश या राजनीतिक खींचतान से ज्यादा डाले गए वोट के फीसद के लिए दर्ज किया जाएगा। निश्चित तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि लोकतंत्र के एक पर्व के तौर पर देखे जाने वाले चुनाव और मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदाता हिस्सा लें।मगर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अब तक जितने अधिकतम लोगों ने वोट डाले थे, इस बार के चुनाव में वह आंकड़ा पार कर गया। स्वाभाविक ही इसे लोकतंत्र के जीवन और आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता फैलने के रूप में देखा जा रहा है। मगर इसके समांतर कुछ अन्य सहायक कारक भी स्पष्ट हैं, जिनकी वजह से पात्र मतदाताओं ने दोनों राज्यों में जम कर वोट डाले।गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव के पहले चरण में करीब तिरानबे फीसद लोगों ने मतदान किया, जबकि तमिलनाडु में पचासी फीसद से ज्यादा लोग घर से निकले और उन्होंने वोट डाले।जाहिर है, इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों ने अगर मतदान किया है, तो इसके पीछे मुख्य कारण संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनता के बीच फैली व्यापक जागरूकता है और यह देश के लोकतंत्र के लिए एक सुखद संकेत है। हालांकि पश्चिम बंगाल में होने वाले किसी भी चुनाव में मतदान का फीसद सामान्य तौर पर अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा रहता है, लेकिन इस बार का आंकड़ा अगर इतना ऊंचा गया है, तो इसकी वजह वहां के राजनीतिक माहौल में प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच आक्रामक खींचतान से पैदा हुआ उद्वेलन भी है, जिसने बहुत सारे लोगों को अपना वोट हर हाल में डालने को लेकर जागरूक किया।तमिलनाडु में भी कमोबेश स्थिति यही रही। दिलचस्प यह है कि इन दोनों राज्यों के चुनावी गणित में अब तक भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं रहा है, लेकिन इस बार के चुनाव प्रचार में योजनाबद्ध तरीके से इसने जिस स्तर का दखल दिया, उसमें यह विपक्षी पार्टियों के विरोध का केंद्र बन गई।

**व्यापार के मोर्चे पर भारत को 'टैरिफ किंग' और हानिकारक बताने के साथ साथ राजनयिक रूप से 'अच्छे रिश्ते' बताकर दोहरा रुख अपनाया है। इसी प्रकार ट्रंप भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी भी करार दे चुके हैं टैरिफ वार की खींझ में। उनके इस रवैये से भारत का अविश्वास अमेरिका और उनके प्रति बढ़ा है।**

# भारत नरक नहीं, स्वर्ग का अहसास है

## मानवता का वैभव, सभ्यता का प्रकाश है!

**(कमलेश पांडे )**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए अब तक कई बार ऐसे तीखे या अपमानजनक बयान दिए हैं जिनके पश्चात उन्होंने या तो रुख बदल दिया या सॉफ्ट स्टेटमेंट जारी करके अपनी बात पर 'यू टर्न' लेकर साफ साफ मुकर जैसा अंदाज़ दिखाया है। हाल ही में फिर उन्होंने 'नरक जैसा देश' वाला बयान दिया और फिर यू टर्न ले लिया। उनका रवैया दुनिया का थानेदार समझे जाने वाले सर्वाधिक विकसित और धनी देश अमेरिका के शालीन, सभ्य और सुसंस्कृत होने पर सवालिया निशान लगाने को काफी है।

खासकर भारत के खिलाफ जिसका अंतर्राष्ट्रीय आचरण सदैव मर्यादित रहता आया है। भारत पैसे वालों की कद्र नहीं करता, क्योंकि यह तो देशी-विदेशी अपराधियों और वेश्याओं के पास भी खूब होता है, लेकिन सामाजिक प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं होती। ट्रंफ के नेतृत्व में अमेरिका इसी फूहड़ता से ग्रसित है, अभिशप्त है और अंतर्राष्ट्रीय गुंडई में इतना आगे निकल चुका है कि उसके मित्र देश भी उसके साथ खड़े होने में परहेज कर रहे हैं और उसे यूज एंड थ्रो कर रहे हैं। ईरान-अमेरिका युद्ध ने अमेरिका की पूरी मिट्टी पलीद कर दी है और उसके डीप स्टेट की जो भद्द पिटी है, वैसा कोई उदाहरण अन्यत्र नहीं मिलता। शायद इसी खीझ का नाता ट्रंफ के नारकीय विवाद से है।

आइए, जानते हैं कि सबसे हाल का विवाद 24 घंटे में ही कैसे दोनों ध्रुवों पर घूम गया, जब भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट का हिस्सा शेयर किया, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को 'नरक' जैसी जगह बताया गया। इस पोस्ट में भारतीयों के बारे में नस्लवादी टिप्पणी भी थी कि भारत-चीन से लोग अमेरिका आते हैं बस यहीं बच्चे पैदा करने के लिए ताकि उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिकता मिल जाए, जो भारतीय डिप्लोमैसी और जनता के लिए बेहद अपमानजनक माना गया।

फिर अगले ही नए बयान में ट्रंप ने रुख पूरी तरह बदल दिया, क्योंकि समझ में आ गया कि ये मोदी का भारत है, चुपचाप उल्टा लटका देगा। कोई काम नहीं आएगा, जब कूटनीतिक शतरंज की एक चाल चल देगा तो। लिहाजा, उन्होंने जनता के बीच और अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता के ज़रिए कहा कि भारत 'एक महान देश' है, 'मजबूत और महान राष्ट्र' है और भारत के शीर्ष नेता (प्रधानमंत्री मोदी) के साथ उनकी 'निजी दोस्ती' है। काबिलेगौर है कि इस तरह 24 घंटे के अंदर वही शख्स जो भारत को 'हार्ड टू डेल विथ' या नरक जैसी जगह कह चुके थे, उसी देश की तारीफ़ में बोलने लगे, जिसे राजनीतिक यू टर्न और दबाव में बदला गया माना जा रहा है। अब इनकी टैरिफ और टैरिफ किंग वाली पुरानी टिप्पणी को स्मरण करा देते हैं। इसके अलावा ट्रंप ने व्यापार के मसले पर भी दोहरा अपना बयान दिया है। अपने कई इंटरव्यू और भाषणों में उन्होंने भारत को 'टैरिफ किंग' कहा है, और यह कहा है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है, जिससे अमेरिकी उत्पादों को नुकसान होता है। इसी क्रम में उन्होंने भारत पर जवाबी टैरिफ लगाने की धमकी भी दी, लेकिन एक ही हवन में ही यह भी कहा कि भारत के साथ 'बहुत अच्छे संबंध' हैं, यानी एक ही बयान में औपचारिक तारीफ़ और व्यावहारिक धमकी दोनों। निष्कर्षन के तौर पर पैटर्न यह दिखता है कि ट्रंप ने भारत के लिए एक बार नफरत भरी, नस्लवादी, 'नरक जैसा देश' वाली भाषा इस्तेमाल की, और फिर तुरंत मिटाने के लिए भारत को 'महान देश' और प्रधानमंत्री मोदी को 'अपना दोस्त' कहकर मुकर जैसा कर दिया। वहीं, व्यापार के मोर्चे पर भारत को 'टैरिफ किंग' और हानिकारक बताने के साथ साथ राजनयिक रूप से 'अच्छे रिश्ते' बताकर दोहरा रुख अपनाया है। इसी प्रकार ट्रंप भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी भी करार दे चुके हैं टैरिफ वार की खींझ में। उनके इस रवैये से भारत का अविश्वास अमेरिका और उनके प्रति बढ़ा है। स्पष्ट है कि अमेरिका के सफल बिजनेसमैन और शातिर राजनेता से राष्ट्रपति बने डॉनल्ड ट्रंफ अपने सिरफिरे विचारों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन जब से वो डीप स्टेट के हाथों का खिलौना बने, अपने अनाप-शनाप और अदूरदर्शिता भरे फैसलों से अंतरराष्ट्रीय जगत में अमेरिका की थू-थू करवा रखी है। पहले ट्रेड वार और अब सैन्य वार के बाद उसकी जो अंतरराष्ट्रीय फजीहत हुई है, उसके जैसे सो कॉल्ड देश ताकतवर की कलई खुल गई। यूक्रेन से शुरू हुई कूटनीतिक दोगलागिरी ईरान पहुंचते-पहुंचते न केवल चारो खाने चित्त हो गई, बल्कि आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंफ की बयानबाजी अब समझदार लोगों के लिए कोई मायने नहीं रखी। कभी वह भारत को 'डेड इकोनॉमी' बताते हैं, तो कभी नरक जैसा देश! शायद इसलिए कि भारतीय नेतृत्व उनके इशारों पर नहीं थिरक रहा है, जिससे रूस-चीन भी उसे भाव देना बंद कर चुके हैं। दुनिया का थानेदार अमेरिका को बेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के बाद जब कड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने यह समझ लिया कि रूस-चीन भी उससे डरे हुए हैं। इसी उत्साह में अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर धावा बोल दिया और महज दो माह के भीतर ही परेशान हो उठा। इससे ईरान-रूस-चीन की संयुक्त ताकत का उसको एहसास हुआ। वहीं इसी मुद्दे पर नाटो में फूट भी पड़ गई और यूरोप तटस्थ बन गया। इसी बौखलाहट में ट्रंफ भारत और चीन को नरक जैसा बताने लगे। बताते चलें कि भारत और चीन जैसी प्राचीन सभ्यताओं को 'नरक' बताने का संदर्भ हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने जन्मसिद्ध नागरिकता के मुद्दे पर भारत-चीन को हेलोहोल कहा। यह बयान ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी से प्रेरित है, जहां वे आरोप लगाते हैं कि इन देशों से प्रवासी अमेरिका की सुविधाओं का दुरुपयोग करते हैं। जबकि ऐतिहासिक वास्तविकता कुछ और है, जो कई मायने में गौरवशाली भी है। वास्त्व में, भारत और चीन दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताएं हैं, जिन्होंने ज्ञान, संस्कृति और व्यापार में दुनिया को प्रभावित किया–चीन भारत को कभी 'स्वर्ग से बढ़कर' मानता था। जबकि अमेरिका की कोई प्राचीन सभ्यता नहीं है; यहां माया-इंका जैसी मूल निवासी सभ्यताएं 3000 ईसा पूर्व की हैं, लेकिन आधुनिक अमेरिका 15वीं शताब्दी के बाद यूरोपीय उपनिवेशवाद से उभरा है।

## आम आदमी पार्टी पर बड़ा संकट- केजरीवाल कब छोड़ेंगे पार्टी सुप्रीमो की कुर्सी?

**(संतोष कुमार पाठक )**

आंदोलन के समय के दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर केजरीवाल ने जिस राघव चड्ढा और संदीप पाठक जैसे नेताओं को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाया, उन्होंने ही एक झटके में केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इन नेताओं ने सिर्फ केजरीवाल को झटका ही नहीं दिया, बल्कि राज्यसभा में एक तरह से आम आदमी पार्टी को खत्म ही कर दिया।

आम आदमी पार्टी के सुप्रीम लीडर अरविंद केजरीवाल अपने सांसदों द्वारा 24 अप्रैल को उन्हें दिए गए गिफ्ट को कभी भूल नहीं पाएंगे। सरकार से लड़-भिड़कर केजरीवाल ने अदालत के जरिए जो सरकारी बंगला लिया था, उस बंगले में परिवार सहित शिफ्ट होने की जानकारी केजरीवाल ने जिस दिन सोशल मीडिया पर शेयर किया, उसी दिन उनके भरोसेमंद सांसदों ने उनकी पार्टी ही तोड़ दी।

आंदोलन के समय के दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर केजरीवाल ने जिस राघव चड्ढा और संदीप पाठक जैसे नेताओं को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाया, उन्होंने ही एक झटके में केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इन नेताओं ने सिर्फ केजरीवाल को झटका ही नहीं दिया, बल्कि राज्यसभा में एक तरह से आम आदमी पार्टी को खत्म ही कर दिया।

राघव चड्ढा की जिस काबलियत को देखकर एक जमाने में कुमार विश्वास, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल ने उन्हें इंटर्न के तौर पर पार्टी के साथ जोड़ा था। उसी काबलियत का इस्तेमाल करते हुए बड़ी ही चालाकी से राघव चड्ढा ने आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 का जुगाड़ ( खुद को मिलाकर) करते ही बीजेपी का दामन थाम लिया।टूट के लिए कानूनी रूप से जरूरी दो-तिहाई सांसदों का जुगाड़ कर एक बार फिर से राघव चड्ढा ने अपनी काबलियत तो साबित कर दी लेकिन इस बार वे अपने ही राजनीतिक गुरु केजरीवाल पर भारी पड़ गए। पार्टी छोड़ने से पहले उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, जिस पार्टी को खून-पसीने से सींचा वह अपने सिद्धांतों से भटक गई है। वहीं केजरीवाल ने अपने राजनीतिक स्टाइल के मुताबिक, बीजेपी पर पंजाबियों के साथ धोखा देने का आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी और उनके पूरे सिस्टम ने इन्हें गद्दार, यहां तक कि देशद्रोही तक साबित करने का अभियान छेड़ दिया है।

जबकि होना तो यह चाहिए था कि इतनी बड़ी टूट के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं, खासकर आंदोलन के समय के नेताओं को बैठकर आत्ममंथन करना चाहिए। वर्ष 2013 से पहले और उसके बाद आए तमाम नेताओं पर नजर डालते हुए, यह सोचना चाहिए कि अब तक कितने गए, कब गए, क्यों गए और किसकी वजह से गए? लेकिन इसकी बजाय केजरीवाल पार्टी छोड़कर जाने वाले हर नेता को गद्दार साबित करने में जुट जाते हैं ताकि पार्टी के अंदर कोई भी उनके रवैए पर सवाल न उठा पाए।

आप का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए गए देशव्यापी आंदोलन से हुआ था इसलिए इस पार्टी का खत्म होना दशकों तक इस देश को आंदोलन के नाम से डराता रहेगा। इसके लिए सिर्फ ऑपरेशन लोटस और बीजेपी को जिम्मेदार बता देने से काम नहीं चलेगा। संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं को तुरंत पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आपात बैठक बुलाकर कुछ कड़े फैसले लेने की पहल करनी चाहिए। दिल्ली में मिली हार के बाद अब यह सवाल तो बेमानी हो गया है कि एक व्यक्ति, एक पद के नियम के बावजूद अरविंद केजरीवाल वर्षों तक दो-दो पदों पर कैसे बने रहे?

## आज का राशिफल

### मेष
आज खर्चों में वृद्धि, सतर्क रहें. जीवनसाथी से टकराव की संभावना, झगड़ों से बचें. विदेशी निवेश सोच-समझकर करें. कठोर स्वभाव से व्यवसाय में मुश्किलें आ सकती हैं. सामाजिक स्तर पर अधूरे कार्य परेशानी का कारण बन सकते हैं. फैमिली आउटिंग कैंसिल हो सकती है. मेडिकल और टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स का ध्यान भटक सकता है. वैवाहिक जीवन में तनाव संभव. ऑफिस में बातों से बचें, कार्य पर ध्यान दें.

### वृष
आज का दिन इनकम बढ़ाने की योजना बनाएं. घाटे की भरपाई बाहरी स्त्रोत से होगी. बिजनेस क्लाइंट से विवाद खत्म होगा. सेहत में सुधार, उत्साह महसूस होगा. परिवार में रिश्तेदारों से मतभेद सुलझेंगे. पार्टनर के साथ अच्छा समय बितेगा. चतुराई से कार्य पूर्ण होंगे. सामाजिक स्तर पर पहचान बढ़ेगी. स्टूडेंट्स को स्पष्टता से नोट शेयर करने की सलाह. नई कंपनी से जॉइनिंग लेटर मिल सकता है।

### कर्क
आज आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी. पार्टनर के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी. बिजनेस लोन अप्रूवल से धन तनाव कम होगा. ग्राहकों को ऑफर देने से बिक्री बढ़ेगी. दोस्तों के साथ खड़े रहें. हल्का बुखार परेशानी दे सकता है. पब्लिक रिलेशन मजबूत होंगे. व्यापार यात्रा संभव. आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा. ऑफिस में सहयोग मिलेगा।

### सिंह
आज ससुराल पक्ष से अनबन संभव.पार्टनर से मतभेद बढ़ सकते हैं. आर्थिक परेशानी के कारण भागदौड़ बढ़ेगी. साझेदारी में सोच-समझकर निर्णय लें. बच्चों की सेहत चिंता का कारण बनेगी. परिवार में किसी की बातों में आकर विवाद हो सकता है. यात्रा में सतर्कता रखें, चोरी की संभावना. वर्कलोड बढ़ेगा, मदद लेनी पड़ेगी. बॉस का समर्थन मिलेगा.

### मिथुन
आज जॉब में नयापन आएगा. सीनियर्स की मदद से तनाव कम होगा. प्रोफेशनल और पर्सनल बैलेंस बनाए रखें. पूर्व कार्य का आउटपुट मिलेगा. परिवार से व्यवहार में सुधार जरूरी. बिजनेस में नई योजना की प्लानिंग. मार्केट सर्वे द्वारा न्यू ट्रेंड की जानकारी लें. संगीत प्रेमियों को मंच मिलेगा. सेहत अच्छी रहेगी. रोमांस भरा समय, स्टूडेंट्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### कन्या
आज जीवनसाथी से मनमुटाव संभव. पारिवारिक चर्चा से रिश्ते सुधरेंगे. प्रमोशन की गुड न्यूज़ मिल सकती है. बॉस के कार्यभार से थकान हो सकती है. जोड़ो के दर्द से परेशानी. योग-प्राणायाम करें. सामाजिक विवादों से बचें. खेल जगत में फिटनेस जरूरी. बिजनेस में पूंजी और बचत दोनों पर ध्यान दें. पार्टनर के साथ समय अच्छा रहेगा।

### तुला
आज शारीरिक तनाव संभव. दोस्तों के साथ पिकनिक की योजना बन सकती है. आत्मविश्वास ऊँचा रहेगा, नई जिम्मेदारी मिल सकती है. स्थानांतरण में रुकावट संभव. प्रेम जीवन सुखद रहेगा. संघर्ष के बाद छात्र सफलता पाएंगे. भद्रा काल में शुभ कार्य न करें. बिजनेस में तकनीकी बदलाव फायदेमंद रहेंगे. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पारिवारिक संपत्ति से लाभ संभव।

### वृश्चिक
आज संतान से सुख मिलेगा. प्रतियोगी छात्र नियमित पढ़ाई करें. स्मार्ट वर्क से सीनियर्स प्रभावित होंगे. नौकरी में बदलाव के संकेत. छोटे कार्यों की अनदेखी न करें. प्रॉपर्टी ट्रैवल संभव. विचारों को महत्व दें. बच्चों और पार्टनर के साथ समय बिताएं. ऑनलाइन सेल से लाभ. पार्टनर के साथ विवाद भूलें।

### मकर
आज रिश्तेदारों से सहायता मिलेगी. करियर पर फोकस करें, मस्ती के साथ संतुलन रखें. प्रमोशन और वेतनवृद्धि की संभावना. माता-पिता की सेहत पर ध्यान दें. खर्चों में कटौती करें. निजी रिश्तों पर सोच-समझकर निर्णय लें. स्टूडेंट्स रुचि के अनुसार कार्य करें. बिजनेस में लाभ और विस्तार के योग. वाहन चलाते समय सावधानी रखें. टैक्स संबंधित मामला सुलझ सकता है।

### कुंभ
आज पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें. उच्च शिक्षा में सफलता में देरी. तनाव दूर करने के लिए लाइफस्टाइल बदलें. ऑफिस में प्रेजेंटेशन का अवसर मिल सकता है. मानसिक उलझन और जिम्मेदारी अधिक हो सकती है. सामाजिक योजनाओं में बदलाव. प्रेम जीवन अच्छा रहेगा. सोशल मीडिया से फ्री प्रमोशन का ऑफर मिल सकता है. स्टॉक की कमी से ग्राहक वापस जा सकते हैं. यात्रा टालना बेहतर।

### धनु
आज मां की सेहत बिगड़ सकती है. पिता की सलाह मानें, टकराव से बचें.संतान का निर्णय चिंता दे सकता है. व्यापार में टेंडर मिस होने से तनाव. लोन व टैक्स समय पर चुकाएं. सामाजिक गलती पर पछतावा हो सकता है. ट्रिप कैंसिल हो सकती है. ऑफिस में डिबेट से बचें. काम का दबाव मानसिक उलझन ला सकता है. छाती में दर्द संभव।

### मीन
आज आत्मसम्मान बढ़ेगा. पार्टनर के साथ डिनर की योजना. प्रतियोगी छात्र योग व ध्यान करें.ऑफिस में साजिश का पर्दाफाश होगा. काम के तरीकों में आज़ादी मिल सकती है. परिवार के साथ समय बिताएं. गुस्से को नियंत्रित करना जरूरी. खानपान पर ध्यान दें. दूसरों की नकल से बचें. काम में समय लग सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6076

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6075

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## वर्ग पहेली 6076

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | |
| 22 | | 23 | ■ | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | | ■ | 26 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह चीनी जनावादी गणराज्य की राजधानीर है जिसे बीजिंग भी कहा जाता है (4)
4. समझौता, संधि (3)
6. निशा, विभावरी, रजनी (2)
7. रात्रि को यह भी कहते है (3)
9. यह देश जंबूद्वीप के दक्षिण पश्चिम खंड में स्थित देश है (3)
11. चुनौती (4)
13. रूपवती स्त्री, सुंदर स्त्री (4)
15. दार्शनिक प्रणाली, राय (2)
17. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
18. गर्व, फख्र, घमंड (2)
19. बहुत बड़ा हथौड़ा, घनसार (2)
21. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
22. मुश्किल, कठिन (3)
24. शत्रु, बैरी, दुश्मन (2)
25. संसार, जगत, दुनिया, जग (2)
26. पहरेदार, रखवाला, द्वारपाल (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. पेरने की मजदूरी, पेरने की क्रिया (3)
2. इठलाना, ऐंठना (4)
3. पटना से करीब 90 किमी.दक्षिण में एक पुण्य स्थान जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
4. पहने रेडियों उद्घोषक फिर अभिनेता ओर अंत में राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे जिनका निधन 25 मई 2005 को हुआ (सिर्फ नाम)(3)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार जो शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)
8. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला (5)
10. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
12. हसरत, आरजू, तमन्ना, वांछा (3)
14. मेघ, बादल (3)
16. सुप्रसिद्ध कवि कालिदास की प्रसिद्ध कृति (4)
20. पंचतत्वों मे से एक, आकाश, अंबर (2)
23. भास्कर, दिपपति, दिनकर (2)
24. परंपरा, वास्तविक, ईश्वरीय विधान (2)

### वर्ग पहेली 6075 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | क्ष | क | दि | व | स | ■ | ■ |
| व | य | ■ | वा | र | दा | त | ■ |
| प्रि | ■ | प | क | ना | ■ | ला | ल |
| या | द | गा | र | ■ | भू | त | ल |
| ■ | न | र | ■ | ल | क | ल | क |
| वा | द | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ना |
| प | ना | ह | दे | ना | ■ | ना | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | भू | टा | न |

स्वत्वाधिकारी श्रीराम अम्बष्ट के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमंक प्रिंटर्स, ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, घर आँगन, बिरजू जी का हाता, छोटी बदलपुरा, खगौल, जिला-पटना, बिहार में मुद्रित। संपादक-साकेत कुमार, मो. - 9934957121, 9488212062, 7766886433, E-mail : svvpat@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### सरायकेला-खरसावां में चापाकल और जलापूर्ति सुधार के लिए कंट्रोल रूम शुरू

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में खराब चापाकल और पानी सप्लाई की योजनाओं को ठीक करने के लिए पेयजल और स्वच्छता विभाग ने एक कंट्रोल रूम बनाया है। अब लोग यहां चापाकल, छोटी और बड़ी पानी सप्लाई योजनाओं में आई खराबी की शिकायत कर सकते हैं। शिकायत मिलने के बाद विभाग के इंजीनियर खराब चापाकल और योजनाओं को ठीक करेंगे। कंट्रोल रुम में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिकायत दर्ज किया जा सकता है। इसके लिए जूनियर इंजीनियर मंगल सिंह बाहंदा (मोबाईल नंबर : 8674928011), उच्च वर्गीय लिपिक राजू तिग्गा (मोबाईल नंबर : 7209358672) और निम्न वर्गीय लिपिक सोमु तिग्गा (मोबाईल नंबर : 9693211286) के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। कनीय अभियंता मंगल सिंह बाहंदा को कंट्रोल रुम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। पेयजल और स्वच्छता विभाग ने प्रखंड स्तर पर अलग से शिकायत दर्ज कराने की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावे लोग संबंधित प्रखंड के जूनियर इंजीनियर के अलावे सहायक अभियंता के मोबाईल नंबर पर कॉल कर पेयजल समस्या से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। इसके लिए विभाग की ओर से जूनियर इंजीनियर और सहायक जीनियर का मोबाईल नंबर जारी किया है। सहायक इंजीनियर मांगीलाल गिलुवा (मोबाईल नंबर।7091123335) पर संपर्क किया जा सकता है।

### हजारीबाग में आरटीई के तहत 23 निजी स्कूलों में 279 बच्चों का नामांकन

**हजारीबाग , एजेंसी।** झारखंड में हजारीबाग जिले के अलग-अलग 23 निजी स्कूलों के प्रवेश कक्षा में सत्र 2026-27 के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 279 बच्चों के नामांकन संबंधित पहली सूची शिक्षा विभाग ने जारी किया। इसमें मिले 580 आवेदनों में सत्यापन के बाद लगभग 180 आवेदन को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है। शेष आवेदनों के साथ मौजूद कागजात पर अभिभावकों से उनका पक्ष मांगा गया है। आवेदक 28 अप्रैल शाम 4:00 बजे तक अपना पक्ष रख सकते हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया सत्यापित सभी 580 बच्चों की सूची को हजारीबाग ध्रुद्वष् ष्ध्द्व पर डाला गया है। इसमें 180 आवेदन के आवश्यक कागजात जांच में सही मिलने पर सभी को विचाराधीन (अंडर कंसीडरेशन फॉर रेंडमाइजेशन) की श्रेणी में रखा गया है। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 279 बच्चों के नामांकन को लेकर शिक्षा विभाग ने पोर्टल बनाकर निर्धारित समय सीमा यानी 14 मार्च 2026 तक 580 आवेदन प्राप्त किया है। नियम अनुसार इसमें अलग-अलग 23 निजी स्कूलों के लिए 279 बच्चों की सूची शिक्षा अधिकारी/कर्मी की एक टीम तैयार करने में जुटी है। अंतिम रूप से तैयार सूची संबंधित स्कूलों को भेजा जाएगा। आरटीई में गरीब बच्चों का नामांकन होना है। इसके लिए आरटीई के संकल्प पत्र में बच्चों के अभिभावकों को 72,000 का इनकम सर्टिफिकेट (आय प्रमाणपत्र) अनिवार्य किया गया है।

### 5 दिन से लापता एक युवक और दो युवतियों का बरामद, मामला संदिग्ध

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीते 5 दिन से लापता एक युवक और दो युवतियों के शव सोमवार को पोता जंगल स्थित नदी से बरामद किया गया। जंगल से शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मृतकों की पहचान पुलिस के द्वारा कर ली गयी है। तीनों पिछले कई दिनों से लापता थे, जिनकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। परिजनों ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुफस्सिल थाना पुलिस ने शुरुआत में आश्वासन दिया था कि सभी लापता युवक-युवतियां सुरक्षित हैं और जल्द ही उन्हें वापस लाया जाएगा। परिजनों का यह भी आरोप है कि एक व्यक्ति ने उनसे 50 हजार रुपये की मांग की थी और दावा किया था कि वह तीनों को सकुशल वापस ला देगा। परिजनों के अनुसार, समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण आज यह दुखद घटना सामने आई। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि तीनों के शरीर पर चोट के निशान हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना से नाराज परिजन और स्थानीय ग्रामीण शव को लेकर झंडा चौक पर जाम कर दिया। जिससे यातायात भी कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते अगर प्रशासन कदम उठाती तो यह घटना नहीं होती। 5 दिन पहले गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था लेकिन प्रशासन इस मामले को लेकर सचेत नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि उचित मुआवजा दिया जाए और जो आरोपी है उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो।वहीं इस पूरे मामले में सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ टिप्पणी की जा सकती है।

#### कोडरमा में मैट्रिक रिजल्ट खराब,

# 40 स्कूलों से मांगा गया जवाब

**कोडरमा, एजेंसी।** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा 2026 में कोडरमा जिले का रिजल्ट इस बार काफी खराब रहा है। पिछले साल जिला पहले नंबर पर था, लेकिन इस बार 20वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे कई सवाल उठ रहे हैं। खासकर सालभर चलाए गए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रोजेक्ट रेल और आवासीय कोचिंग जैसी योजनाएं भी सवालों में हैं। शिक्षा विभाग के कामकाज पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसी को गंभीर मानते हुए विभाग ने 40 स्कूलों के प्रिंसिपल, प्रभारी प्रिंसिपल और जिन विषयों में छात्र फेल हुए, उन शिक्षकों से जवाब मांगा है। सभी को दो दिन के अंदर बताना होगा कि उनके स्कूल का रिजल्ट 100% क्यों नहीं रहा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम के स्तर से जारी पत्र में कहा गया है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में कोडरमा जिले का परीक्षाफल काफी निराशाजनक रहा है। पूर्व में कई बार बैठक और वीडियो कांफ्रेंसिंग कर उपायुक्त और मेरे स्तर से शत प्रतिशत परिणाम हासिल करने को लेकर कई निर्देश दिया गया था, लेकिन आप लोगों के द्वारा कार्य में शिथिलता बरती गई है जिसके परिणाम स्वरूप कोडरमा जिले में 93.86 प्रतिशत छात्र छात्राएं उतीर्ण हुए हैं। जो राज्य के औसत प्रतिशत से भी कम है। पत्र में आगे कहा गया है कि आखिर किस परिस्थिति में आपके विद्यालय का प्रदर्शन अपेक्षाकृत शत-प्रतिशत नहीं रहा। अगर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ तो अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। बता दें कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में कोडरमा जिले से 12,214 छात्र छात्रायें शामिल हुए थे




,जिसमे से 11,465 सफल रहे ,जबकि 749 असफल रहे उतीर्ण करने वालों में प्रथम श्रेणी से 6196, द्वितीय श्रेणी से 4513 और तृतीय श्रेणी से 756 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

बताया जाता है कि शिक्षा विभाग ने जिन 40 स्कूलों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक-शिक्षिकाओं से स्पष्टीकरण मांगा है उसमें इस वर्ष जिला टॉपर देने वाला विद्यालय भी शामिल है। इस वर्ष के परिणाम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनपूरा जयनगर की राजनंदिनी जिला टॉपर बनी थी, जबकि रानी जिले में दूसरे स्थान पर रही थी, लेकिन इस विद्यालय से परीक्षा देने वाले कुल 130 विद्यार्थियों में दो अनुतीर्ण हो गए। ऐसे में शत प्रतिशत परिणाम नहीं रहने पर विभाग ने प्रधानाध्यापक और अनुतीर्ण विषय के शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जानकारी सामने आई है कि जिले के कुछ स्कूल ऐसे हैं जिनके 1 या 2 बच्चे अनुतीर्ण हुए हैं, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जहां से परीक्षा देने वाले कुल विद्यार्थियों में 25 से 28 की संख्या में विद्यार्थी अनुतीर्ण हो गए हैं। हालांकि, इन विद्यालयों से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी ज्यादा है।

सीएच प्लस टू विद्यालय झुमरीतिलैया, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, राजकीयकृत 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, पीएम श्री परियोजना बालिका प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गझंडी, खरकोटा, इंदरवा देहाती, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पथलडीहा, डुमरडीहा, मेघातरी, इंदरवा देहाती, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, कोडरमा, सर्वोदय 2 उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना 2 उच्च विद्यालय देवीपुर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो, उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय जगदीशपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय अम्बाडीह, सिमरिया, योगिडीह, राज्य सम्पोषित 2 उच्च विद्यालय बासोडीह, परियोजना 2 उच्च विद्यालय, मीरगंज, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा, राजाबर, पचाने, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढाब, बच्छेडीह, लक्ष्मीपुर, जानपुर, उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय मसमोहना, बेहराडीह, ढुब्बा, रामेश्वर मोदी महादेव मोदी 2 उच्च विद्यालय, चंदवारा, उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय ढाब, जयपुर कांको, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां, जौंगी, विरसोडीह, हरणो, उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय बेंदी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर और सोनपुरा।

## धनबाद में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में डीसी की संध्या चौपाल, लोगों की बातों से हुए रूबरू,आत्मनिर्भरता पर फोकस

**धनबाद, एजेंसी।** जिले के दूरस्थ तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जमीनी हकीकत जानने के लिए दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संध्या चौपाल में हिस्सा लेकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी भी उपस्थित रहे। चौपाल में गड़ीडीह, रंगरंगी, निमडीह, अमराडीह और मदनपुर समेत कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे। अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने बुके देकर उपायुक्त का स्वागत किया और पूरे उत्साह के साथ उन्हें पंचायत का दौरा कराया। चौपाल को संबोधित करते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि गांवों के विकास के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है।उन्होंने जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही पशुपालन और मत्स्य पालन को आजीविका के मजबूत साधन के रूप में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। किसी भी ग्रामीण को जानकारी के अभाव में योजना से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने कुछ गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना का भी जिक्र किया, ताकि अन्य क्षेत्र उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने यह भी साफ किया कि नेरो पंचायत के किसी भी टोले को गोद नहीं लिया गया है, बल्कि यहां की प्रगति को समझने और आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए यह दौरा किया गया है। जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी पर उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही विधायक, मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## हाईकोर्ट की फटकार के बाद आठ साल से लापता किशोरी केस में पुलिस की 'री-ओपन' जांच

**गुमला, एजेंसी।** गुमला जिले में हाईकोर्ट की सख्ती के बाद आठ वर्षों से लापता किशोरी के मामले में पुलिस ने अब जांच की रफ्तार तेज कर दी है। डीजीपी के निर्देश और हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सोमवार को सदर थाना में आधा दर्जन से अधिक लोगों को बुलाकर पूछताछ की है। यह कार्रवाई चैनपुर अनुमंडल की एसडीपीओ श्रुति अग्रवाल के नेतृत्व में हुई। जिसमें खोरा जामटोली और आसपास के गांवों के कई लोगों से एक-एक कर पूछताछ की गई।

पुलिस टीम पुराने केस डायरी और रिकॉर्ड को फिर से खंगाल रही है। इस दौरान पूर्व अनुसंधान पदाधिकारी (आइओ) भी पूछताछ प्रक्रिया में शामिल किए गए, जिससे पहले की जांच में छूटे पहलुओं को समझा जा सके। हालांकि, अब तक लापता किशोरी के संबंध में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2018 में गुमला के खोरा जामटोली गांव की 13 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद लंबे समय तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता की मां ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।



जिसके बाद से यह केस न्यायालय की निगरानी में चल रहा है।

हाल ही में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने पुलिस की धीमी जांच पर नाराजगी जताते हुए 2 सप्ताह के भीतर ठोस प्रगति दिखाने का निर्देश दिया था। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गयी थी कि प्रगति नहीं होने पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा सकती है। इसके बाद राज्य की डीजीपी ने गुमला पहुंचकर पूरे मामले की समीक्षा की और जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। फिलहाल, विशेष जांच टीम (एसआइटी) दिल्ली समेत कई स्थानों पर छानबीन कर चुकी है और अब स्थानीय स्तर पर भी संदिग्धों से पूछताछ तेज कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, कनेक्टिंग फ्लाईओवर की समीक्षा की

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। विभाग के अधिकारियों ने सिरमटोली से कांटा टोली को जोड़ने वाली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के कार्य प्रगति से संबंधित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कनेक्टिंग फ्लाईओवर के कार्य प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन से संबंधित कार्रवाई जल्द से जल्द पूरा कर निर्माण कार्य को गति प्रदान करें। इस दौरान मुख्यमंत्री और अधिकारियों के बीच प्रस्तावित करम टोली से साइंस सिटी, चिरौंदी फ्लाईओवर निर्माण योजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि रांची की सड़कों पर जितने डिवाइडर हैं उनमें कुछ अनावश्यक कट्स हैं, उन कट्स को बंद किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांचीवासियों को बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था प्रदान करना राज्य सरकार



की प्राथमिकता है। इस मौके पर प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख प्रवीण जयंत भेंगरा, मुख्य अभियंता सीडीओ विजय रंजन एवं उप सचिव प्रबंधन विक्रम प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधानी की सड़कों के बीच अनावश्यक डिवाइडर कट्स बंद करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को दे रहे हैं। वर्ष 2014 से 2019 के बीच रघुवर दास के शासनकाल में तब हेमंत सोरेन नेता प्रतिपक्ष थे और झामुमो मुख्य विपक्षी पार्टी थी। वर्ष 2017 में राजधानी की सड़कों के कई डिवाइडर कट्स तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के आदेश पर बंद किये गए। उस समय डिवाइडर कट्स को बंद किये जाने को झामुमो ने लोगों के लिए परेशानी बढ़ाने वाला बताया था।

आज झामुमो के ही केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री हैं और वह अपने अधिकारियों को राजधानी की सड़कों के डिवाइडर कट्स बंद करने के निर्देश दे रहे हैं। जाहिर है कि जब यह आदेश लागू होगा तब जनता फिर एक बार सुगम आवागमन के नाम पर जनता परेशान होगी और राजनीतिक दल समय और परिस्थितियों के हिसाब से राजनीति भी करेंगे।

## पलामू में पेयजल की स्थिति गंभीर ! वित्त मंत्री और डीसी ने की हाई लेवल बैठक

**पलामू, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच पलामू में पेयजल संकट को लेकर जिला प्रशासन गंभीर हो गया है और सरकार भी इस पूरे मामले की समीक्षा कर रही है।

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अलग अलग बैठक की। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में डीसी समाहरणालय के सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।



इस बैठक में पेयजल संकट को देखते हुए कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पलामू में 1,27,037 चापाकल मौजूद है जिनमें से 3,387 चापाकल खराब हैं, जिन्हें अभियान चलाकर मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपए की अनाबद्ध राशि दी थी। इसी मद से चापाकल को मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है।

चापाकल की मरम्मत के लिए 17 गाड़ियों को तैनात किया जाएगा जबकि मंत्री ने सभी विधायकों से 20-20 चापाकल की अनुशंसा करने की आग्रह किया है। वित्त मंत्री ने सभी अधिकारियों को पेयजल संकट दूर करने के लिए कई बिंदुओं पर निर्देश दिए साथ ही पलामू का जलस्तर नीचे जाने पर चिंता व्यक्त की है।

पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने टैप और जल मीनार की योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पलामू में लक्ष्य के अनुसार 52.91 प्रतिशत ही काम हुआ है। किसी ने लक्ष्य को लेकर कई बिंदुओं पर निर्देश दिया और पीछे रहने के कारणों को भी जाना है।

## लापता युवक का नरकंकाल बरामद, 2022 से था गायब

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो से एक बार फिर चौंकाने वाली घटना सामने आई है। करीब तीन साल से लापता युवक खालिक बाबू अंसारी का नरकंकाल बरामद किया गया है। इस बरामदगी ने इलाके में सनसनी फैला दी है और पुलिस की कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ये कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी पुष्पा कांड में नरकंकाल बरामद पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के मधुटांड़ जंगल से हो चुका है।



जानकारी के मुताबिक, खालिक बाबू अंसारी बरमसिया थाना क्षेत्र के आरता गांव का रहने वाला था। साल 2015 में उसकी शादी अलकुशा निवासी हबीब अंसारी की बेटी हिना बीवी से हुई थी। 2018 से वह भर्रा बांका पुल के पास शमीम अंसारी के घर में रह रहा था। 16 जून 2022 की रात वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। 18 जून 2022 को पत्नी हिना बीवी ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया, जिसमें मारपीट के बाद लापता होने की बात भी कही गई थी।

इस मामले में सालों तक पुलिस के हाथ खाली रहे। लेकिन जैसे ही मामला हाईकोर्ट पहुंचा और फटकार लगी, पुलिस हरकत में आई। 2025 में केस दोबारा खुला और जांच तेज की गई। जांच के दौरान भर्रा कब्रिस्तान से खालिक अंसारी का नरकंकाल बरामद किया गया। हैरानी की बात ये है कि एक पिंडराजोरा थाना क्षेत्र इलाके से और दूसरा नरकंकाल चिरा चास थाना क्षेत्र के भर्रा कार्बिस्तान से बरामद किया गया है। लगातार दूसरे नरकंकाल की बरामदगी ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं दोनों ही मामले एक पिंडराजोरा थाना क्षेत्र से तो दूसरा चिरा चास थाना के भर्रा कब्रिस्तान जुड़े हैं और इनकी निगरानी चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह के अधीन आती है

मौके पर चास एसडीपीओ, चास थाना, हरला थाना और सेक्टर-4 थाना प्रभारी के साथ एफएसएल टीम भी पहुंची। पुलिस ने कब्रिस्तान को पूरी तरह सील कर दिया और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। फिलहाल पुलिस जांच की बात कह रही है।

## चार घंटे की बातचीत के बाद खत्म हुआ आंदोलन, अधिकारियों पर जमकर विफरे विधायक जयराम

**चंद्रपुरा, एजेंसी।** भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के बैनर तले चल रहे मजदूरों का आंदोलन आखिरकार छह दिनों बाद समाप्त हो गया। डीवीसी चंद्रपुरा थर्मल के सीएचपी सेक्शन में वैगन ट्रिपलर में सफाई कार्य कर रहे मजदूर 22 अप्रैल से नियमित काम की मांग को लेकर आंदोलनरत थे।

सोमवार को डुमरी विधायक जयराम महतो की पहल पर प्रबंधन और मजदूर प्रतिनिधियों के बीच करीब चार घंटे लंबी वार्ता के बाद समाधान निकल आया। वार्ता के दौरान विधायक श्री महतो का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें विधायक फिर से आक्रमक एक्शन में दिख रहे हैं। वे डीवीसी चंद्रपुरा के मजदूरों को हक दिलाने के लिए अधिकारियों पर जमकर गरजे। विधायक महतो ने प्रबंधक के सामने मजदूरों से कहा जो अधिकारी शोषण करें बाहर सड़क पर पटक के मारे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बातचीत के बाद प्लांट गेट के पास भूख हड़ताल पर बैठे मजदूरों को विधायक जयराम महतो ने जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया। इस दौरान सहमति पत्र भी सौंपा गया। वार्ता में उप श्रमायुक्त (बोकारो) रंजीत कुमार, डीवीसी प्रबंधन की ओर से परियोजना प्रमुख आरके अनुभवी, उप महाप्रबंधक (प्रशासन) नीरज सिन्हा, प्रबंधक आरके चौधरी सहित बीकेएमएस के अजय महतो व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में मजदूरों की प्रमुख मांग कार्य दिवस 13 से बढ़ाकर 26 दिन करने पर सहमति बनी।इसके लिए एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें बीकेएमएस के दो प्रतिनिधि, डीवीसी के संबंधित विभाग के दो प्रतिनिधि और उप महाप्रबंधक (प्रशासन) शामिल होंगे। यह समिति सात दिनों के भीतर कार्य की उपलब्धता का आकलन कर मजदूरों को 26 दिन काम देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

साथ ही यह भी तय हुआ कि भविष्य में जब भी नए कार्य के अवसर उपलब्ध होंगे, तब वर्तमान में 13 दिन कार्यरत मजदूरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद भूख हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की गई।

#### पानी पीते हैं तो डस्ट, खाना खाते हैं तो डस्ट, साइन मत कीजिए सर

## जीने दीजिये ! आदिवासी महिला क्यों हुई आक्रोशित

**गिरिडीह, एजेंसी।** जिला के औद्योगिक इलाके में नया स्पॉज आयरन (रोलिंग मिल) लगाने का विरोध हो गया है। सोमवार को यहां फैक्ट्री को स्थापित करने के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची द्वारा आयोजित लोक सुनवाई में लोगों ने खुलकर अपना विरोध जताया।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों एवं सदर एसडीएम श्रीकांत विस्पुते की मौजूदगी में आयोजित इस सुनवाई में लोगों ने अपनी पीड़ा रखी।

यहां सुनवाई के दरमियान एक आदिवासी महिला ने क्षेत्र का दुख खुलकर रखा। बोलते-बोलते महिला भावुक हो गई। महिला ने पूरी पीड़ा खुलकर रखी कहा। ये कैसे विकास है जहां पानी पीते समय डस्ट, खाना बनाते समय डस्ट, खाना खाते समय डस्ट, सोते-जागते डस्ट। आखिर हम भी इसी देश के संतान है तो




ऐसा भेदभाव क्यूं। यहां फैक्ट्रियों द्वारा खुलेआम प्रदूषण फैलाया जा रहा है।

महिलाएं बीमार हो रही हैं, बच्चे बीमार हो रहे हैं। पूरी पीढ़ी प्रदूषण के जद में हैं। ऐसा हमलोगों के साथ क्यूं हो रहा है। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों को भगाया और फैक्ट्री वाले हमें भगाना चाहते हैं। हमारी जल-जंगल जमीन की छीना जा रहा है। हम कहां जाए, किससे फरियाद करें। महिला यहीं नहीं रुकीं साफ कहा कि यहां नया फैक्ट्री नहीं लगने दी जाएगी। फैक्ट्री लगाने से पहले फैक्ट्री मालिक को परिवार के साथ क्षेत्र के घरों में रहने बोलिए फिर समझियेगा हमारा दर्द क्या है। महिला ने कहा कि हमें जीने दीजिये सर, हमारे बच्चों को जीने दीजिये सर।इस दौरान भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा, जेएमएम नेता हसनैन समेत स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी फैक्ट्री का खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि पहले से जो फैक्ट्री संचालित है उसने प्रदूषण खूब फैलाया और सीएसआर के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाया। यहां के लोगों को प्रदूषण मिला और रोजगार भी नहीं मिला। यहां गुजरात-महाराष्ट्र के लोग आने लगे हैं। यह सब साजिश है यहां के लोगों को जल जंगल जमीन से बेदखल करने की। यहां पर मौजूद एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों ने कहा कि आपकी बातों को नोट कर लिया गया है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।



# टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में नेगेटिव किरदार निभा रही हैं गौरी अग्रवाल

टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे।' गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, 'कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी। उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि नेगेटिव किरदार बनने के बाद कीर्ति के इंटेंस फैसलों को समझना और इमोशनल स्तर पर उन्हें स्वीकार करना उनके लिए लगातार चलने वाली प्रक्रिया रही है। कीर्ति जिस हद तक जाती है, रीत और राघव को नुकसान पहुंचाना, गुस्सा दिखाना या खुद को चरम की स्थिति में ले जाना, यह सब बहुत खतरनाक है। इन चीजों को समझना और इमोशनली सही ठहराना मेरे लिए काफी मुश्किल रहा है। टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में गौरी अग्रवाल के साथ भारत अहलावत राघव का किरदार निभा रहे हैं, जबकि आयुषी खुराना रीत की भूमिका में हैं।



# जैकी भगनानी के सिचुएशनशिप वाले बयान पर रकुल प्रीत ने दी सफाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत और एक्टर, प्रोड्यूसर जैकी भगनानी साल 2024 में शादी के बंधन में बंधे थे। इससे पहले दोनों रिलेशनशिप में भी रहे। दोनों एक-दूसरे को अच्छे से जानते समझते हैं और प्यार करते हैं। लेकिन जैकी भगनानी के हालिया इंटरव्यू ने फैंस के मन में इनके रिश्ते को लेकर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल, जैकी भगनानी ने रकुल के साथ अपने रिश्ते को सिचुएशनशिप का नाम दिया। सिचुएशनशिप का नाम उस रिश्ते को दिया जाता है, जिसे लेकर भविष्य में कोई प्लानिंग कपल नहीं बनाना चाहते हैं। इस पूरे मामले पर अब रकुल ने भी अपना नजरिया रखा है। जानिए, जैकी भगनानी के बयान पर वह क्या बोली हैं?

## रकुल प्रीत ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की

जैकी भगनानी के सिचुएशनशिप वाले बयान पर बढ़ते बवाल को देखते हुए शुक्रवार को रकुल प्रीत ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की। इसमें वह लिखती हैं, 'आज हम इस बात पर खूब हंसे कि कैसे एक घंटे लंबी बातचीत में से सिर्फ एक लाइन अचानक से सुर्खियां बन जाती है। मेरा मानना है कि हर बात में संदर्भ मायने रखता है। बारीकियां मायने रखती हैं। हमारी बातचीत इससे बेहतर की हकदार है, उसे सिर्फ क्लिकबेट बनाकर रख दिया गया। शायद अब समय आ गया है कि प्लेटफॉर्म उन कहानियों के लिए थोड़ी और जिम्मेदारी लें जो वे बनाते हैं।'

## आखिर जैकी भगनानी ने क्या बयान दिया था

बीते दिनों एक इंटरव्यू जैकी भगनानी और रकुल ने दिया था। इसी बातचीत में जैकी भगनानी ने कहा था, 'रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। हम एक-दूसरे के लिए ही बने हैं, शादी इसी वजह से हुई है। लेकिन सबसे खास बात यह है कि मैं रकुल से हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के आस-पास होने पर मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड मुझे फोन करती है, तो मैं फोन स्पीकर पर डाला देता हूं। मैं अपनी पत्नी से कुछ भी नहीं छिपाता। इसलिए मुझे अपने रिश्ते में घुटन महसूस नहीं होती है।'

## रकुल प्रीत का करियर फ्रंट

रकुल प्रीत के करियर की बात करें तो जल्द ही उनकी एक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' रिलीज होगी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई को रिलीज होगी।



# अहान शेट्टी ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल किया फाइनल

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल फाइनल कर लिया है। अब जल्द वो निर्देशक टीनू देसाई के साथ अपने इस नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। अहान ने बड़े ही आराम से इसे साजिद नाडियाडवाला से मांगकर अपने नाम रजिस्टर करवा किया। सुनने में आया है कि अहान ने यह टाइटल निर्माता साजिद नाडियाडवाला से सीधे जाकर मांग लिया। इंडस्ट्री में आमतौर पर ऐसे फैसले अंतरिक चर्चाओं और काफी बातचीत के बाद लिए जाते हैं। मगर अहान ने ऐसा नहीं किया। वो सीधे जाकर निर्माता साजिद नाडियाडवाला से मिले और टाइटल को लेकर बात की। साजिद पहले इसे किसी और फिल्म में उपयोग करने वाले थे। खबरों के अनुसार वो फिल्म भी अहान शेट्टी की ही थी पर अहान ने साजिद को बताया कि वो इस टाइटल को अपने दूसरे प्रोजेक्ट में उपयोग करना चाहते हैं।

# 'धूम 4' और 'ब्रह्मास्त्र 2' को लेकर रणबीर ने शुरू की तैयारी



अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' में प्रभु राम की भूमिका से रणबीर कपूर ने अपनी नई झलक से इंटरनेट पर धूम मचा दी है। यह फिल्म इसी साल दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस बेसब्री से रणबीर को भगवान राम के रूप में देखने का इंतजार कर रहे हैं। अभी रणबीर 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन दोनों फिल्मों के बाद रणबीर किस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं? इन दोनों रणबीर कपूर 'रामायण भाग 1' और 'लव एंड वॉर' फिल्मों की शूटिंग कर रहे है, जो लगभग अक्तूबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। शूटिंग खत्म होने से पहले ही रणबीर ने अगली फिल्मों की योजना बनाना शुरू कर दिया है। रणबीर संदीप रेड्डी वांगा कि 'एनिमल पार्क' से पहले एक और बड़े प्रोजेक्ट पर करना चाहते हैं, जिसकी शूटिंग 2027 के आखिर में शुरू हो सकती है। एक खबर के अनुसार, रणबीर कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। उनमें दो बड़ी फिल्में सबसे मजबूत दावेदार हैं। पहली- अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र 2' और दूसरी यश राज फिल्म्स की 'धूम 4'। रणबीर ने दोनों फिल्मों के मूल आइडिया सुन लिए हैं। दोनों की कहानी उन्हें पसंद आई है। लेकिन वे पूरी लिखित स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लेंगे।

'धूम 4' शुरुआती स्टेज में है। अभी डायरेक्टर भी फाइनल नहीं हुआ है। 'ब्रह्मास्त्र 2' में कास्टिंग की समस्या आ रही है। दीपिका पादुकोण अमृता का रोल करने वाली थीं, लेकिन दोबारा प्रेगनेंसी की वजह से अब दूसरी अभिनेत्री की तलाश की जा रही है। दरअसल, रणबीर 'रामायण 2' और 'एनिमल पार्क' के बीच के समय में एक बड़ी फिल्म करना चाहते हैं। फिलहाल, 'ब्रह्मास्त्र 2' को थोड़ी ज्यादा प्राथमिकता मिल रही है। हो सकता है कि जून 2026 तक रणबीर अंतिम स्क्रिप्ट पढ़कर अपना फैसला ले लेंगे।



# परब्रमता चटर्जी के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है

कई बार शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखने लगती है। ऐसी ही दोस्ती अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया और बंगाली अभिनेता परब्रमता चटर्जी के बीच देखने को मिली। दोनों इन दिनों एक नई थ्रिलर-एक्शन वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। निमृत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने को-स्टार की जमकर तारीफ की और उन्हें सबसे अच्छा इंसान बताया। निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की, जो नैनिताल की शूटिंग के दौरान ली गई है। इस तस्वीर में वह और परब्रमता चटर्जी साथ खड़े नजर आ रहे हैं और कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर में उनकी दोस्ती साफ दिख रही है। इस फोटो के साथ निमृत ने कैप्शन में लिखा, ''परब्रमता चटर्जी इस दुनिया के सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' फिलहाल इस नई वेब सीरीज का नाम अभी सामने नहीं आया है और इसके बारे में ज्यादा जानकारी भी गोपनीय रखी गई है। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते शुरू हो चुकी है और इसे एक थ्रिलर-एक्शन कहानी के रूप में बनाया जा रहा है। इससे पहले फरवरी में



खबर आई थी कि निमृत एक नई थ्रिलर सीरीज में नजर आएंगी, जिसका नाम 'अब होगा हिसाब' बताया जा रहा है। इसकी कहानी पंजाबी संस्कृति से जुड़ी होगी। इस शो में संजय कपूर, शहीर शेख और मौनी रॉय जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं। इस सीरीज को एरे स्टूडियो प्रोड्यूस कर रहा है और इसका निर्देशन दिव्यांशु मल्होत्रा कर रहे हैं। कहानी एक रहस्य और बदले पर आधारित है, जिसमें इंसानी भावनाएं, सत्ता की लड़ाई और छिपे हुए राज दिखाए जाएंगे। इस कहानी में निमृत का किरदार काफी अहम बताया जा रहा है। बता दें कि निमृत इससे पहले पंजाबी फिल्म 'शौकी सरदार' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ गुरु रंधावा, बब्बू मान और गुग्गू गिल जैसे कलाकार भी थे।



# मैं शुरू से क्लियर थी कि जब मैं फिल्म प्रोड्यूस करूंगी तो उसमें खुद एक्टिंग नहीं करूंगी

**एक्टिंग के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखने वाली बॉलीवुड अदाकाराओं में अब पत्रलेखा का नाम भी जुड़ चुका है। हाल ही बतौर प्रोड्यूसर पत्रलेखा की पहली फिल्म 'टोस्टर' आई है। इसमें उनके पति राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा लीड रोल में हैं। फिल्म को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिल रहा है।**

पत्रलेखा कहती हैं कि उन्होंने पहले ही सोच रखा था कि वह अपनी फिल्म में एक्टिंग नहीं करेंगी। उनकी यह फिल्म एक कंजूस आदमी की कहानी है। बात निकली तो एक मजेदर सवाल ये भी पूछा गया कि राजकुमार राव और उनमें, असल जिंदगी में ज्यादा कंजूस कौन है? 36 साल की नई-नवेली मां ने इसका भी जवाब दिया।

## मैं 2017 से ही प्रोड्यूसर बनना चाहती थी

पत्रलेखा 'टोस्टर' के बनने और प्रोड्यूसर बनने के बारे में बताती हैं, 'हम दोनों (राज और वह) साल 2017 से ही प्रोड्यूसर बनना चाहते थे, मगर बीच में कोविड महामारी आ गई तो वह नहीं हो पाया, लेकिन मैं शुरू से क्लियर थी कि जब मैं फिल्म प्रोड्यूस करूंगी तो उसमें खुद एक्टिंग नहीं करूंगी, क्योंकि कैमरे के पीछे भी मैं जो करूंगी अच्छे से करूंगी।' मेरे लिए आसानी यह रही कि डायरेक्टर विवेक दास चौधरी से लेकर सान्या मल्होत्रा, फराह खान, हम सब दोस्त हैं। राज तो घर का ही एक्टर है तो ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। अब जब आगे मैं कैमरे के आगे कोई रोल करूंगी, तब भी यह अनुभव बहुत काम आएगा।

## प्रोडक्शन में 365 दिन 24 घंटे काम होता है

बकौल पत्रलेखा, 'मेरी जिंदगी का मकसद ही यह है कि मैं शायद 10 चीजें न करूं, एक ही चीज करूं, मगर उसमें मैं अपना 100 पर्सेंट दूंगी तो मैंने सोच रखा था कि मैं कैमरे के आगे नहीं रहूंगी। सच कहूं तो मुझे इस जर्नी में बहुत मजा आया। बतौर एक्टर हमें पता नहीं होता कि फिल्म बनाने में कितना काम होता है। प्रोडक्शन में 365 दिन 24 घंटे काम होता है। मेरे लिए आसानी यह रही कि डायरेक्टर विवेक दास चौधरी से लेकर सान्या मल्होत्रा, फराह खान, हम सब दोस्त हैं। राज तो घर का ही एक्टर है तो ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। मुझे लगता है कि अब जब आगे मैं कैमरे के आगे कोई रोल करूंगी, तब भी यह अनुभव बहुत काम आएगा।'

## राजकुमार नहीं, मैं हूं कंजूस

'टोस्टर' में राजकुमार राव एक महा कंजूस पति की भूमिका में हैं। क्या असल जिंदगी में भी वह ऐसे हैं? इस सवाल के जवाब में पत्रलेखा पूरी ईमानदारी और बेबाकी से कहती हैं, 'नहीं, राज बिलकुल कंजूस नहीं है। हम दोनों में से मैं कंजूस हूं।' वह आगे हंसते हुए बताती हैं, 'मैंने तो ऐसा भी किया है कि फिल्म के डायरेक्टर विवेक, जो मेरे बचपन के दोस्त हैं, मैं उसको बोलती थी कि मुझे खाना खिलाने लेकर चल और जब बिल देने की बारी आती थी तो मैं उसको बिल पकड़ाकर चली जाती थी।' पत्रलेखा और राजकुमार राव पहले दोस्त थे। फिर लाइफ पार्टनर बने। दोनों साल 2010 से ही साथ हैं। जबकि 15 नवंबर 2021 को दोनों ने पति-पत्नी के रूप में जीवन की नई पारी शुरू की। अब उनकी जिंदगी में बेटी पार्वती पॉल राव भी है। यह भी दिलचस्प संयोग है कि बेटी का जन्म उनकी शादी की चौथी सालगिरह पर 15 नवंबर 2025 को हुआ। क्या माता-पिता बनने के बाद दोनों के आपसी रिश्ते बदले हैं। इस पर पत्रलेखा कहती हैं, 'नहीं। पैरेंट्स बनने के बाद भी राज और मैं बिल्कुल नहीं बदले हैं। हम पहले दिन से दोस्त हैं और आज भी दोस्त है। हमारे रिलेशनशिप के चलने की वजह भी यही है कि हम बहुत अचछे दोस्त हैं।'

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# नोएडा एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम एप्रूवल, अगले माह से शुरू होगी उड़ान

**नोएडा, एजेंसी।** एयरलाइंस कंपनियों ने शुरुआत में एयरपोर्ट से 17 फ्लाइट्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। एप्रूवल के बाद अब टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की प्रक्रिया को भी अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अगले महीने उड़ान शुरू हो सकती है। एयरपोर्ट को एयरोड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) के लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बकास) से मंजूरी मिल गई है। इसे एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक बड़ा और अहम पड़ाव माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 मार्च को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।

नोएडा एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस मंजूरी के साथ यह पुष्टि हो गई है कि एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था, प्रक्रियाएं और मानक सभी नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हैं। इससे एयरपोर्ट की ऑपरेशनल रेडीनेस को भी मजबूती मिली है। प्रबंधन ने बताया कि अब एयरलाइंस कंपनियों और अन्य साझेदार एजेंसियों के साथ मिलकर व्यावसायिक उड़ानों की शुरुआत के लिए आपसी सहमति से तारीख तय की जाएगी।

एयरलाइंस कंपनियों ने शुरुआत में एयरपोर्ट से 17 फ्लाइट्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। एप्रूवल के बाद अब टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की प्रक्रिया को भी अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।




नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रबंधन अब इंडिगो, आकासा और एयर इंडिया को अपनी फ्लाइट शुरू करने की प्रक्रिया के लिए कह दिया गया है। अब तीनों कंपनियां शेड्यूल बनाकर फ्लाइट की टिकट ऑनलाइन प्रदर्शित करेंगी।

यापल की बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि एयरपोर्ट पर अगले दो वर्षों में विमानों को खड़ा करने के लिए 25 नए स्टैंड बनेंगे। इसपर करीब 300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। वहीं, वर्तमान में 28 स्टैंड बनकर तैयार हैं। इनमें तीन कार्गो और 25 व्यावसायिक विमानों के लिए हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट पर 10 एयरोब्रिज को जोड़ा गया है। इससे एयरपोर्ट से एक साथ विमान यात्री उड़ान भर सकेंगे। साथ ही एयरपोर्ट के रनवे को हर घंटे लगभग 30 विमान टेकऑफ और लैंडिंग की क्षमता के साथ तैयार किया गया है।

28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उद्घाटन हो चुका है। यहां घरेलू और कार्गो टर्मिनल बनकर तैयार है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल का काम जारी है। प्रथम चरण में एयरपोर्ट को 1334 हेक्टेयर में पूरा किया गया है। इसमें 3900 मीटर लंबा पहला रनवे, यात्री टर्मिनल, एटीसी, कार्गो हब शामिल है।

हमारी प्राथमिकता सभी सिस्टम, प्रक्रियाओं और कर्मचारियों को पूरी तरह तैयार रखना है, ताकि एयरपोर्ट संचालन की शुरुआत सुरक्षित, प्रभावी और यात्रियों के लिए सहज अनुभव के साथ हो सके। यापल उड़ान शुरू करने की प्रकिया को आगे बढ़ा रहा है। मई के अंत तक उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

जून के मध्य तक शुरू हो सकतीं नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान, 70 फ्लाइट के प्रस्ताव मिल चुके अधिकारियों का कहना है कि संशोधित एएसपी को बकास से एक सप्ताह में अनुमति मिल सकती है। इन अनुमति के जारी होने के बाद करीब 45 दिन का समय एयरपोर्ट प्रबंधन और एयरलाइंस कंपनियों को आवश्यक होगा। इस समय अंतराल में यात्री सेवाओं के लिए जरूरी स्टाफ के आईडी कार्ड जारी करने से लेकर अन्य व्यवस्थाएं भी करना शामिल होगा।

एयरलाइंस भी अपने फ्लाइट शेड्यूल जारी कर ऑनलाइन व ऑफलाइन टिकट बुकिंग शुरू कर पाएंगीं। फ्लाइट शेड्यूल से पता चलेगा कि यहां से किन शहरों के लिए उड़ान शुरू हो होंगी। इसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्वर पर भी अपलोड करना होगा जिससे कनेक्टिंग एयरपोर्ट के साथ डाटा को साझा किया जा सके।

## करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके

यही वजह है कि एयरपोर्ट प्रबंधन जून के मध्य तक उड़ान शुरू होने की बात कह रहा है। यीडा व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल सेवाएं शुरू हो सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास यापल और नायल के स्तर पर किया जा रहा है। एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने के लिए वर्तमान में करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके हैं। इससे कमोबेश सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान यहां से शुरू होनी हैं। इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेसवे के भी प्रस्ताव इन उड़ान के लिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उड़ान में देरी की वजह से यापल को रोजाना करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है। एयरपोर्ट को बनाने में कंपनी ने करीब 8000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस निवेश के रिटर्न के अलावा अन्य खर्च को शामिल करते हुए नुकसान की गणना की गई है। यानी लगभग 70 करोड़ रुपये हर महीने का नुकसान इस देरी की वजह से उठाना पड़ रहा है। यही वजह है कि कंपनी हर संभव प्रयास उड़ान जल्दी शुरू करने के लिए कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैठक चार को, यापल में स्थायी नौकरी का होगा हल

**यमुना सिटी, एजेंसी।** नोएडा हवाई अड्डे के पहले चरण में भूमि देने वाले विस्थापित किसान परिवारों के युवाओं की स्थायी नौकरी की मांग पर निर्णय चार मई को होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यालय में युवाओं के साथ एक बैठक की। उन्होंने एयरपोर्ट पर 12वीं पास तक के युवाओं के लिए योग्यता के आधार पर पदों का विवरण जानने के बाद फैसला करने का आश्वासन दिया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण में 14 गांवों के लोगों ने अपनी जमीन दी थी। इन गांवों के विस्थापितों के युवाओं को नौकरी या पांच लाख मुआवजा दिया जाना था। इनमें से 335 युवाओं ने मुआवजा छोड़कर नौकरी का विकल्प चुना। युवाओं का कहना है कि उनसे स्थायी नौकरी का वादा किया गया था, लेकिन आज तक नौकरी नहीं मिल पाई है। इसे लेकर कई बार युवा नोएडा एयरपोर्ट गेट पर धरना प्रदर्शन किया है। नायल ने एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले युवाओं को रोजगार देने के लिए पोर्टल बनाया गा है। इस पोर्टल पर 180 से अधिक युवा पंजीकरण करा चुके हैं। शुक्रवार रात को भी युवाओं ने नौकरी के लिए धरना-प्रदर्शन किया था। युवाओं का आरोप है कि एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले अधिकारियों ने उन्हें नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन आजतक उन्हें ऑफर लेटर नहीं मिले। इसे लेकर रविवार को अधिकारियों ने सीईओ आरके सिंह से उनकी मुलाकात कर समस्या का समाधान निकालने की बात हुई थी। इस संबंध में सोमवार को यीडा कार्यालय में दोपहर एक बजे सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक में युवाओं के साथ विधायक जेवर के प्रतिनिधि सुधीर त्यागी भी मौजूद रहे। सीईओ ने उन्हें पक्की नौकरी का आश्वासन दिया है। साथ ही अनुशासनहीनता न होने तक उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जा सकेगा। उन्हें ऑफर लेटर भी यापल की ओर से दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके लिए उन्होंने 4 मई को दोबारा बैठक बुलाई है।

### दुहाई में हाई-स्पीड रेल का संगम, चार किमी लंबा और 27 मीटर ऊंची पुल होगा तैयार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (ईओआरसी) में दुहाई पर आरआरटीएस को क्रॉस करने के लिए 27 मीटर ऊंचा पुल बनाया जाएगा। मेरठ रोड पर बनने वाले इस पुल की लंबाई चार किमी होगी। यह इस रूट का अकेला इतना बड़ा पुल होगा। पूरी योजना में 342 पुल बनाए जाएंगे। ऐसे में इस पुल के साथ दो हाई-स्पीड ट्रेनें एक-दूसरे को क्रॉस करेंगी। इस कॉरिडोर में जीटी करनाल रोड, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, मेरठ रोड, डीएमई, गाजियाबाद-बुलंदशहर हाईवे, यमुना एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मथुरा हाईवे पर भी पुल तैयार किए जाएंगे। दुहाई में ईओआरसी और आरआरटीएस जिस स्थान पर एक-दूसरे को क्रॉस करेंगे, वहां दोनों के बीच इंटरचेंज प्वाइंट भी तैयार किया जाएगा। इससे लोग आसानी से आ-जा सकेंगे। जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि गाजियाबाद में ईओआरसी का करीब 26 किमी हिस्सा है। इसे लेकर कार्य किया जा रहा है। शासन को इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। ईओआरसी परियोजना गाजियाबाद में दो स्थानों (दिल्ली-मुरादाबाद रूट पर डासना और मुजफ्फरनगर रूट पर मुरादनगर) पर रेलवे से भी जुड़ेगी। इसके लिए डीपीआर में प्लानिंग की गई है। आगे की योजना पर कार्य भी इसी अनुसार किया जाएगा। गाजियाबाद के अलावा अन्य छह स्थानों को कनेक्टिविटी में रखा गया है। रेलवे से इस लाइन के कनेक्ट होने से दोनों ट्रेनों में सफर करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही जेवर एयरपोर्ट से इसके जुड़ने के बाद आयात-निर्यात के कारोबार से जुड़े लोगों को भी फायदा होगा। गुरुग्राम, एजेंसी। साइबर सिटी में पढ़ाई का दबाव अब सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि बच्चों के कंधों पर लटकते भारी बैग उनकी सेहत के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। जिले के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को रोजाना जरूरत से ज्यादा किताबें ले जानी पड़ती है। जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ने की चिंता लगातार बढ़ रही है।

# हेमंत सरमा का ममता पर तीखा हमला, 'आपका बयान खतरनाक-सांप्रदायिक है'

**कोलकाता, एजेंसी।** बीजेपी की जीत का पूरा भरोसा जताते हुए उन्होंने आगे कहा कि दीदी का बयान बीजेपी की उस बात को और मज़बूत करता है जो वह शुरू से कहती आ रही है - कि टीएमसी के राज में बंगाल को तुष्टीकरण, दंगों, सिंडिकेट, हिंसा, संदेशखाली जैसी ज़्यादतियों और आम लोगों में डर का एक 'प्रयोगशाला' बना दिया गया है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर 'बांटने वाला और सांप्रदायिक' बयान देने का आरोप लगाया। एक एक्स पोस्ट में हिमंत बिस्वा सरमा ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उन्होंने एक खास समुदाय से डर होने का इशारा किया है। ञस्ब्ष्ट पर हमला बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल को 'तुष्टीकरण की प्रयोगशाला' कहा। सरमा ने लिखा कि बंगाल को बचाने की ज़रूरत है, अभी! ममता दीदी का यह बयान कि बंगाल के हिंदू एक खास समुदाय से सिर्फ इसलिए सुरक्षित हैं क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं, न सिर्फ परेशान करने वाला है - बल्कि यह पूरी तरह से खतरनाक, बांटने वाला और सांप्रदायिक है। एक मौजूदा मुख्यमंत्री का यह दावा करना कि लोग सिर्फ उनकी वजह से 'सुरक्षित' हैं, और एक समुदाय से डर होने का इशारा करना, शासन की पूरी तरह से विफलता है और यह बंगाल की ज़मीनी हकीकत को दिखाता है कि कैसे आबादी में बदलाव ने उस ज़मीन को निगल लिया है जो कभी 'सोनार बांग्ला' थी। उन्होंने आगे कहा कि दीदी का बयान बीजेपी की उस बात को और मज़बूत करता है जो वह शुरू से कहती आ रही है - कि ञस्ब्ष्ट के राज में बंगाल को तुष्टीकरण, दंगों, सिंडिकेट, हिंसा, संदेशखाली जैसी ज़्यादतियों और आम लोगों में डर का एक 'प्रयोगशाला' बना दिया गया है।

# दादरी में अपराधियों संग मनचलों पर निगाह रखेगी 'तीसरी आंख', 83 लाख रुपये से कराएंगे काम

**दादरी, एजेंसी।** अपराध नियंत्रण और यातायात निगरानी के लिए दादरी में 83 लाख रुपये से 86 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। सेफ सिटी योजना के तहत मई अंत तक कार्य शुरू होगा। नियंत्रण कक्ष नगर पालिका में बनेगा।

अपराध नियंत्रण, यातायात नियमों के अनुपालन और स्कूल-कॉलेजों के आसपास असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए अब दादरी शहर के प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह कार्य सेफ सिटी योजना के तहत लगभग 83 लाख रुपये से कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद दादरी के दफ्तर में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। योजना के तहत जीटी रोड पर बालाजी एन्क्लेव कॉलोनी से लेकर नई आबादी स्थित आईजी गार्डन फार्म हाउस के पास तक करीब 50 कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं, रेलवे रोड पर मुख्य तिराहे से आरओबी पुल और आसपास के क्षेत्रों में 36 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। इन सभी कैमरों का नियंत्रण कक्ष नगर पालिका परिषद कार्यालय में बनाया जाएगा, जहां से निगरानी की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर सचिन त्यागी के अनुसार, इस परियोजना को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। कार्य मई माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है, जिसे तीन महीने में इसे पूरा कर लिया जाएगा। दादरी के जीटी रोड, रेलवे रोड, मुख्य तिराहों और आसपास के क्षेत्रों में छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं के बाद आरोपी अक्सर आसानी से फरार हो जाते हैं। इसके अलावा, मुख्य तिराहों और अन्य स्थानों पर महिलाओं को नशीला पदार्थ खिलाकर वारदात को अंजाम दिए जा चुके हैं। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन और विवाद के दौरान मारपीट जैसी घटनाएं भी इन मार्गों पर होती रहीं हैं। शहर के शैक्षणिक संस्थानों वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज, जूनियर हाई स्कूल और मिहिर भोज बालिका डिग्री कॉलेज के आसपास भी मनचलों द्वारा छात्राओं पर अभद्र टिप्पणियों की शिकायतें मिलती रहीं हैं। इन सभी समस्याओं पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित करने की योजना तैयार की गई है।



# चिराग पासवान का बड़ा दावा, बोले- पश्चिम बंगाल में ममता के तानाशाही शासन का होगा अंत

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता ममता बनर्जी के तानाशाही और भ्रष्ट शासन से मुक्ति चाहती है। उन्होंने राजग की सभी पांच राज्यों में जीत का विश्वास जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के चुनाव प्रचार को इसका श्रेय दिया।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''बड़ी जीत'' का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के ''हिंसक, भ्रष्ट और तानाशाही'' शासन से ऊब चुकी है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान ने पटना में संवाददाताओं से कहा, ''पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के तानाशाही, हिंसक और भ्रष्ट शासन से मुक्ति पाने के लिए मतदान करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के व्यापक चुनाव प्रचार ने लोगों में विश्वास पैदा किया है।'' उनका यह बयान पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान से एक दिन पहले आया है। उन्होंने दावा किया, ''मुझे पूरा विश्वास है कि चार मई को जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने वाले हैं, उन सभी में राजग बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। आप मेरी बात नोट कर लीजिए। मैं कोई अनुमान नहीं लगा रहा हूं।'' पासवान ने यह टिप्पणी असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के चुनावों के संदर्भ में की। हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पासवान से दिल्ली की एक हालिया घटना के बारे में भी पूछा गया, जिसमें बिहार निवासी एक व्यक्ति की कथित तौर पर एक पुलिस कांस्टेबल द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि दिल्ली जैसे भाजपा शासित क्षेत्रों में बिहार के लोगों के खिलाफ ''घृणा आधारित अपराध'' हो रहे हैं। इस पर पासवान ने कहा, ''सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी के रूप में हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र का अक्षरशः पालन हो।'' उन्होंने यादव पर निशाना साधते हुए कहा, ''ऐसे नेता ही बिहार की छवि खराब करते हैं। दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान वह सिर्फ यह साबित करने के लिए बिहार की बुराई करते हैं कि भाजपा ने राज्य को बर्बाद कर दिया है। ऐसे लोगों को शिकायत करने का कोई अधिकार नहीं है।'' इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में घटक राजद के नेता ने केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अपने सहयोगी दलों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया है।

# बेकाबू ट्रक ने सभासद की खड़ी कार और राहगीर को मारी टक्कर

**मोदीनगर, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तहसील मुख्यालय के समीप रविवार शाम एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी सभासद की कार में टक्कर मारने के बाद राहगीर को रौंद दिया। इसके अलावा सोमवार दोपहर सीकरी पेट्रोल पंप के समीप एक बेकाबू कार ने दुकान के बाहर खड़ी कार और बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

पहली घटना रविवार की शाम को हुई। नगर पालिका परिषद के भाजपा सभासद संदीप सांगवान रविवार शाम दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कादराबाद के समीप सड़क किनारे कार खड़ी कर किसी से बात कर रहे थे। तभी गाजियाबाद की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मारने के बाद राहगीर सतपाल निवासी गांव रोरी को रौंद दिया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और सतपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सतपाल को उपचार के लिए नगर के जीवन अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया वहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।



एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि सभासद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा सोमवार दोपहर दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित सीकरी पेट्रोल पंप के समीप हार्डवेयर स्टोर के सामने खड़ी बाइक और कार को एक अन्य तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक और दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में बाइक सवार मीडियाकर्मी बिजेन्द्र भारती मामूलीरूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची महामाया चौकी पुलिस ने आरोपी कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# सीएम योगी का बड़ा एलान: इसी साल पुलिस में होंगी एक लाख नई भर्तियां

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में इस वर्ष एक लाख नई भर्तियां होंगी। लखनऊ में 936 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। उन्होंने निष्पक्ष भर्ती, ईमानदार सेवा, आधुनिक पुलिस व्यवस्था और युवाओं के लिए बड़े रोजगार अवसरों पर जोर दिया।

इसके लिए भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड युवाओं को अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा। उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में पुलिस दूरसंचार विभाग पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

सीएम ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि सभी चाहते थे कि ईमानदारी से भर्ती हो। डबल इंजन



सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष व ईमानदारी से हुई। अब आपका भी दायित्व है कि साफ नीयत, ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ यूपी पुलिस के माध्यम से सेवा देकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

हर भारतीय नागरिक जब अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, तब पीएम मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। किसी व्यक्ति, जाति, मत-मजहब का अहंकार या व्यक्तिगत इच्छा, राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती।

सीएम योगी ने कहा कि जिस निष्पक्षता से पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई, वह 9 वर्ष पहले संभव नहीं थी। पहले प्रक्रिया ही सकुशल संपन्न नहीं होती थी। लेनदेन, नियुक्ति में भेदभाव होता था, परंतु अब पूरी प्रक्रिया में किसी को भी सिफारिश व पैसा नहीं देना पड़ता है।

सिर्फ योग्यता, क्षमता व आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न होती है। प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है कि यदि क्षमता है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अब आपको भी शुद्ध नीयत के साथ कार्य करना है। कभी बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश सामूहिक प्रयास की बदौलत अब भारत के विकास में योगदान दे रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि परसों (रविवार) ही प्रदेश के 112 केंद्रों पर पुलिस के 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई, यानी एक साथ 60 हजार आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बने, जो अब फील्ड में मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे।

9 वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती संपन्न हुई है, जबकि देश के कई राज्यों में पुलिस की कुल इतनी स्ट्रेंथ भी नहीं है। सीएम ने नवचयनितों से कहा कि आपको देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का हिस्सा बनने और दूरसंचार शाखा के जरिए 25 करोड़ की आबादी की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि 9 वर्ष पहले संकट था कि कहां ट्रेनिंग होगी, लेकिन अब इस दृष्टि से जगह की कमी नहीं रही। 2017 के पहले एक बार में केवल 3 हजार पुलिस कार्मिकों की ही ट्रेनिंग करा सकते थे, लेकिन 2025 में एक साथ 60,244 पुलिस आरक्षियों की ट्रेनिंग यूपी के सेंटरों में हुई।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 6.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नंदग्राम क्षेत्र में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर ने साहिबाबाद क्षेत्र की महिला से 6.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। आरोप है कि अब आरोपी का फोन बंद जा रहा है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी विवेक सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि साहिबाबाद के महाराजपुर में रहने वाली प्रीति के मुताबिक राजनगर एक्सटेंशन के पास स्थित बाम्बे कॉलोनी नई बस्ती में विवेक सिंह नाम के व्यक्ति ने उन्हें प्लॉट दिखाया। पांच जनवरी 2025 को इस डीलर से प्लॉट खरीदने का सौदा छह लाख रुपये में हुआ। विवेक सिंह ने उन्हें 20 महीने का समय दिया और कहा कि रकम देने पर रजिस्ट्री उनके नाम कर दी जाएगी। पीड़ित ने दिसंबर 2025 तक आरोपी को प्लॉट खरीदने के लिए छह लाख रुपये का भुगतान कर दिया। साथ ही रजिस्ट्री कराने के नाम पर आरोपी ने 40 हजार रुपये अतिरिक्त ले लिए। सौदा होने के वक्त डीलर विवेक सिंह ने दस रुपये के स्टांप पेपर पर मोहर लगाकर एक लिखित कागज भी तैयार किया था। बाद में पता चला कि उसपर फर्जी मोहर लगी है। सभी रकम जाने के बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया।

# पाकिस्तानी बल्लेबाज हसन नवाज ने उगला जहर

## कहा- मुझे हर भारतीय गेंदबाज से नफरत; सोशल मीडिया यूजर्स ने ऐसे दिखाया आइना

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज हसन नवाज अपने एक विवादित और बेतुका बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं। भारतीय गेंदबाजों को लेकर दिए गए उनके बयान ने सोशल मीडिया पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। 23 वर्षीय खिलाड़ी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा कि उन्हें सभी भारतीय गेंदबाजों से नफरत है। इस बयान के बाद क्रिकेट फैंस ने उनकी तीखी आलोचना की है और खेल भावना पर सवाल उठाए हैं।

**इंटरव्यू में दिया विवादित बयान** – एक स्थानीय न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में हसन नवाज से पूछा गया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह किस गेंदबाज के खिलाफ रन बनाना चाहते हैं। इसके जवाब में उन्होंने किसी एक गेंदबाज का नाम नहीं लिया, बल्कि भारतीय गेंदबाजों पर तीखी टिप्पणी कर दी। हसन नवाज ने कहा, भारत के खिलाफ खेलते समय स्वाभाविक तौर पर अतिरिक्त मोटिवेशन होता है। आप महसूस करते हैं कि उनके गेंदबाजों पर हमला करना है। सच कहूं तो मुझे उनके सभी गेंदबाजों से नफरत है। इंशाअल्लाह, अगर मौका मिला तो आगे भी ऐसा करने की कोशिश करेंगे। उनका यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

**बाद में दी सफाई** – हसन नवाज ने आगे यह भी कहा कि मैच की स्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी करनी पड़ती है और किसी एक गेंदबाज को निशाना बनाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होता। सब कुछ मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। अगर रन रेट 10, 12 या 15 प्रति ओवर चाहिए हो, तो फिर गेंदबाज कोई भी हो, आप रन बनाने की कोशिश करते हैं। इस स्तर पर सभी खिलाड़ी विश्वस्तरीय होते हैं।

- **भारत के खिलाफ खराब आंकड़े** – फैंस ने उनके बयान के बाद भारत के खिलाफ उनके प्रदर्शन की भी याद दिलाई। हसन नवाज को भारत के खिलाफ अब तक सिर्फ एक मौका मिला है ।यह मौका उन्हें एशिया कप 2025 में मिला था, जिसमें वह सिर्फ पांच रन ही बना सके थे। वह नवंबर 2025 के बाद से पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे हैं और वापसी की कोशिश में लगे हैं ।हसन नवाज इस समय पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 10 पारियों में 291 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वह टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोररों में जरूर रहे, लेकिन उनकी टीम लीग स्टेज से बाहर हो गई।



### सोशल मीडिया पर आलोचना

- हसन नवाज के बयान के बाद कई फैंस ने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर बल्ले से जवाब देना चाहिए, न कि नफरत भरी भाषा से।
- कुछ यूजर्स ने इसे खेल भावना के खिलाफ बताया। हसन नवाज का बयान भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता को फिर चर्चा में ले आया है।
- हालांकि, इस तरह की टिप्पणियां खिलाड़ियों की छवि पर असर डाल सकती हैं। अब देखना होगा कि वह अपने बल्ले से जवाब देते हैं या विवादों में ही घिरे रहते हैं।
- बहरहाल पहले तो उन्हें टीम में वापसी करनी होगी, बाकी बात तो बाद में होगी। सोशल मीडिया यूजर्न ने हसन नवाज के बयान की तुलना आसिफ अली से की है।
- आसिफ अली पाकिस्तान के फिनिशर रह चुके हैं। एक यूजर ने लिखा- आसिफ अली भी प्रैक्टिस सेशन में 150 की स्पीड पर छक्का मारता था, पता नहीं कहां गायब हो गया।
- उसी यूजर ने लिखा- हसन नवाज को भी साहिबजादा फरहान की तरह डॉक्यूमेंट्री बनानी है, इसी वजह से ऐसा बयान दे रहा है।

## विराट कोहली के इंतजार में बैठा था बच्चा, न मिल पाने पर फूट-फूटकर रोया, क्रिकेट बैट भी फेंका




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैटिंग स्टार विराट कोहली सोमवार को अपनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी) टीम के साथ देश की राजधानी में थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा चैंपियन टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मैच को एकतरफा बना था, जिसमें मेहमान टीम ने दिल्ली को 75 रन पर ढेर करने के बाद आसानी से 9 विकेट से जीत हासिल की। हालांकि मैच से भी ज्यादा चर्चित विराट कोहली का एक फैन बन गया जो भारतीय बल्लेबाज के इंतजार में होटल में बैठा था और जब उसे कोहली का आटोग्राफ नहीं मिला तो वह रोने लगा और बैट को जमीन पर पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्चा होटल के रिसेप्शन पर इंतजार कर रहा था, इस उम्मीद में कि आरसीबी के स्टार खिलाड़ी से वह अपने क्रिकेट बैट पर ऑटोग्राफ ले पाएगा। जब कोहली अपनी सिक्योरिटी और स्टाफ के साथ वहां पहुंचे, तो बच्चा उनके पीछे-पीछे गया और उनके करीब जाने की कोशिश की, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड्स ने उसे रोक दिया। वहां मौजूद लोगों के सुरक्षाकर्मियों से बच्चे को अंदर जाने देने का आग्रह करने के बावजूद उसे क्रिकेटर से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद बच्चा फूट-फूटकर रोने लगता है और हताशा के एक पल में अपना क्रिकेट बैट जमीन पर पटक देता है। इस घटना का एक वीडियो, जो ऑनलाइन काफ़ी शेयर किया गया, उसके साथ यह कैप्शन था, लगता है यूनिवर्स ने सच में कह दिया, 'आज नहीं'। इस घटना ने ङ्ग पर एक बहस छेड़ दी है, जिसमें लोगों की राय पूरी तरह से बंटी हुई है। कुछ यूजर्स ने बच्चे के प्रति सहानुभूति जताई और इस स्थिति पर निराशा व्यक्त की।

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मैड्रिड ओपन में लगातार 9वीं जीत दर्ज की



**मैड्रिड (एजेंसी)।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे, उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6 (2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी- जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था, लेकिन इंडियन वेल्स और मोंटे-कार्लो में उन्हें जल्दी ही बाहर होना पड़ा था-लेकिन 2026 में ज्वेरेव ने पूरी बाजी ही पलट दी है। आत्मान पर मिली इस जीत के साथ एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव, जानिक सिनर के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इस सीजन के चारों मास्टर्स 1000 इवेंट्स में अंतिम 16 में जगह बनाई है। सिनर ने इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में ज़्वेरेव के शानदार सफर को सेमीफ़ाइनल में ही रोक दिया था; लेकिन मैड्रिड में इन दोनों खिलाड़ियों का आमना-सामना तभी हो पाएगा, जब दोनों ही फाइनल में जगह बनाने में कामयाब होंगे। अगले मैच में ज्वेरेव का मुकाबला याकूब मेन्सिक से होगा, जिन्होंने अपने तीसरे मैच पॉइंट को भुनाते हुए कैरेन खाचानोव को हराया।

# आज हारी तो मुंबई बाहर होने की कगार पर

### हैदराबाद की शक्तिशाली बल्लेबाजी को रोकना बड़ी चुनौती




**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त 'बचने बनाम आगे बढ़ने' का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट 7 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

इस सीजन में मुंबई का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है।

रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी और स्ट्रोक-प्ले पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हालांकि मुंबई की मुश्किलें सिर्फ बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं।

शुरुआती विकेट लेने में नाकामी और बीच के ओवरों में विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफलता ने हाल के मैचों में टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है। अगर मुंबई को अपने अभियान को पटरी पर लाना है, तो इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी होगा।

इसके ठीक विपरीत हैदराबाद का अब तक का सीजन काफी मजबूत और लगातार अच्छा रहा है। आठ मैचों में 5 जीत के साथ, वे अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में मजबूती से जमे हुए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की राह पर पूरी तरह से अग्रसर दिख रहे हैं। टीम को एक आक्रामक और शानदार फॉर्म में चल रही बल्लेबाजी लाइन-अप से काफी बल मिला है, जिसने बार-बार बड़े स्कोर खड़े किए हैं।

पैट कमिंस की अगुवाई में हैदराबाद ने आक्रामकता और संयम के बीच सही संतुलन बिठाया है। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है जबकि मध्य क्रम में हेनरिक क्लासेन एक अहम खिलाड़ी साबित हुए हैं जिनमें स्पिन और तेज गेंदबाजी, दोनों के ही खिलाफ दबदबा बनाने की जबरदस्त क्षमता है। उनकी सामूहिक फॉर्म की बदौलत ही टीम इस सीजन में कई बार 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा करने में सफल रही है, जो उनकी बल्लेबाजी की गहराई को बखूबी दर्शाता है।

अपनी मौजूदा शानदार फॉर्म के बावजूद हैदराबाद को इस मुकाबले में मुंबई के ऐतिहासिक दबदबे से सावधान रहना होगा, क्योंकि इन दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले 6 मैचों में से 5 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि इस सीजन में दोनों टीमों के अलग-अलग प्रदर्शन को देखते हुए उस रिकॉर्ड का महत्व सीमित हो सकता है।

वानखेड़े स्टेडियम की परिस्थितियां बल्लेबाजों के पक्ष में रहने की उम्मीद है, क्योंकि यहां की पिच सपाट, बाउंड्री छोटी हैं, और हाल के मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब रहा है। लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को थोड़ा फायदा मिला है; उन्होंने इस मैदान पर पिछले 9 मैचों में से 5 जीते हैं, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन गया है। कप्तानों के पहले गेंदबाजी करने की संभावना है ताकि वे रात में रोशनी के नीचे मिलने वाली परिस्थितियों का लाभ उठा सकें।

# थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में भारत

## ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया, विमेंस टीम का ग्रुप स्टेज में खत्म हुआ अभियान

**डेनमार्क (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने थॉमस कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं, महिलाओं का उबर कप अभियान समाप्त हो गया।



डेनमार्क के होर्सेंस में ग्रुप-ए के दूसरे मैच में भारतीय मेन्स टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से क्लीन स्वीप किया। इससे पहले भारत ने पहले मैच में कनाडा को 4-1 से हराया था। अब बुधवार को भारत का सामना टॉप सीड चीन से होगा, जिससे ग्रुप-ए की टॉप टीम तय होगी।

**लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी ने दिलाई शुरुआती बढ़त** – मैच की शुरुआत लक्ष्य सेन ने की। पेरिस ओलिंपिक सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य ने एंप्रैम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराकर भारत का खाता खोला। दूसरे सिंगल्स में एशियाई चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांढ को 26 मिनट में 21-8, 21-6 से हराकर स्कोर 2-0 किया। लक्ष्य सेन ने एंप्रैम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराकर टीम को जीत के साथ शुरुआत दिलाई।

**सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पक्की की जीत** – भारत की स्टार डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने तीसरा मैच जीतकर अजेय बढ़त दिलाई।

एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट जोड़ी ने रिज्की हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराया। इस जीत से भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना पक्का हो गया।सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने रिज्की हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराया।

**एचएस प्रणय की सफल वापसी, अर्जुन-अमशकरुनन ने पूरा किया क्लीन स्वीप** – इस मैच के लिए भारतीय टीम में एक बदलाव किया गया था। किदांबी श्रीकांत की जगह ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय को मौका मिला।प्रणय ने अपने पहले मैच में ऋषि होंडा भूपति को 21-11, 21-17 से हराकर भारत को 4-0 से आगे किया।

## चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं मीराबाई चानू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान



यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं। भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है। मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी।

## मांसपेशियों की चोट से जूझ रहे किलियन एम्बाप्पे, पूरे सीजन से बाहर होने का खतरा



**मैड्रिड (एजेंसी)।** किलियन एम्बाप्पे को मांसपेशियों में चोट लगने के कारण ला लीगा सीज़न के बाकी मुकाबलों से बाहर होना पड़ सकता है। रियल मैड्रिड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्टार फॉरवर्ड को हाल ही में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी।

**रियल बेटिस के खिलाफ मैच में लगी चोट** – यह चोट रियल बेट्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मुकाबले में लगी। मैच खत्म होने से करीब 10 मिनट पहले एम्बाप्पे को मैदान छोड़ना पड़ा था। उस समय मैड्रिड 1-0 से आगे था, लेकिन आखिरी क्षणों में हेक्टर बेलेरिन के गोल ने मैच बराबरी पर ला दिया।

- **मेडिकल रिपोर्ट में मांसपेशी चोट की पुष्टि**– क्लब द्वारा जारी बयान के अनुसार, एम्बाप्पे के बाएं पैर की सेमीटेंडिनोसस मांसपेशी में चोट पाई गई है। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई गई है। रियल मैड्रिड ने कहा है कि खिलाड़ी की रिकवरी पर नजर रखी जा रही है और उसी के आधार पर फैसला लिया जाएगा।
- **बार्सिलोना के खिलाफ अहम मैच भी मिस कर सकते हैं** – इस चोट के चलते एम्बाप्पे 10 मई को एफसी बर्सीलोना के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले समेत सीज़न के आखिरी पांच मैचों से बाहर रह सकते हैं। इससे टीम की खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका लग सकता है।
- **शानदार फॉर्म में थे एम्बाप्पे** – एम्बाप्पे इस सीज़न में बेहतरीन फॉर्म में थे और अब तक 24 गोल कर चुके हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।
- **विश्व कप से पहले बढ़ी चिंता** – आगामी विश्व कप (11 जून से) को देखते हुए यह चोट फ्रांस टीम के लिए भी चिंता का विषय बन सकती है, क्योंकि एम्बाप्पे टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं।

## भारतीय महिला टीम ने 1-4 से गंवाई टी-20 सीरीज

### साउथ अफ्रीका ने आखिरी मैच 23 रन से जीता; कप्तान वोल्वार्ट ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

बेनोनी (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम का साउथ अफ्रीका दौरा हार के साथ खत्म हुआ है। बेनोनी में सीरीज के पांचवें और आखिरी टी-20 में साउथ अफ्रीका ने भारत को 23 रन से हराया। इस जीत से मेजबान टीम ने सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। फ्रीडम डे पर साउथ अफ्रीका की जीत की स्टार कप्तान लॉरा वोल्वार्ट रहीं, जिन्होंने नाबाद 92 रन बनाए। भारत को 156 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 20 ओवर में 132 रन ही बना सकी।



**लॉरा वोल्वाईट ने एक सीरीज में सबसे ज्यादा 330 रन बनाए** – साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के लिए यह सीरीज ऐतिहासिक रही। उन्होंने 5 मैचों में 330 रन बनाए, जो किसी भी बाइलेटरल टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (276 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वोल्वाईट ने चार बार 50+ स्कोर बनाए। आखिरी मैच में उन्होंने 30 गेंदों में फिफ्टी और 56 गेंदों में 92* रन बनाकर टीम को 155 तक पहुंचाया।

**वोल्वार्ट के अलावा कोई नहीं चला** – एक समय साउथ अफ्रीका का स्कोर 14 ओवर में 97/3 था और टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में कसी गेंदबाजी की। दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ने 2-2 विकेट लेकर मिडिल ऑर्डर को झकझोरा। मेजबान टीम ने 49 रन में 6 विकेट गंवाए। दीप्ति ने एनेरी डर्कसन और एनेके बॉश को आउट किया, जबकि रेणुका ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क के विकेट लिए।

- **लॉप रही भारतीय बल्लेबाजी- भारती फुलमाली की कोशिश बेकार** – 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। स्मृति मंधाना को आराम दिए जाने के बाद शेफाली वर्मा के साथ अनुष्का शर्मा ओपनिंग करने उतरीं, लेकिन टीम ने 38 रन पर 3 विकेट गंवाए। शेफाली (10), जेमिमा (7) और अनुष्का (15) जल्दी आउट हो गईं। भारती फुलमाली ने 40 रन बनाकर उम्मीद जगाई, लेकिन साथ नहीं मिला। ऋचा घोष 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, पर टीम लक्ष्य से दूर रही ।हरमनप्रीत कौर और भारती फुलमाली ने चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़े।
- **वर्ल्ड कप से पहले भारत की चिंताएं- पावरप्ले में विकेट न मिलना बड़ी समस्या** – टी-20 वर्ल्ड कप से पहले यह सीरीज भारत के लिए 'वेक-अप कॉल' रही। पूरी सीरीज में भारतीय गेंदबाज पावरप्ले में विकेट लेने के लिए संघर्ष करते दिखे। फील्डिंग भी चिंता रही, जहां भारत ने 12 कैच छोड़े। हालांकि, दीप्ति शर्मा का फॉर्म में लौटना और अनुष्का शर्मा का आत्मविश्वास सकारात्मक पहलू हैं। अब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी, जो वर्ल्ड कप की तैयारी का आखिरी पड़ाव होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में हर्ष फायरिंग से मासूम की मौतः शादी की खुशियां मातम में बदलीं, आरोपी फरार

**पटना/मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के आश्रयपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे हुई इस घटना में 4 साल की एक मासूम बच्ची को गोली लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, आश्रयपुर गांव में सच्चू प्रसाद के यहां बारात आई थी और शादी की रस्में चल रही थीं। इसी दौरान पंडाल में मौजूद एक युवक ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में चली गोली वहां मौजूद एक 4 वर्षीय बच्ची को जा लगी। आनन-फानन में परिजन बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची डोमन बीघा की रहने वाली बताई जा रही है, जो अपने माता-पिता के साथ शादी समारोह में शामिल होने आई थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद शादी का माहौल पूरी तरह मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। शादी वाले घर में सन्नाटा पसरा मिला और अधिकांश लोग मौके से गायब थे। बिहार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर्ष फायरिंग जैसी लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर शादी समारोहों में हथियारों के इस्तेमाल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मसौढ़ी में खाटू श्याम भंडाराः में देर रात तक हजारों भक्तों ने लिया प्रसाद




**मसौढ़ी!** नगर मुख्यालय स्थित बड़ी मिल के पास खाटू श्याम के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।यह आयोजन मंगलवार को शाम 6:00 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपनी इच्छानुसार प्रसाद लेने की सुविधा दी गई थी।भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई स्वयंसेवकों ने प्रसाद वितरित किया।भंडारे के आयोजन और संचालन में राजा गोल्डी पटेल अमित पटेल अजय कुमार उर्फ जेपी विकास केशरी मोहन गुड्डू सहित बाजार के कई अन्य भक्तगणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।सभी के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### सड़क हादसे में राजद प्रखंड अध्यक्ष की निधन शोक की लहर



**मसौढ़ी!** धनरूआ प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार को मंगलवार की निधन से पूरे मसौढ़ी विधान सभा में शोक की लहर दौड़ गई,जानकारी के मुताबिक धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार बाइक से मसौढ़ी से नेवता पूरा करके वापस घर लौट रहे थे,उसी दौरान किस्तीपुर गांव समीप तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मारी दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे,परिजनों द्वारा इलाज के दौरान मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनको इलाज के उपरांत मंगलवार को मौत हो गई, उनकी मौत की खबर से पूरे मसौढ़ी विधान सभा में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों द्वारा सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि अर्पित किया जा रहा है।

### वैशाली पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,कैबिनेट एक्सपेंशन पर बोले- समय आने पर सब साफ होगा

**हाजीपुर।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान वैशाली जिले के बिदुपुर पहुंचे। उन्होंने यहां आग पीड़ितों से मुलाकात की और मीडिया से बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार, लोक जनशक्ति पार्टी की भागीदारी तथा गृह मंत्रालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात की। चिराग पासवान बिदुपुर प्रखंड के खजवक्ता डीह गांव में पासवान टोला के उन पीड़ितों से मिलने पहुंचे थे, जिनके 33 घर 24 मार्च को आग लगने से जलकर खाक हो गए थे। यह आग खाना बनाने के बाद चूल्हे से निकली चिंगारी के कारण लगी थी। इस घटना में प्रभावित परिवारों के घर का सारा सामान जल गया था, जिससे वे खुले आसमान में रहने को विवश थे। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी प्रभावित परिवारों को आर्थिक मुआवजे के रूप में चार-चार हजार रुपए प्रदान किए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा भी सभी पीड़ित परिवारों को आवश्यक लाभ दिए गए हैं। इस दौरान वैशाली जिलाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। मंत्रिमंडल विस्तार और लोक जनशक्ति पार्टी की भागीदारी के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि "समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।" उन्होंने जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद जताई। बिहार में गृह मंत्रालय को लेकर चल रही चर्चा पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। चिराग पासवान ने कहा कि जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, तब भी गृह मंत्रालय सम्राट चौधरी के पास था। उन्होंने सम्राट चौधरी की नेतृत्व क्षमता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। चिराग पासवान ने आगे कहा कि नेतृत्व परिवर्तन का समय ऐसा होता है जब असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में कानून-व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कर ली जाएगी।

### दानापुर-बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन की सेवा अवधि बढ़ी

**हाजीपुर।** रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दानापुर और एसएमवीटी बेंगलुरु के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन की परिचालन अवधि का विस्तार किया है। अब यह विशेष ट्रेन दानापुर से 31 मई 2026 तक और एसएमवीटी बेंगलुरु से 2 जून 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी। गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन का परिचालन 31 मई 2026 तक प्रतिदिन जारी रहेगा। यह ट्रेन दानापुर से दोपहर 3:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन दोपहर 2:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 03252 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर स्पेशल ट्रेन 2 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। यह ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु से रात 11:50 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन रात 11:55 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन अप और डाउन दोनों दिशाओं में आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सतना और जबलपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### 79 ग्राम हेरोईन के साथ दो तस्कर अरेस्ट

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र में पुलिस ने 79 ग्राम हेरोईन के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगरू चौक के पास वाहन जांच के दौरान की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वैशाली पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में यह सफलता मिली है। 26 अप्रैल 2026 की शाम महुआ थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इसमें बताया गया था कि बाइक सवार दो तस्कर अवैध मादक पदार्थ लेकर मंगरू चौक की ओर आ रहे हैं। यह जानकारी तत्काल वरीय अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक, वैशाली के निर्देश पर सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए महुआ थाना ने मंगरू चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बाइक सवार दोनों तस्करों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 79 ग्राम हेरोईन बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान प्रकाश कुमार (पिताः स्व. उमेश महतो, निवासीः कटहरा चौक, थानाः कटहरा, जिलाः वैशाली) और राहुल कुमार (पिताः गरीबन भगत, निवासीः हरपुर अररा, थानाः कटहरा, जिलाः वैशाली) के रूप में हुई है।

# बाढ़ में शादी से पहले बवाल बारातियों पर हमला

## दूल्हे ने छोड़ी शादी, 4 घंटे बाद किसी तरह हुई रस्में पूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना/बाढ़।** बाढ़ में सोमवार रात एक शादी समारोह उस वक्त हंगामे में बदल गया, जब बारातियों के साथ मारपीट हो गई। इस घटना में दूल्हे के पिता समेत 7 लोग घायल हो गए। हालात इतने बिगड़ गए कि दूल्हा शादी छोड़कर अस्पताल चला गया और शादी टूटने की नौबत आ गई। जानकारी के अनुसार, झारखंड के बोकारो से बारात बाढ़ रेलवे स्टेशन के पास दयाचक मोहल्ले में पहुंची थी। बारात धूमधाम से आगे बढ़ रही थी, नाच-गाना चल रहा था और माहौल उत्सव का था। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने बारातियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। बताया जा रहा है कि गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि स्थानीय युवकों ने लाठी-डंडों से बारातियों पर हमला कर दिया, जिसमें दूल्हे के पिता के सिर पर गंभीर चोट लग गई। पिता के घायल होने से आक्रोशित दूल्हे ने शादी से इनकार कर दिया और सीधे अस्पताल पहुंच गया। इस बीच सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक तरफ उपचार चल रहा था तो दूसरी ओर लड़की पक्ष लगातार दूल्हे और उसके परिवार को मनाने में जुटा रहा।

स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि अस्पताल परिसर में ही दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और हंगामा शुरू हो गया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस और अस्पताल प्रशासन को बीच में आना पड़ा। दुल्हन भी मौके पर पहुंची और उसने दूल्हे को समझाने की कोशिश की। करीब चार घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस की पहल और दुल्हन की समझाइश से दूल्हा शादी के लिए तैयार हुआ। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दूल्हे को वापस मंडप तक लाया गया। तनावपूर्ण माहौल के बीच जल्दबाजी में जयमाला और सिंदूरदान की रस्में पूरी कराई गईं। मंडप में जहां दुल्हन भावुक नजर आई, वहीं दूल्हा भी गुस्से में दिखाई दिया। हालांकि अंततः शादी संपन्न हो गई और विदाई के बाद दुल्हन बारातियों के साथ बोकारो के लिए रवाना हो गई।

### बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदलः राजस्व विभाग से हटाए गए सीके अनिल, जय सिंह को सौंपी गई कमान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति और प्रशासन में एक अहम बदलाव करते हुए सम्राट चौधरी सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल का तबादला कर उन्हें बिहार राज्य योजना परिषद में पदस्थापित कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की कमान अब जय सिंह को सौंपी गई है।

जय सिंह पहले से इस विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे और उनके पास वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी है। अब उन्हें विभाग की पूरी जिम्मेदारी देते हुए प्रमुख भूमिका में ला दिया गया है। हाल के दिनों में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में चल रही हड़ताल के कारण कामकाज प्रभावित हुआ था। माना जा रहा है कि इसी पृष्ठभूमि में सरकार ने यह बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है, ताकि विभागीय कार्यों में तेजी लाई जा सके और लंबित मामलों का निपटारा हो सके। इससे पहले भी सम्राट चौधरी सरकार ने कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए थे, जिसमें राज्यपाल के प्रधान सचिव का भी बदलाव शामिल था। अब राजस्व विभाग में हुए इस फेरबदल को उसी कड़ी का अहम हिस्सा माना जा रहा है। सीके अनिल को एक तेज-तर्रार और प्रभावी अधिकारी माना जाता है। उनकी पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ बेहतर तालमेल की चर्चा रही है।

हालांकि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में विजय सिन्हा को कोई पद नहीं मिला है। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भूमि विवादों की निगरानी की बात भी सामने आई है। इसके साथ ही बिहार प्रशासनिक सेवा के आठ वरीय अधिकारियों को बंदोबस्त अधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं 18 अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर तकनीकी सेवा आयोग में भेजा गया है, जहां वे 29 अप्रैल से 12 मई तक स्टाफ नर्स भर्ती के लिए दस्तावेजों के सत्यापन कार्य में योगदान देंगे।

## विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार रिश्वत लेते गिरफ्तार, VC पर भी आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में निगरानी विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए असिस्टेंट रजिस्ट्रार सनाउल्लाह को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। निगरानी टीम के अनुसार, आरोपी असिस्टेंट रजिस्ट्रार को 2.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। यह रकम समस्तीपुर के एक कॉलेज से केआरसी (KRC) के नाम पर मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद टीम ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि कॉलेज कर्मी रामानंद महतो ने 13 मार्च को निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दो केआरसी के लिए कुल 5 लाख रुपए की मांग की गई थी। आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए वे एक केआरसी के लिए 2.5 लाख रुपए लेकर पहुंचे, तभी निगरानी टीम ने छापेमारी कर सनाउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सनाउल्लाह ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि रिश्वत की मांग विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर आलमगीर की ओर से की गई थी। उसने दावा किया कि इस संबंध में बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड भी मौजूद है और वह केवल पैसे पहुंचाने का माध्यम था। उसने यह भी कहा कि इस लेन-देन में कमीशन के तौर पर उसे भी कुछ हिस्सा मिलने वाला था। कार्रवाई के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी की निशानदेही पर उसके दफ्तर, आवास और अन्य ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी के दौरान नकदी के अलावा कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इस पूरे मामले में निगरानी विभाग अब अन्य संभावित कड़ियों और संबंधित लोगों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। डीएसपी श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में चल रही इस कार्रवाई में धावा दल के कई अधिकारी शामिल हैं।

## मसौढ़ी में गर्व का पलः सगे भाई-बहन बने डॉक्टर, इलाके में जश्न का माहौल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**पटना/मसौढ़ी।** मसौढ़ी के पटेल चौक स्थित लक्खीबाग मोहल्ला में एक ही परिवार के दो बच्चों की सफलता ने पूरे इलाके को गौरवान्वित कर दिया है। बिन्ध्याचल कुमार सिन्हा के पुत्र और पुत्री ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर डॉक्टर बनकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार, पुत्र मृत्युंजय कुमार ने हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से तथा पुत्री सुभद्रा कुमारी ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। एक ही घर से भाई-बहन दोनों के डॉक्टर बनने की खबर मिलते ही आसपास के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

परिजनों ने बताया कि दोनों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखी और अपने सपनों को साकार किया।

मोहल्ले के लोगों ने इस सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया है। उनका कहना है कि इससे अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सफलता की खबर मिलते ही पड़ोसी और परिचित उनके घर पहुंचकर दोनों को बधाई देने लगे और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह उपलब्धि न सिर्फ परिवार के लिए बल्कि पूरे इलाके के लिए गर्व का क्षण है, जिसने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## डायल 112 वाहन ने छात्र को मारी टक्कर, दानापुर में चालक मौके से फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में डायल 112 के एक गश्ती वाहन ने स्कूली छात्र को टक्कर मार दी। घटना शाहपुर थाना अंतर्गत मठियापुर इलाके के ठाकुर मोड़ के पास हुई। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। आसपास के लोगों ने घायल छात्र को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया और उसके परिजनों को सूचित किया।

घायल छात्र की पहचान मठियापुर निवासी सत्येंद्र कुमार के बेटे हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। हिमांशु ताराचक स्थित ओमेगा मिशन स्कूल में कक्षा एक का छात्र है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

**छुट्टी के बाद हिमांशु पैदल घर लौट रहा थाः** घायल छात्र के चाचा पप्पू कुमार ने बताया कि मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद हिमांशु पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डायल 112 वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। टक्कर मारने के बाद डायल 112 का वाहन सायरन बजाते हुए मौके से फरार हो गया। शाहपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

## 'बेटे की लाश रखकर बिल बनाता रहा पारस अस्पताल'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के राजा बाजार स्थित पारस अस्पताल में सोमवार को 9वीं के छात्रा की मौत हो गई। परिजन ने जमकर हंगामा किया। ICU बेड, वेंटिलेटर लेकर ही सड़क पर उतर गए और विरोध जताया। अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिसर में जमकर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की। परिजन का कहना था कि बच्चा मर चुका था फिर भी उसे जिंदा बताकर अस्पताल ने पैसे ऐंठे। परिजन के मुताबिक, मृतक छात्रा विशाल के इलाज में 2 लाख रुपए खर्च हुए। परिवार ने कर्ज लेकर अस्पताल में पैसे जमा कराए, लेकिन इलाज सही से नहीं होने पर विशाल बच नहीं पाया। विशाल अपने घर का इकलौता बेटा था, पटना अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।



**सबसे पहले जानिए कैसे अस्पताल पहुंचा विशालः** दरअसल, रविवार शाम महुआबाग में खेलने के दौरान लड़कों में किसी बात पर विवाद हो गया। इस विवाद में विशाल को रिटायर्ड दारोगा के बेटे ने बैट से सिर के पिछले हिस्से में मार दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। बेहोशी के हालत में ननिहाल के परिजन ने विशाल को पटना के पारस अस्पताल में लगभग 5:30 बजे एडमिट कराया। विशाल के पिता ऋषि चौहान लुधियाना में मजदूरी करते हैं। विशाल बचपन से ही नानी घर रहता था।

**नाना बोले- खेत बेचकर 2 लाख जमा किए, एक बार नाती को देखने तक नहीं दिया**

**घर का इकलौता चिराग था विशालः** मामी प्रियंका देवी ने बताया, विशाल महुआबाग के बीएमपी स्कूल टहल टोला में 9वीं क्लास का छात्र था। घर का इकलौता चिराग था। आर्थिक तंगी होने के बाद भी पटना के सबसे बड़े अस्पताल पारस में एडमिट कराया। ताकि उसकी जान बच जाए। आगे कहा, हमलोगों के पास रुपए भी नहीं थे। जैसे तैसे 10% के ब्याज पर 2 लाख का कर्ज लिए। अस्पताल पहुंचने के साथ ही काउंटर पर तकरीबन 1,35000 कैश जमा कराए। इलाज में 200000 खर्च हो गए, लेकिन जिस तरीके से इलाज होना चाहिए था, वह अस्पताल में नहीं हो पाया। यहां तक कि समय-समय पर डॉक्टर भी नहीं मौजूद थे। अस्पताल की पर्ची के मुताबिक, मृतक विशाल को न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट में एडमिट कराया गया था। डॉक्टर अंबुज कुमार पेशेंट को देख रहे थे। एडमिशन डेट 26 अप्रैल शाम 6:45 बजे अंकित है। डॉक्टर अंबुज कुमार के हर विजिट के 1810 रुपये चार्ज लिए गए हैं। CBC के 963.90 रुपए, अस्पताल की ओर से एक दिन के जनरल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस के नाम पर 4570 रुपए वसूले गए हैं। यहां तक की डाइट चार्ज के भी 650 रुपए लिए गए हैं। कुल मिलाकर करीब डेढ़ लाख के आसपास पैसे दिए गए।

## बख्तियारपुर न्यू-मार्केट में इनवर्टर के शॉर्ट सर्किट से आग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बख्तियारपुर स्टेशन मार्ग स्थित न्यू मार्केट में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 'खान शू हाउस' नामक चप्पल की दुकान और एक कपड़े की दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की ऊंची लपटें कई दुकानों से उठने लगीं और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। धुएं का गुबार इतना भीषण था कि पूरे स्टेशन रोड इलाके में दृश्यता कम हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

**आग बुझाने के प्रयास में जुटी दमकलः** घटना की सूचना मिलते ही बख्तियारपुर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ियां तुरंत आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गईं। खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह शांत नहीं हुई थी और दुकानों के भीतर रखा सामान जल रहा था। अग्निशमन दल के दीपक कुमार सिंह ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता आग को आसपास की अन्य दुकानों में फैलने से रोकना है। उन्होंने यह भी कहा कि आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सिंह के अनुसार, आग पर पूरी तरह काबू पाने और कूलिंग प्रक्रिया के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कितनी दुकानें प्रभावित हुई हैं और कुल कितना नुकसान हुआ है। स्थानीय दुकानदारों ने लाखों रुपये के माल के नुकसान का अनुमान लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और प्रभावित दुकानदारों का विवरण जुटाया जा रहा है।

**पीड़ित दुकानदार ने बतायाः** पीड़ित दुकानदार मोहम्मद अरमान खान पिता मोहम्मद इस्लाम खान निवासी अबू मोहम्मदपुर की बख्तियारपुर स्टेशन रोड स्थित न्यू मार्केट में चप्पल और कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में चप्पल और रेडीमेड कपड़ों की कुल छह दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। दुकानदार का कहना है कि इस घटना में करीब 50 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है।

**चप्पल-कपड़े की 4 दुकानें जलकर राख, 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया**

दुकानदार अरमान खान ने बताया कि वह सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान न्यू स्टार खान शू हाउस से धुआं निकल रहा है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर से भारी मात्रा में धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। अग्निशमन टीम द्वारा आग पर काबू पाने और नुकसान के आकलन का कार्य जारी है।

**कई अधिकारी मौके पर पहुंचेः** मौके पर सीनियर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी पटना रितेश कुमार पांडे, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मोंटी कुमारी, प्रशिक्षु जिला अग्निशमन पदाधिकारी अतुल कुमार सहित कई अग्निशमन कर्मी मौजूद रहे और राहत कार्य में जुटे रहे।

## पूरे बिहार में आंधी-बारिश का अलर्ट, 5 डिग्री गिरेगा पारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने बिहार के 36 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। 14 जिलों के लिए ऑरेंज, जबकि 24 के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पटना समेत दक्षिण बिहार के कुछ इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं। विभाग की माने को बिहार में 30 अप्रैल तक आंधी-बारिश की स्थिति बन सकती है। इस दौरान 50KM प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। अगले 2-3 दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। 1 मई से बिहार में फिर से तापमान बढ़ने की संभावना है। कई जिलों में लू चल सकती है। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान कैमूर में 41.4 और डेहरी में 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री रहा। बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बारिश की वजह से तापमान की तपिश में थोड़ी कमी आई है। तेज धूप के बीच हल्की ठंडी हवा चलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। अब तक बिहार के अलग-अलग जिलों में आंधी-बारिश और ठनका गिरने से 5 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, दो दिन पहले भीषण गर्मी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई थी। पटना में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री रहा। जबकि दो दिन पहले तक यह 40 से ऊपर दर्ज किया जा रहा था। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2-3 दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।